e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 270
मंगलवार
03.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

रिश्तों का गलत इस्तेमाल कभी मत करना, अच्छे लोग जिंदगी में बार बार नही आते !

## क्विक न्यूज

### जमीन विवाद में 6 को गोलियों से भूना, तलवार से काटा

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में सोमवार की सुबह खूनी संघर्ष में छह लोगों की हत्या हो गई। रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के शामिल हैं। पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत फतेहपुर के रहने वाले सत्य प्रकाश दुबे के भाई साधु दुबे ने कुछ दिन पहले अपने हिस्से की करीब 10 बीघा भूमि गांव के दूसरे टोले के रहने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव को बेच दी थी। भूमि बेचने के बाद वह प्रेमचंद यादव के घर रहते थे। तीन माह पहले साधु दुबे गुजरात चले गए। भूमि को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार की सुबह प्रेमचंद यादव बाइक पर सवार होकर दूसरे टोले पर विवादित भूमि को देखने गए थे। खेत के पास विवाद होने लगा। उसके बाद प्रेमचंद यादव सत्य प्रकाश दुबे के दरवाजे पर पहुंच गए। सत्य प्रकाश दुबे के दरवाजे पर विवाद बढ़ गया। उस दौरान सत्य प्रकाश दुबे व अन्य ने मिलकर प्रेमचंद यादव को ईंट से मारकर हत्या कर दी।घटना की जानकारी प्रेमचंद यादव के घर वालों को हुई। दूसरे टोले से ललकारते हुए प्रेमचंद यादव के घर के लोग सत्य प्रकाश दुबे के दरवाजे पर पहुंचे। सभी लोग घर में दरवाजा बंद कर छुप गए थे लेकिन आक्रोशित लोग दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुस गए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

### देश भर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती मनाई गई

# याद किए गए बापू और शास्त्री

*** राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सीएम हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली-रांची :** देशभर में गांधी जयंती मनाई गई. 2 अक्टूबर को हर साल महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाती है.राष्टपति द्रौपदू मुर्मू, उपराष्टपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई दिग्गज राजघाट पहुंचकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान पीएम के साथ केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे. लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी राजघाट पहुंचकर बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित किए. महात्मा गांधी की 154वीं जयंती मनाई गई. पीएम मोदी ने कहा कि गांधी जयंती के खास मौके पर वह महात्मा गांधी को नमन करते हैं. महात्मा गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो पूरी मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है. पीएम ने कहा कि हम हमेशा उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करते रहें. गांधी जी के विचार हर युवा को उस बदलाव का वाहक बनने में सक्षम बनाएं जिसका उन्होंने सपना देखा था, जिससे सर्वत्र एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिले. राष्टपिता महात्मा गांधी के साथ ही आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है. पीएम मोदी ने विजय घाट पहुंचकर शस्त्री जी को भी श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उनके साथ दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना और आम आदमी पार्टी नेता आतिशी भी मौजूद थीं. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी विजय घाट पहुंचकर देश के पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी।कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने राष्टपिता महात्मा गांधी को नमन किया। उन्होंने कहा सत्य,अहिंसा और सौहार्द का रास्ता, भारत को जोड़ने का रास्ता महात्मा गांधी ने ही दिखाया था. बापू को उनकी जयंती पर शत शत नमन. उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जो भारत जोड़ो यात्रा का है। इधर गांधी जयंती के अवसर पर बापू वाटिका मोरहाबादी स्थित राष्टपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### ग्वालियर में पीएम मोदी ने कहा, दुनिया की टॉप तीन इकॉनामी में एक नाम हिंदुस्तान का होगा

प्रधानमंत्री मोदी ग्वालियर-चंबल में चुनावी अभियान की शुरुआत करने के लिए ग्वालियर दौरे पर आए।प्रधानमंत्री मोदी ने ग्वालियर यात्रा के दौरान 11,895 करोड़ रुपये की लागत वाले दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। दो महीने में यह पीएम का चौथा और पिछले सात महीनों में मध्यप्रदेश का आठवां दौरा है।यहां उन्होंने कहा कि अगले कार्यकाल में दुनिया की टॉप तीन इकॉनामी में एक नाम हिंदुस्तान का होगा. इसे भी सत्ता भूखे कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है. विकास विरोधी लोगों को देश ने 6 दशक दिये थे. 60 साल कोई कम समय नहीं होता.



**राजस्थान में 7 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को किया समर्पित:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में लगभग 7 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और उनकी आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने मेहसाणा-भटिंडा-गुरदासपुर गैस पाइपलाइन का लोकार्पण किया, जिसे लगभग 4500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया उनमें चित्तौड़गढ़-नीमच रेलवे लाइन और कोटा-चित्तौड़गढ़ विद्युतीकृत रेलवे लाइन के दोहरीकरण से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत नाथद्वारा में विकसित पर्यटन सुविधाओं का लोकार्पण किया।

## सीएम हेमंत ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का निरीक्षण किया। आगामी एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्टेडियम की व्यवस्था से जुी कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

यह स्टेडियम राज्य का इंटरनेशनल एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम है, इस स्टेडियम की व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय होनी चाहिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में बिछाई गई आधुनिक ब्लू टर्फ का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने कहा कि स्टेडियम में अभी रिनोवेशन का कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का अवलोकन करते हुए दर्शक दीर्घा में लगी कुर्सियों की साफ-सफाई तथा पेंटिंग, स्टेडियम परिसर का रंगरोंगन, स्टेडियम में चिन्हित जगहों पर स्पोर्ट्स पर्सन का फोटो लगाने, स्कोर डिस्प्ले स्क्रीन को बड़ा करने सहित कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से संबंधित दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।






**संक्षिप्त खबरें**

## मोटरसाइकिल व टेंपू की भीषण टक्कर में वाहन हुए क्षतिग्रस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना मोड़ के आरसीआईटी गेट के समीप मोटरसाइकिल व टैंपू की आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। जिसमे टेम्पु व बाइक पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो गई। वहीं बाइक व टेमू में बैठे युवकों को मामूली चोट आई है। जिनकी पहचान सुनील कुमार व अनिल कुमार के रूप में हुई है। जो भलूआनी कला के रहने वाले बताए जा रहे है। जिन्हे सीएचसी विश्रामपुर लाकर इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, टेम्पु चालक प्रदीप राम अपने घर नावाडीह से टेम्पु लेकर विश्रामपुर की तरफ आ रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की सामने से आ रही टेंपू से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमे बाइक व टेंपू पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे स्थानीय पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेते हुए चालको से आगे की पूछ ताछ की कारवाई शुरू कर दी है।

# जयंती पर याद किए गए गांधी और शास्त्री, लोगों ने किया नमन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद और आंचलिक क्षेत्र में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कई जगहों पर समारोह पूर्वक मनाई गई। लोगों ने दोनो महापुरुषों को जन्म जयंती पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्कूल के निदेशक एन के तिवारी और प्राचार्य आर के सिंह ने दोनो महापुरुषों के जीवन,संघर्ष व देश के लिए उनका त्याग-समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर विद्यालय की शिक्षिका निधि राय, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, संध्या कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नैतिक कुमार, हिमांशु कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। रेड रोज पब्लिक स्कूल में भी जयंती पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। दोनो महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हे नमन किया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने दोनो महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर विकाश कुमार ग कुमारी, पम्मी कुमारी, मेघा कुमारी, संध्या कुमारी, पल्लवी कुमारी, अनिकेत कुमार सहित पूरा स्कूल परिवार मौजूद था।

# असंभव था बापू के बिना आजादी : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने गांधी उद्यान एवं टाउन हॉल में जाकर गांधी जी की प्रतिमा पर मल्याअर्पण करते हुए कहा कि बापू हमारे देश के आदर्श थे। आज की पीढ़ी को भी बापू को अपना आदर्श बनना चाहिए। हमारे देश की आजादी बापू के बिना असंभव था। उन्होंने कहा की आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपना मुख्य हथियार बनाया। इसी के बल पर उन्होंने देश को गुलामी से मुक्ति दिलाई। अरुणा शंकर ने कहा कि आज सभी को महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। प्रथम महापौर के साथ गांधी उद्यान योगा ग्रुप एवं टाउन हॉल परिसर में वैश्य युवा मंच के काफी संख्या में सम्मिलित हुए।

## कोयल नदी में एक बार फिर आया उफान, निचले इलाकों में बना बाढ़ का खतरा



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर कोयल नदी स्थित लगातार बारिश की वजह से नदी-नालों में बहाव तेज हो गया है नदी एक बार फिर उफान पर है। बारिश के वजह से शाहपुर के निचले इलाकों में बना बाढ़ का खतरा। शनिवार दिन और रात में हुई जोरदार बारिश से नदी पूरी तरह लबालब भर गई है।रविवार सुबह नदी का पानी करीब 15 फीट ऊपर उठकर पुल को छूता नजर आया। वहीं, नदी में बाढ़ की संभावना दिख रहा है, जो खतरनाक हो सकता है। बताते चलें कि 1 अक्टूबर को रात में भी लगातार हुई बारिश से कोयल नदी काफी उफान पर थी। इधर तीन दिनों तक पलामू के लगभग सभी हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले तीन दिनों तक पलामू के उत्तर में मानसून केंद्रित रहेगा।

## पिपरीखुर्द में बिजली तार की चपेट में आने से एक गाय की मौत

**बिशुनपुरा (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के पिपरी कला पंचायत के ग्राम पिपरीखुर्द में बिजली की तार के चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गयी। घटना आज सोमवार की सुबह 11 बजे की है। उक्त गाय पिपरीखुर्द निवासी राजकुमार मेहता की थी। वहीं राजकुमार मेहता ने बताया की सुबह में घर के पास ही गाय को चरने के लिए छोड़े थे। इसी बीच अचानक देखा की गाय एलटी (440 वोल्ट) तार में फंसकर मृत अवस्था मे पड़ा हुआ है। वहीं उन्होंने बताया की उक्त एलटी का तार लगभग एक वर्षो से जमीन पर पड़ा हुआ है। उस तार में बिजली नही रहती थी। वही ग्रामीणों की सूचना पर लाइनमैन नवनीत कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर बिजली के खंभे से झूलता हुआ तार को अलग कर दिया। वही इस घटना के बारे में पूछे जाने पर लाइनमैन नवनीत कुमार ने बताया की इस तार में पहले से बिजली की सप्लाई नहीं दिया गया है। दूसरे सप्लाई लाइन से संपर्क कर इसमें बिजली प्रवाहित हो गया है। जहां वर्षा होने के कारण आर्थिन मिलने से गाय की मौत हुई है।

# इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जन्म जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड के लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के प्रांगण में इंडिया महागठबंधन की ओर से सामूहिक तौर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र पाल एवं संचालन छोटन कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर फूल माल चढ़कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस बीच सभी वक्ताओं ने महात्मा गांधी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा की पुजारी थे वह हमेशा सत्य की राह पर चलते रहे एवं उनका भारत देश को आजादी दिलाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस मौके पर झामुमो केतार प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष जगनारायण यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, मानव अधिकार के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, कांग्रेस के जिला सचिव सुशील चौबे, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, शिव कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, जसीमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, उदय प्रसाद, तजमुल अंसारी, परशुराम गुप्ता, पंकज यादव, अशोक ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, रमेश राम, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया.इस अवसर पर पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे वही देश के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलकर ही समाज, राज्य व राष्ट्र का विकास हो सकता है. सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम जायसवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये उनके बताये मार्ग पर चलने की अपील किया। जयंती समारोह में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, शिवधारी राम, मण्डल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, मथुरा पासवान, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सलीम अंसारी, सोबराती खां, इस्माइल अंसारी, मुन्ना प्रसाद, अरुण कुमार, बसंत प्रसाद, सुनील प्रसाद, सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवालय नरही में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह के बाद सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर,रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुर्वेदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया.इस अवसर पर मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने दोनों महापुरुषों के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हम सबो को इनके जीवन से सीख लेते हुये इनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे। आज जरूरत है हम सब मिलकर समाज, देश मे आपसी प्रेम व भाईचारा को बढ़ावा दें, तभी हम आगे बढ़ेंगे, समाज व देश आगे बढ़ेगा। मौके परदिनेश सेठ, रमेश कुमार, मुस्लिम अंसारी, राम पवन पासवान, अनिल पासवान,सुनीता देवी, अंतर देवी, लालती देवी, शकुंतला देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राजद कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू) :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती पर सोमवार को न्यू बस स्टैंड के नजदीक पार्टी कार्यालय में राजद नेता व कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चल कर ही स्वच्छ व मजबूत लोकतंत्र की कल्पना की जा सकती है। इस दौरान सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया व उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, लखन यादव, अशोक जायसवाल, ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, रंजीत पासवान, शिक्षक सूरज यादव, दीपक यादव, जितेंद्र दास, बिरेन्द्र भुइयां, संतोष मालाकार, उदय ठाकुर, सतेंद्र यादव, सोनू गुप्ता, जाकिर अंसारी, सुमन पासवान, अवधेश यादव, सरोज यादव सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# फर्जी भेंडर लाभूकों को नहीं देते हैं निर्माण सामग्री, पचास प्रतिशत से ज्यादा राशि की कटौती कर किया जाता है राशि भुगतान

**➲मनरेगा योजना मे मनोज कुमार का गाय शेड के भुगतान करने मे भेंडर एवं मुखिया का बातचीत का आडियो हुआ वायरल**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी/गढ़वा :** जिले के खरौंधी प्रखंड में मनरेगा योजनाओं की सामग्री मद की भुगतान में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है. रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया व वेंडर की मिली भगत से ऐसी गड़बड़ी जा रहा है। मनरेगा लाभुकों को सामग्री के सप्लाई के लिए वेंडर की व्यवस्था है। लेकिन प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में लाभुकों को सामग्री सप्लाई के लिए 90 प्रतिशत मनरेगा वेंडरों का दुकान है ही नही.मनरेगा लाभूकों को निर्माण सामग्री भी नही दिया जाता है। फर्जी रूप से वेंडर का फर्जी बिल- वाउचर के आधार पर करोड़ो रूपए का भुगतान कर दिया जाता है. यह ऐसे वेंडर हैं, जिनका खरौंधी में दुकान के लिए जीएसटी पंजीकरण तक नहीं हैं. पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिवों की मिलिभगत से अपने चहेते वेंडरों को इतनी खामियां होने के बाद भी सामग्री मद का वितीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 मे मनरेगा मद से 2.25 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। लाभुक साहुकारों से कर्ज लेकर अथवा जमीन-गहने गिरवी रखकर मिले पैसे से निजि दुकानों से किसी तरह निर्माण सामग्री खरीदकर मनरेगा योजनाओं मे कूप, मिट्टी मोरम पथ, गाय शेड बकरी शेड आदि का निर्माण कार्य को पुरा करते हैं। बिना सामग्री सप्लाई के इन वेंडरो को सामग्री मद की राशि का भुगतान होना बड़ी गड़बड़ी को दर्शाता है। अनियमितता पूर्वक लाभुकों के सामग्री मद के पैसे पर कुंडली मार कर बैठे इन फर्जी वेंडरों के पास लाभुक चक्कर लगा रहे हैं। जिससे वे उक्त पैसे से निजि दुकान से खरीद की गई सामग्री का भुगतान कर सके।लेकिन यहां जबरदस्त कमीशन का खेल चल रहा है. भुगतान राशि मे लगभग 60त्न की कटौती के साथ-साथ जीएसटी और रॉयल्टी के नाम पर भी बड़ी राशि की कटौति की जा रही है। मनरेगा योजना में दलालों व प्रशासनिक अमले की मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है. जो मनरेगा योजना में शामिल रोजगार की अवधारणा को तार तार कर रहा है। **क्या है वायरल ऑडियो में :** मनरेगा योजना भुगतान की राशि में मुखिया के द्वारा बंदरबांट करने की साज़िश का आडिओ क्लीप के साथ लेकर प्रखंड के चौरिया गांव निवासी गाय शेड लाभूक मनोज कुमार ने उपायुक्त को आवेदन दिया है. आवेदन में उल्लेखनीय है की खरौंधी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुपा में पिछले 02 सितम्बर 2023 को मनरेगा अंतर्गत सामाग्री मद की राशि 3600000/- छतीस लाख रुपये का भुगतान किया गया है. जिसमें मेरा योजना मनोज राम के खेत में गाय शेड निर्माण का राशि भुगतान किया गया है. उक्त राशि अभी तक सामाग्री आपूर्तिकर्ता मेसर्स मां मुण्डेश्वरी इण्टरप्राइजेज खरौंधी के पास सुरक्षित है. ग्राम पंचायत मुखिया प्रमोद राम के द्वारा उक्त राशी का दुरुपयोग अथवा बंदरबांट करने की साज़िश का आंडिओ क्लीप साथ मे है।

## बारिश से गिरा खपरैल मकान



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में रविवार की रात हुई बारिश से कटैया गांव निवासी विकास शर्मा तथा उमाकांत मिश्रा का खपरैल मकान गिर गया। इससे विकास शर्मा के घर में बंधी गाय और बछड़े घायल हो गये। वहीं बारिश से लंगुराही गांव निवासी जगनारायण यादव का भी कच्चा खपरैल मकान गिर गया। पीड़ितों ने अंचल प्रशासन से मदद की मांग की है।

# केतार के सभी पंचायत सचिवालय में आयुष्मान भवः मेला व ग्राम सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी सातो पंचायत सचिवालयों में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्म जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रखंड कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी एवं ग्रामीणों ने महापुरुषों के तस्वीर पर शारदा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी,और उनके पद चिन्हों पर चलने की सपथ लिया।इस अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन कर मनरेगा,पंद्रहवें वित्त मद से योजनाओं को प्रस्तावित किया गया। इस अवसर पर बलीगढ़ पंचायत सचिवालय में आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत आयुष्मान सभा का आयोजन किया गया जिसका का शुभारंभ मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता एवं ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, सी एच ओ राधा रितु, एएनएम पविता कुमारी संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात महात्मा गांधी के तस्वीर पर फूल माला चढ़कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस बीच सभा को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाना हम सभी के लिए अनिवार्य है इस आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक साल फ्री इलाज किया जाएगा। वही मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा की आयुष्मान भवः योजना के तहत सभी राशनकार्ड धारी का आयुष्मान कार्ड बन रहा है इसका लाभ सभी को उठाने की जरूरत है अभी तक बहुत लोगों को यह कार्ड बन चुका है। कुछ लोग बाकी हैं वही एएनएम पबीता कुमारी ने कहा कि सभी लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के साथ-साथ बाल विवाह पर भी रोक लगाने की जरूरत है जो लोग बाल विवाह करते हैं उन पर कानूनी कार्रवाई करने की भी प्रावधान किया गया है। आयुष्मान भवः कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य सहिया एवं सचिव ममता देवी संगीता देवी उषा देवी संगीता देवी ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के सभी सदस्य जल समूह सखी मंडल से रिना देवी प्रभा देवी गीता पंकज यादव संजय बैठा नरेन्द्र कुमार अशोक सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनी से हम सब को प्रेरणा लेने की जरूरत : कुमार आदर्श



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा(पलामू) :** पलामू जिले के कजरी पंचायत अंतर्गत आज दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को संत मरियम स्कूल में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री कुमार आदर्श, श्री उत्कर्ष देव, श्रीमती पूजा देव, शिक्षक श्री रौशन राज, श्री मनीष कुमार, शिक्षिका श्रीमती तबस्सुम खान, श्रीमती प्रीति ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के सामने दीप प्रज्वलित कर तस्वीर पर माल्यार्पण किया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रा जूही कुमारी व सृष्टि कुमारी के सुमधुर स्वर में रघुपति राघव राजा राम की धुन से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम में शिक्षक श्री मनीष कुमार, छात्र आशु और अंकुश तथा छात्रा गीतांजलि और कोमल के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य कुमार आदर्श ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी हमेशा कहा करते थे कि विश्व के सभी धर्म, भले ही और चीजों में अंतर रखते हों, लेकिन सभी इस बात पर एकमत हैं कि दुनिया में कुछ नहीं बस सत्य जीवित रहता है।मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन इसलिए हमें सदैव सत्यता पर अडीग रहने की आवश्यकता है।आज इस अवसर पर पूरे देश में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक अभियान नहीं बल्कि जीवन शैली होनी चाहिए।श्री कुमार आदर्श ने लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी का मानना था कि लोगों को सच्चा लोकतंत्र या स्वराज कभी भी असत्य और हिंसा से प्राप्त नहीं हो सकता है, कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियादी संरचना मजबूत बनें।आज के परिवेश में हम सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## लगातार हुई मूसलाधार बारिश से मिट्टी का खपरैल घर हुआ ध्वस्त



**केतठर (गढ़वठ) (पळभठत मंत्र्ठ पंवठददठतठ):** पळखंड श्र्ठात्र्ठ अंतगलत गळ्ठम नठवठडफ्र म। कबज़्तरफ द।वफ पडत नठन्व्ऱ रठम कठ खपरःल डमट्टफ कठ घ्ठर रडववठर कफ रठत पठनफ डरपठव अडधक व्न। के कठरण्ठ ध्वस्त ठे गइल। डजप। रेजमरठल कठ पठमठन एवं कपड़्ठ बबठलद ठे गयठ। पळठस जठनकठरफ के अनढपठर पभफ पडरवठर घ्ठर म। पे रव। थ। तभफ अठधफ रठत म। वजठल कफ पठनफ घ्ठर म। पळव।छठ कर गइल डजपप। पज़्रठ डमट्टफ कठ डदवठलठ डरपठव कर देस्त ठे गइल। डजपप। लेग बठल-बठल बच गए अठनन फठनन म। पभफ पडरजनें कफ मदद प। पठनफ के डनकठलठ गयठ। स्थठनफ्य लेगें न। बतठयठ डक नठन्व्ऱ रठम कठफफ डनधलन एवं गरफ्ब दडलत पडरवठर प। व्ः जे एक व्फ घ्ठर म। पठंच पडरवठर रव्कर डजंदगफ बपर करत। व्ः। नठन्व्ऱ रठम के पडरजनें

## संक्षिप्त खबरें

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने महात्मा गांधी और लालबहादुर की जयंती मनाई

**रांची ।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवम लालबहादुर शास्त्री की जयंती पत्रकार यूनियन के कार्यालय अल्बर्ट एक्का चौक में मनाई गई एवम दोनो को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर यूनियन के महासचिव सुनील कुमार सिंह ने कहा की गांधी के दर्शन और लालबहादुर शास्त्री की सादगी और उच्च विचार प्रेरणा देती है। गांधी जयंती के अवसर पर हम केंद्र सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून प्रभावी रूप से लागू करने और देश में मीडिया आयोग स्थापित करने की मांग करते हैं। इस अवसर पर अजय सिंह,रिजवान अंसारी, अंशिका, चंदन उर्फ पिंकू,संजीत झा, मिथलेश सिंह, मोनिका आर्य, इम्तियाज ,नीरज कुमार,राजेश वर्मा, विनय ओझा सहित कई पधाधिकारी मौजूद थे।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में गांधी जयंती कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ड्ड क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में गांधी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गोविंद पाठक -समाजसेवी उपस्थित रहे । इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ड्ड क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के क्षेत्र प्रमुख मुकेश कुमार सिंह, उप क्षेत्र प्रमुख ब्रजेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य प्रबन्धक प्रियव्रत नारायण राय, उमेश कुमार और बैंक अधिकारी राजेश रंजन कुमार सिन्हा, रवीन्द्र कुमार, नीरज कुमार, रिजवान , संजीव कुमार, हर्षित कुमार, स्टेला मेरी सूँडी, विक्रांत कुमार और अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई।

आजादी के 75 साल बाद शांति और न्याय की जरूरत क्यों हुई, विषयक कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

# अमन, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम घर-घर पहुचाएं : मौलाना मदनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** देश की आजादी के 75 साल गुजर गए, लेकिन इस दौरान ऐसा क्या हुआ कब एहसास हुआ कि शांति और न्याय की आज जरूरत है। अम्न व इंसाफ कांफ्रेंस के माध्यम से आम जनों तक ही पहुंचा जा सके। इसलिए बहुत बड़े पैमाने पर उलेमा, मौलाना, पत्रकार, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी, स्कॉलर, समाजसेवी जैसे शख्सियत शांति और न्याय के लिए जमा हुए और लोगों से एकजुट होने की अपील की है। ऐसा नजारा रांची के हज हाउस कडरू में देखने को मिला जहां एक हजार से अधिक लोगों की भीड़ एक छत के नीचे जमा थे। इन सभी को संबोधित करते हुए जमीयत उल्मा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा है कि मुसलमानों को बदलते हालात में मायूस होने की जरूरत नहीं है। वो किसी भी बात पर रिएक्ट ना करें, बल्कि सकारात्मक रिस्पांस दें। यह देश अल्पसंख्यकों की बहु संख्यक आबादी वाला है। जिसमें दलित, आदिवासी और धार्मिक अल्पसंख्यकों की बड़ी आबादी रहती है। उन्होंने मुसलमानों से आह्वान किया कि वे समाज के वंचित तबके के हक़ और इंसाफ के लिए आगे आएं। उनके दुख सुख में काम आएं। आयोजन इमारत शरीया (बिहार, झारखंड व उड़ीसा) की अगुवाई में जमीयत अहले हदीस, जमात-ए-इस्लामी, जमीयत उल्मा-ए-हिंद, जमात अहले सुन्नत और ऑल इंडिया मिली काउंसिल ने संयुक्त रूप से किया था। जिसमें सूबे के 24 ज़िले से आए लोगों को संबोधित करते हुए मौलाना मदनी ने कहा कि अमन, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम घर घर पहुंचाएं। शपथ लें हम किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। कहा कि झारखंड में बड़ी आबादी आदिवासियों की है। उन्हें अपने साथ जोड़ें। उनकी समस्या को देखें। दूसरे के हक के लिए लड़ें। उन्होंने मीडिया की भूमिका की आलोचना भी की।



## गांधी के नैतिक मूल्यों को अपनाने की जरूरत :ज्यां द्रेज

अर्थशास्त्री व एक्टिविस्ट ज्यां द्रेज ने महात्मा गांधी से सीख लेने की जरूरत पर बल दिया। कहा कि बिना नैतिक मूल्यों के बेहतर समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। स्कूली कोर्स में नैतिकता की पढ़ाई जरूरी है। संविधान पर संकट है। संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर ने कहा था कि संविधान यदि बुरे लोगों के हाथ में पड़ गया तो परिणाम भी वैसा ही सामने आएगा।

## सभ्यता संस्कृति के आत्महत्या का समय- सआदत हुसैनी

मौके पर जमात इस्लामी के प्रमुख (अमीर) सैयद सआदत उल्लाह हुसैनी ने समाजशास्त्री टॉयनबी के हवाले से कहा कि अभी देश सभ्यता संस्कृति के आत्महत्या के काल में है। हर ओर से नाइंसाफी और भेदभाव की घटनाएं सामने आती हैं। इससे बचाव करने और उबरने की जरूरत है। डर के आगे जीत है। किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और आदिवासी सभी को मिलजुलकर इसी मुल्क में प्यार और भाईचारे के साथ रहना है।

## गेंद की तरह उछाला जा रहा लोकतंत्र : मौलाना रहमानी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना सैयद फैसल रहमानी ने कहा कि एकता में ही बल है। उन्होंने देश के सभी वर्गों से एकजुट होकर संविधान की रक्षा करने की अपील की। कहा कि देश में अभी प्रेम, सद्भाव की जरूरत है। क्योंकि हर नागरिक के मन में डर पैदा कर दिया गया है। 120 करोड़ को समझा दिया गया है कि वे खतरे में हैं। हर कोई असुरक्षित समझ रहा है।इसलिए शांति और अमन के लिए ऐसी कॉन्फ्रेंस जरूरी है।

## इन्होंने भी किया संबोधित

सभा को रांची शहर क़ाज़ी मौलाना तौफीक अहमद क़ादरी, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, रतन तिर्की, फादर एलेक्स, चैंबर अध्यक्ष किशोर कुमार मंत्री, प्रेमचंद मुर्मू, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना अनिसुर्रहमान क़ासमी, जमात इस्लामी के मुज्तबा फारूक और मौलाना शिबली अल क़ासमी , जैनेंद्र सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कहा कि देश बंटा नहीं बांटने की कोशिश की जा रही है। शांति और न्याय संकट में है। महात्मा गांधी की नैतिकता की, अमन और भाईचारे की जरूरत है।

## कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बलराम ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। मौके पर इमारत शरीया रांची के मुफ्ती क़ाज़ी मोहम्मद अनवर क़ासमी, मौलाना सोहराब नदवी, मौलाना नुमान हक इंजिनियर सलीम नायब अमीर जमाअत इस्लामी हिन्द, मौलाना शमशाद अहमद कासमी नायब अमीर शरीयत इमाज शरीया, झारखंड ,सैयद सादातुल्लाह हुसेनी जमात इस्लामी हिन्द, ओलमा फैसाल वली रहमानी शरीयत बिहार, झारखंड उड़ीसा, मौलाना मोहम्मद असद मदनी सदर जमीअतुल उलेमा ए हिन्द, मौलाना असगर अली इकमाम मेहंदी सल्फी अमीर जमीअत अहले हदीस, प्रशान्त - वरिष्ठ पत्रकार दिल्ली, प्रोफेसर हरमीन्द्रनीर सिंह ,जय सिंह यादव, अशोक वर्मा (सामाजिक कार्यकर्ता, मोहम्मद मलिक मोहतसिक खान नायब जमात इस्लामी हिन्द, मुजतबा फारूक जमाअत इसलामी हिन्द,शमसाद रहमानी मुफ्ती मो. अनवर कासमी, मौलाना यगे शिवली कासमी,मौलाना तौफिक अहमद कादरी शहर काजी रांची, मुफती मो. अंजार कासमी, ज्योति सिंह मथारु अल्पसंख्यक - आयोग झारखंड, बलराम ,रत्न तिर्की, ज्यांद्रेज अर्थशास्त्री, कामर्स आफ चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, कुणाल आजमानी, सुधीर पिल, खुर्शीद हसन रुमी, साजिद अंसारी के अलावा तनवीर अहमद, रूमी हसन रूमी, अफजल अनीस समेत शहर के कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को कांग्रेस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर अंग्रेजों से भारत को आजादी दिलायी। शरीर पर मात्र एक धोती लपेटे और लाठी के बल अंग्रेजों से मुकाबला किया। उन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया।

जय जवान जय किसान का नारा देकर किसानों एवं जवानों का मनोबल बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के आदर्श को आज के वर्तमान समय में चिंतन एवं मंथन करने की आवश्यकता है।

# सेंट एंथोनी स्कूल डोरंडा में फ्री डेंटल चेकअप कैम्प का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को सेंट एंथोनी स्कूल डोरंडा राँची में फ्री डेंटल चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में परफ़ेक्ट स्माइल डेंटल क्लिनिक एंड इंप्लांट सेंटर विक्रांत चौक के संचालक डॉ सलीम अख़्तर ओरल एंड डेंटल सर्जन द्वारा क़रीब 250 बच्चों के दांत का जाँच और मुफ़्त दवाई दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी टीचर उपस्थित थे। मेडिकल कैंप में उपस्थित डेंटल सर्जन ने बच्चों का दांत चेक करते हुए कई टिप्स भी



दिए। कहा कि दांतों की सफाई सुबह शाम करनी चाहिए। ऐसा नहीं करने से दांत सड़ना शुरू हो जाता है। जिससे काफी परेशानी होती है। डेंटल सर्जन ने बच्चों को प्रतिदिन दांतों की सफाई करने की सलाह दी।

# अमरावती कॉलोनी में हुई हेल्थ सेंटर की स्थापना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में रेलवे स्टेशन के समीप अमरावती कॉलोनी शिव मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में रांची नगर निगम द्वारा अर्बन हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर की स्थापना की गई। इस मौके पर समाजसेवी व कांग्रेस नेता श्री शशि भूषण राय एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जन मौजूद थे। श्री राय ने रांची नगर निगम ,स्वास्थ्य विभाग एवं झारखंड सरकार की प्रशंसा की और कहा यहाँ की जनता काफी दिनों से हेल्थ सेंटर की माँग कर रही थी जो आज हम सब के सामूहिक प्रयासों से पूरा हो सका है। इस अर्बन हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का फायदा जनता को मिलेगा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी बढ़ेगी। श्री राय ने जोड़ा किसी भी देश में उसके नागरिकों के स्वास्थ्य प्राथम प्राथमिकता है एवं हम सब मिलकर जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध है। श्री राय ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री जी, महागठबंधन दल के सभी साथियों, स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ,रांची नगर निगम के डॉक्टर आनंद कुमार झा , श्री नंदलाल, डॉ आदित्य नारायण सिंह , श्री विकास कुमार, श्री राजेंद्र कुमार महतो के विशेष योगदान को भी सराहाया गया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त करते जल्द सेंटर खोलने पर हुए खुशी जाहिर की। मौके पर सिंह जी, संजय कुमार राय , प्रशांत गौरव, पवन, विकास, विवेक, मुन्ना, महेश, ज्योति कुमारी, पल्लवी कुमारी एवं अन्य स्थानीय निवासी मौजूद रहे थे।

# रिम्स को जल्द ही मिलेंगे 75 नए डॉक्टर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में जल्द ही 75 नए डॉक्टर मिलने की खबर है। जिससे हॉस्पिटल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी। वहीं इनडोर में मरीजों की प्रॉपर देखरेख हो सकेगी। हॉस्पिटल प्रबंधन ने डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया है। जिसमें अलग-लग विभागों में 75 डॉक्टरों की बहाली की जानी है। ये इंटरव्यू 11,12 और 13 अक्टूबर को होगा। जिसमें सभी को अपने डॉक्यूमेंट्स के साथ आने को कहा गया है। 75 सीनियर रेजीडेंट्स डॉक्टरों की बहाली तीन साल के लिए कांट्रैक्चुअल बेसिस पर होगी। इसके लिए



एमबीबीएस डिग्री के साथ संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएट भी होना जरूरी होगा। जेनरल कैंडिडेट्स के लिए उम्र 40 साल, एससी-एसटी के लिए 45 साल और बीसी-1 और 2 के लिए 42 साल निर्धारित किया गया है। वहीं फिजिकली हैंडिकैप्ड के लिए जेनरल कैटेगरी 50 साल, एससी- एसटी के लिए 55 साल, जबकि बीसी-1 और 2 के लिए 52 साल तय किया गया है। वहीं गवर्नमेंट इंप्लाई के लिए भी जेनरल कैटेगरी 50 साल, एससी-एसटी के लिए 55 और बीसी-1,2 के लिए 52 साल ही रखा गया है। महिलाओं को गवर्नमेंट कैटेगरी के अनुसार तीन साल की छूट दी जाएगी। डॉक्टरों को पेमेंट 67,700 के साथ उन्हें नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस भी दिया जाएगा। मुख्य रूप से विभाग पोस्ट,मेडिसीन- 6, साइकियाट्री -2, पेडियाट्रिक्स -1,स्किन -2, सर्जरी -1 आदि है।

# फ्लाई ऐश ईंट निर्माण कार्य की ली जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रूर्बन मिशन अंतर्गत सखी मंडल की महिलाएं फ्लाई ऐश की ईंटें बना रही हैं। ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने इन ईंट निर्माण की जानकारी ली है और जेएसएपीएस को निर्देश दिया है कि रूर्बन मिशन अन्तर्गत सखी मंडलों के माध्यम से परिचालन किए जा रहे फ्लाई ऐश ईंट निर्माण कार्य को पलाश हिंदी भाषा में अंकित कर ब्रांडिंग करने का काम करें, ताकि इनके उत्पाद को बाजार के साथ-




साथ सही मूल्य मिल सके। सचिव ने रूर्बन मिशन अंतर्गत सखी मंडलों के माध्यम से चल रहे फ्लाई ऐश ईंट निर्माण उद्यम के लिए फंड की व्यवस्था करने, उनके व्यवसायिक क्षमता एवं आवश्यकता का आकलन करते हुए उनके लिए आवश्यक ट्रेनिंग, वित्त प्रबंधन, स्टॉक प्रबंधन, कच्चे माल की उपलब्धता एवं कार्यशील पूंजी की उपलब्धता के लिए विस्तृत कार्य योजना राज्य के सभी जिलों के उप विकास आयुक्तों से मांगी है। उन्होंने डिटेल प्रतिवेदन के लिए पांच अक्टूबर तक समय दिया है। डीडीसी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार के स्तर पर इनके उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए निर्णय लिया जायेगा।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर खाद्य वस्तुओं का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर हटिया और धुर्वा के विभिन्न जगहों पर लगभग 100 सफाई कर्मचारियों और दैनिक श्रमिकों के बीच खाद्य वस्तुओं का वितरण किया गया। युथ कांग्रेस (आउटरीच सेल) के झारखंड प्रदेश चेयरमैन इंदरजीत सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया। मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन इंदरजीत सिंह ने भी गांधी जयंती पर अपने कार्यालय पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया।

मौके पर इंदरजीत सिंह ने कहा कि सत्य, अहिंसा और सौहार्द का रास्ता, भारत को जोड़ने का रास्ता महात्मा गांधी ने ही दिखाया था। बापू को उनकी जयंती पर शत शत नमन। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी संजू चौबे, आरुषि वंदना, राधे गोविंद, रोहित सिंह, चंदन कुमार,शिवा राव, अभिजीत बाउरी, प्रणव सिंह, आकाश रजवार मौजूद थे।

## लायंस क्लब ने रक्तदान दिवस मनाया

**रांची :** एक अक्टूबर को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने लायंस क्लब ऑफ रांची दिवास के साथ मिलकर हरिओम टावर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह परियोजना अध्यक्ष एलएन मनीषा के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई थी। , ऋचा, गुंजन, निशा और शुभाजी ने परियोजना में योगदान दिया और अपना पूरा समर्थन दिया।उद्देश्य यही है कि आप रक्तदान करें औरों को भी प्रेरित करें।

# ग्राम सभा द्वारा लिए गए शपथ के साथ अबुआ बीर दिशोम अभियान, 2023 का हुआ आगाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** महात्मा गाँधी की जयन्ती के पावन अवसर पर राज्य के 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम-स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन / पुनर्गठन करने तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु उनके दावा पर नियम के अनुसार अनुशंसा करने एवं जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने हेतु शपथ लिया। इस शपथ ग्रहण के साथ ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा वनाधिकार हेतु प्रस्तावित अबुआ बीर दिशोम अभियान, 2023 ( वन अधिकार अभियान, 2023 ) के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति, अनुमण्डलीय स्तरीय वनाधिकार समिति एवं जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन कार्य का शुभारम्भ भी हो गया।

**अब आगे क्या:** इस शपथ ग्रहण के बाद ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन / पुनर्गठन का कार्य 3 से 18 अक्टूबर के मध्य पूरा कर लिया सुनिश्चित किया जाएगा। इस बीच वनाधिकार समिति के गठन के लिए जिला के सभी गाँवों में ग्राम सभा के आयोजन हेतु ग्रामवार योजना तथा प्रत्येक ग्राम सभा की कार्रवाई उपायुक्त द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में सुनिश्चित किया जाएगा। जिला के उपायुक्त अपने-अपने जिला में अक्टूबर के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में जिलास्तरीय वन प्रमण्डल पदाधिकारी तथा राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति में की जाने वाली कार्रवाई हेतु सभी प्रकार के भू-अभिलेख, फॉरेस्ट मैप, आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पूरी कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त 19 अक्टूबर को एक विस्तृत प्रतिवेदन आदिवासी कल्याण आयुक्त को भेजेंगे ताकि सीएस को कार्य प्रगति से अवगत कराया जा सके।

**ये कार्य भी होगा :** जिलास्तर पर अनुमण्डल स्तर पर एवं प्रखण्ड एफआरसी सेल का गठन सुनिश्चित किया जाएगा।ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा प्रस्तुत दावों पर ग्राम सभा द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में एसडीएलसी को अनुशंसित दावों की एक प्रति प्रखण्डस्तरीय एफआरए सेल में संधारित किया जाएगा। अनुमण्डल स्तर की सभी कार्यवाही अनुमण्डल स्तरीय एफआरए सेल में संधारित रहना अनिवार्य होगा।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को भाकपा ने किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर उन्हें याद किया गया । उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संकल्प लिया गया । पुष्पांजलि सभा में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संकल्प लिया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के बताए हुए रास्तों पर चलकर देश में किसानों मजदूरों एवं आम आदमी को भला हो सकता है। लेकिन बापू की हत्यारी सरकार देश में सांप्रदायिक उन्माद को फैलाकर केंद्र की सत्ता में बैठे हुए। आज देश में नाथूराम गोडसे की मंदिर बनाए जा रहे हैं। बापू की हत्यारे को महिमा मंडित किया जा रहा है। देश को धर्म के नाम पर बांटने की साजिश की जा रही है ।बाबा भीमराव अंबेडकर की बनाई गई संविधान को




बदलने की कोशिश हो रही है । जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा की लाल बहुदार शास्त्री जी , सादा जीवन उच्च विचार और जय जवान जय किसान देश को जोड़ने एवम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा के देश में पूरे देश भाईचारा और सद्भाभना हो बापू सपनों को साकार करने के लिए देश के अमन पसंद लोग आगे आएं और केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में एकजुट होकर संघर्ष को तेज करें । सभा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, जिला सचिव अजय कुमार सिंह ,वरिष्ठ साथी इम्तियाज़ खान, अधिवक्ता लक्ष्मी महतो, नीरज सिंह कृष्णा कुमार वर्मा, अनिरुद्ध पाठक ,अमित कुमार, रोहन महतो ,सुरेंद्र कुमार दीक्षित, राजेश राय ,प्रमोद राय, श्यामल चक्रवर्ती ,राकेश कुमार सिंह ,मनोज ठाकुर ,रोहन मोनिका, आर्य, हसीब अंसारी ,इसहाक अंसारी,देबू ,नागों चौधरी गिरधारी मिश्रा, जगदीश पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद थे ।

# फुटपाथ संघ ने महात्मा गांधी को किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हर साल की तरह इस साल भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर डेली मार्केट थाना के नजदीक महात्मा गांधी चौक पर फुटपाथ संघ के पदाधिकारी गण जमा हुए और मौके पर चौक पर स्थापित महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया कर उन्हें नमन किया ।

इस मौके पर झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का भारत है और उनके सपने तभी सरकार होंगे जब हम उनके बताए



हुए मार्ग पर चलेंगे । राष्ट्रहित की बात में तभी कर पाएंगे जब हम गांधी के आदर्शों को मानेंगे । इस मौके झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता , अजीत नायक, अरुण गुप्ता, मोहम्मद फैयाज, मोहम्मद यूनुस ,मोहम्मद सनी, परवेज भी मौजूद थे।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महतो टोली कर्रा के अध्यक्ष बने विनोद भगत



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महतो टोली कर्रा इस वर्ष दुर्गा पूजा मनाने को लेकर रविवार की देर शाम विनोद भगत की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया.बैठक में पिछले वर्ष की लिखा जोखा एवं इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया.बैठक में कहा गया कि सभी समिति के सदस्यों अपने-अपने कार्य को बाखूबी निभाये.दुर्गा पूजा को सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया. जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष विनोद भगत, उपाध्यक्ष संदीप महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा महतो, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद, सचिव पारसनाथ महतो, मंत्री रामसेवक महतो, संरक्षक नागेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, बालकिशुन महतो, प्रकाश गुप्ता, शंकर गोप,कार्यकारिणी सदस्य शशि कुमार महतो, दिवाकर, आशीष,अमन, द्वारिका के अलावे 11 कार्यकारी सदस्य का चयन किया गया।

## प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप एक्सपोजर विजिट प्रशिक्षण में भाग लेकर लौटी



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप पुने में पंचायती राज विभाग के द्वारा आयोजित एक्सपोजर विजिट एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रशिक्षण लेकर मंगलवार को वापस घर लौट गयी है। प्रशिक्षण 25 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक चला। प्रशिक्षण लेकर लौटने के पश्चात प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि प्रशिक्षण बहुत बढ़ियां रहा। प्रशिक्षण में प्रमुख के पद का अधिकार और कर्तब्य का भी जानकारी दिया गया। अब नियम संवत कार्य होगा, प्रखंड में सरकारी कर्मीयों की मनमानी नहीं चलेगा। मौके पर प्रमुख के सहयोगी खालिद अंसारी, रामदयाल कुमार प्रजापति व परिजन उपस्थित थे।

## झामुमो के पूर्व प्रत्याशी सुशील पाहन ने खिलाड़ियों के बीच जर्सी का किया वितरण



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला समिति के जिला क्रीड़ा मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरही पंचायत के आनीडीह ग्राम और सिलादोन पंचायत के चुकरू ग्राम के दोनों गांव के ग्रामीणों और नवयुक खिलाड़ियों के साथ उनके ही गांव में जाकर मुलाकात कर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए उनका लाभ आमजन को मिले इस पर चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उन दोनों गांव के नवयुवक खिलाड़ियों को एक-एक सेट जर्सी और एक-एक फुटबॉल देकर उन्हें खेल के प्रति जागरूक किया गया और खेल के माध्यम से अपना भविष्य बनाने की दिशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही राज्य सरकार के एक योजना *सिध्दो-कान्हो खेल क्लब* के विषय में जानकारी दी गई और अपने गांव में एक सिध्दो-कान्हो खेल क्लब शीध्र बनाने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई।

## भारतीय जनता पार्टी ने किया ओरमांझी मंडल का विस्तार



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता ने मण्डल का विस्तार किया गया। जिसमें मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौधरी एवं मंत्री विवेक सिंह को मनोनीत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रति इनकी लगन, ऋमनिष्ठा, समर्पण को देखकर उन्हें पद दिया गया।इस अवसर पर राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, मण्डल संयोजक बालक पाहन, लक्षण साहू, कृष्ण कुमार महामंत्री अलखनाथ महतो, शशिभूषण कुमार, राजकिशोर साहू, गणेशकीशोर महतो,सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, सोसल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, अल्पसंयक अध्यक्ष आफताब आलम, आनंद मेहता सत्यम राज कुशवाहा, रामलखन महतो आदि ने शुभकनाएं एवं बधाई दिए।

## चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान मे जि. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल मे चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया है 7 जीसमे झारखंड की /18 एज ग्ररूप टीम का चयन किया गया जो कि 15 से 19 अक्टूबर 18ह्लद्ध जूनियर नैशनल, विजयवाड़ा आन्ध्र प्रदेश मे झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी7 चयनित प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार है बालक वर्ग . अद्वैत भारती ईशाक टोप्पो मनीष धान स्पर्श अस्मित सरफराज अहमद आदित्य कुजूर सावन उरांव रवि कुमार बालिका वर्ग सभीह मेहर मंजोला टोप्पो सालोमी कुमारी रिद्धिमा केरकेट्टा सृष्टि लिंडा पूजा कुमारी रागिनी कुमारी वैभवी कुमारी अतिरिक्त खीलाड़ी अरनीका कुमारी रौशन कुमार प्रिंस कुमार हरेन्द्र कुमार झारखंड की टीम 13 अक्टूबर को रांची से विजयवाड़ा आन्ध्र प्रदेश के लिए प्रस्थान करेगी।

## बरगड़ी पंचायत भवन में गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड अंतर्गत बरगड़ी पंचायत भवन में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान से जिला के नीति आयोग से आये हुए पदाधिकारी निमोन सेन ने ग्राम सभा को संबोधित करते हुए जीपीडीपी योजना के तहत विभिन्न विकास योजना को बतलाया। वहीं पंचायत के मुखिया लक्ष्मण भगत ने मनरेगा योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य के बारे में विस्तार से बतलाया, साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, पेशन योजना किन व्यक्ति को लेना है और उसका लाभ लोगों को कैसे उठाना है। इस बीच स्वक्षता एवं पेयजल विभाग के सोशल मोबलाइजर बिक्रम उरांव ने स्वक्षता एवं पेयजल विभाग से चल रहे योजना के बारे में बतलाया। मौके पर पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहित पंचायत से आये हुए ग्रामीण उपस्थित हुए।

## सिल्ली में कांग्रेस जनों ने गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती मनाई

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यलय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती कांग्रेसजनों द्वारा मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा मरीजों को फल , बिस्कुट, ब्रेड का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक सिल्ली प्रखंड कार्यकारी निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव निताई महतो, बलराम महतो, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन,सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, प्रकाश मुंडा,लालू कोइरी, सदानंद सोनार, तापस पोद्दार साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली के चिकित्सक डॉ विवेक कुमार उपस्थित थे।

# गांधी जयंती पर स्कूल स्तर पर पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता आयोजित, 30 छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान के मार्गदर्शन में गांधी जयंती के पावन अवसर पर स्कूल स्तर पर पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर धर्मशाला परिसर में आयोजित जयंती समारोह में पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता के कुल 30 विजेताओं को प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार का वितरण एसडीओ व अन्य गणमान्य लोगो के हाथो हुआ। इससे पूर्व एसडीओ समेत अन्य गणमान्य लोगो ने गांधी एवं शास्त्रीजी की तस्वीर में पुष्पांजली अर्पित किया। तत्पश्चात अध्यक्ष सह एसडीओ अनिकेत सचान ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के देश निर्माण में उनके योगदान की विस्तार से चर्चा की। साथ ही कहा की 1926 में जिस उदेश्य व परिकल्पना को इंगित कर इस धर्मशाला की स्थापना की गई थी उसे पुनः उस स्तर तक ले जाये जिसमे खूंटी के आम जनमानस के जीवन में वही प्रभाव लाये जैसा की इसकी स्थापना के समय संकल्पना की गई थी। उन्होने कहा की यह धर्मशाला शहर के जनमानस के जीवन में कोई पॉजिटिव प्रभाव छोड़ पाये यही हमारी कोशिश रहेगी। साथ ही कहा की आगे भी इस तरह के कार्यक्रम हो इसका पूरा प्रयास रहेगा। इससे पूर्व एसडीओ के पहुंचने पर प्रबंध समिति के सचिव रंजीत प्रसाद शॉल ओढ़ाकर एवं सचिव बालमुकुंद कश्यप ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। संचालन प्रबंध समिति के सदस्य राजकुमार गुप्ता,स्वागत भाषण राजेश्वर बैठा एवं धन्यवाद ज्ञापन बालमुकुंद कश्यप ने किया। मौके पर प्रबंध समिति के लव चौधरी,सुभाष मिश्रा,प्रशांत भगत,रविंद्र सिंह,राजेश्वर गुप्ता समेत जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार,ज्योतिष भगत,अरूण चौधरी,ओमप्रकाश मिश्रा,गणपत भगत,महेश चौधरी,किशोर साहू,नरेश गौंझू,श्याम किशोर भगत,ब्रजकिशोर समेत विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं,शिक्षकगण व अभिभावक उपस्थित थे।

# भव्य तरीके से मनाया जाएगा श्रीजानकीरमण मंदिर का दुर्गा पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** श्री जानकी रमण मंदिर खलारी के प्रांगण में दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक बैठक की गई. अध्यक्षता सत्येन्द्र सिंह ने किया. बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य व आकर्षक ढंग से दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया.महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कमेटी बनाई गई.बीते वर्ष दुर्गा पूजा की भव्यता को देखते हुए इस वर्ष भी रंजनसिंह बिट्टू को ही दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी का अध्यक्ष तथा अवधेश यादव को सचिव बनाया गया. गिरिधर तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है. संरक्षक राजन सिंहराजा, अशोककुमार सेनगुप्ता (बादल) व अरविन्द सिंह को बनाया गया. मनोनीत अध्यक्ष व सचिव पूर्व की कमेटी सहित आवश्यक अन्य लोगों को साथ लेकर पूरी कमेटी का गठन कर लेंगे. बैठक में उपस्थित जय माता दी ग्रुप के लोगों ने बताया कि नवमी पूजा के दिन पूर्व के वर्षो की भांति खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा.

## तमाड़ में कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

**तमाड़ :** कांग्रेसियों ने तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे के नेतृत्व में महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर नीतीश पांडे ने कहा कि भारत को आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।आज उनके जन्मदिन पर हम सबों को उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है।साथ ही कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कोयला सचिव की पत्नी बी मीणा ने किया पिपरवार का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** केन्द्रीय कोयला सचिव अमृतलाल मीणा की पत्नी श्रीमती बी मीणा और कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद की पत्नी श्रीमती विमला प्रसाद ने सोमवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।उनके साथ सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेडडी की पत्नी श्रीमती शोभा रेडडी और सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार की पत्नी श्रीमती रूपाली गुप्ता भी मौजुद थी।पिपरवार पहुंचने पर बचरा संगम विहार क्लब में पिपरवार जीएम सीबी सहाय की पत्नी श्रीमती मिनिता सहाय ने सभी का बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद उक्त सभी पिपरवार में आयोजित कई कार्यक्रम में शामिल हुई। जानकारी के अनुसार बचरा ऑफीसर्स क्लब में समारोह आयोजित कर सीएसआर योजना के तहत कई लाभुको के बीच सिलाई मशीन,ट्राई साइकिल और खेल सामग्री का वितरण किया गया।इस समारोह की शुरूआत अतिथियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया।समारोह मे उपस्थित अतिथियों ने कई महिला समूह के बीच सिलाई मशीन,विकलांग के बीच ट्राई साईकिल और खिलाड़ियों के बीच हॉकी कीट एवं फुटबॉल किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ विकास कार्यो पर भी काम कर रही है।कंपनी अपने कमांड क्षेत्र के प्रभावित एवं विस्थापित गांव के ग्रामीणों को कई योजना का लाभ दिया जा रहा है।वही कार्यक्रम के अंत में महिला मंडल पिपरवार के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।इस दौरान पूरे कार्यक्रम में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया।इस मौके पर पिपरवार जीएम सीबी सहाय, एजीएम निरजंन सेनापति, एसओपी आलोक मनीष सोय, एसओसी सुमन कुमार, मोहनलाल सिंह, अरूण कुमार महतो,कार्मिक प्रबधंक उज्जवल कुमार,रवि बाड़ा,नागेन्द्र राम,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुजंन कुमारी सिंह,बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी,बेती मुखिया प्रतिनिधि गणेश भुईयां,बहेरा मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा सहित काफी संख्या में अधिकारी व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## पिपरवार में संयुक्त मोर्चा का विशाल विरोध प्रदर्शन आज



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा की एक आवश्यक बैठक सोमवार की देर शाम युसीडब्लुयू के पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता मुंद्रिका प्रसाद और संचालन इस्लाम अंसारी ने ।किया।बैठक में आगामी 12 अक्टुबर से 14 अक्टुबर तक कोल इंडिया मे होने वाले तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही हड़ताल से पूर्व आज पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष होने वाले एक दिवसीय विशाल विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं कोयला मजदूरों से इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।बैठक मे एसके चौधरी,मुद्रिका प्रसाद, रविंद्रनाथ सिंह,इस्लाम अंसारी,विद्यापति सिंह,भीम प्रसाद मेहता,भीम सिंह यादव,बाबूलाल राम,विजेंद्र सिंह,रामू गोप,संजय सिंह, मो. अब्दुल्ला,कयूम अंसारी, कामेश्वर राम,विकास कुमार, अरुण कुमार सिंह,नन्ददेव राम सहित कई श्रमिक संगठन के लोग मौजूद थे।

## इटकी प्रखंड में हर घर जल नल योजना का किया शिलान्यास



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड अन्तर्गत मल्टी पंचायत के ग्राम बोड़ेया व कुर्गी पंचायत के ग्राम रहमत नगर में हर घर जल नल योजना का शिलान्यास विधिवत रूप से शीलापट से पर्दा हटाकर किया एव फीता काट कर किया. इस दौरान विधायक ने कार्यक्रम मे आये सभी ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गर्मी के समय पानी की बहुत बड़ी समस्या गांव - गांव अलावा शहरों में भी हो जाती है। और गर्मी मे पानी के लिए खास कर महिलाओ को मिलो दूर तक पैदल जाना पड़ता है। सभी घरों मे पानी की समस्या सुनने को मिलती है। विधायक ने इस पर कहा कि इस योजना को मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत के गांव गांव मे उतरने की कोशिश कर रही हुं। और लगभग सभी पंचायत मे इस योजना का शिलान्यास कर दिया हुं, इस योजना से आपके पूरे पंचायत के ग्रामीणों को गर्मी के समय पानी से जुझना नही पड़ेगा। इस योजना के द्वारा गांव के आस पास दस बारह जगह बोरिंग करके मशीन के माध्यम से पानी को टंकी मे एकत्र किया जायेगा और टंकी से पाईप लाइन के माध्यम से सभी के घर- घर मे पानी देने का काम किया जायेगा। इस योजना का लाभ सभी घरों को देनी की बात कही गयी है।।

## बूथ जीता चुनाव जीता, इस नीति से हमें कार्य करना है : जैलेन्द्र कुमार



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी पतराहातू मंडल के बूथ अध्यक्ष सत्यापन कार्य का तृतीय चरण की बैठक दोवाडू पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी पंकज कुमार महतो ने किया।बूथ सत्यापन बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार एवं ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने संबोधित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता इस नीति पर हमें कार्य करना है । उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष अविलंब बूथ समिति बनाकर जमा कर दें अगली बैठक में बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे।अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संकल्प के साथ अपने-अपने बूथों को मजबूत करने की अपील की?।विनय महतो धीरज ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है हम बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बल पर यहां तक पहुंचे हैं ।हर कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बुद्ध स्तर के कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी भूमिका होती है।

## पिपरवार कोयलांचल में याद किये गये महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाकों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर क्षेत्र के कई विद्यालय, सहित कार्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।न्यु उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में जयंती समारोह आयोजित कर दोनों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।इस मौके पर उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।डीएवी स्कूल बचरा में प्राचार्य राजीव

## कांग्रेस पार्टी ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही ब्लॉक चौक ओरमांझी में लाल बहादुर शास्त्री के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक के सलाहकार रमेश उरांव ने कहा कि भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे, भारत देश को आजाद दिलाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान था। और भारतीयों को देश को आजादी दिलाने के लिए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किए थे। इसी प्रकार भारत देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ईमानदारी व उच्च आदर्श के प्रतीक थे इन दोनों महान पुरुषों के बताए हुए पद चिंह पर चलकर ही भारत देश के हर नागरिक का उत्थान एवं देश की शांति व्यवस्था कायम रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से शामिल रमेश उरांव सलाहकार विधायक खिजरी, तुलसी खरवार, सफीउल्लाह अंसारी, हरिमोहन महतो, तौहीद आलम, रामटहल महतो,शिवनाथ मुंडा, राजधाम पहान, के अलावा सैकडों लोग उपस्थित थे।

## बारिश में गिरा घर बाल-बाल बचे घर के सदस्य

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड एवं आसपास के क्षेत्रों में पिच्छले तीन दिनो से रही लगातार वारिश से रविवार की देर शाम जरिया पंचायत के हुलसी गांव निवासी एतवा उरांव का कच्चा घर का एक हिस्स भरभरा कर गिर गया। गृह स्वामी एतवा ने बताय कि जिस समय घर के रसोई का एक हिस्सा गिरा घर के लोग रसोई में थे। छप्पर की चरमराने की आवज आने पर किसी तरह पत्नी विश्वासी उरांव और बच्चो को दूसरे तरफ ले जा कर जान बचाई। घर के गिरने से घरेलू उपयोग के समान भीग कर बर्बाद हो गए हैं। पंचायत के मुखिया कुंवारी खलखो ने विभाग से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की, उप प्रमुख मोद्दसिर हक, मुखिया सुशांति भगत, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, सोमरा लोहरा, मो अजीज, मो कुदूस,राकेश कुमार, बोनीफस कच्छप, सुशील भगत व रुदन देवी ने इनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन कर उन्हें याद की व श्रद्धासुमन अर्पित किया। इधर गॉधी जयंती पर खक्सी टोली गांव स्थित स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मारक स्थल पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मुर्ति व स्वतंत्रता सेनानियों की स्तंभ पर टाना भगतो ने श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

## खादी ग्रामउद्योग भंडार में गांधी जयंती मनाई गई

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा मुरी रेलवे मार्केट के खादी ग्राम उद्योग भंडार में सोमवार को गांधी जी की जयंती मनाई गई। खादी ग्रामउद्योग के संचालक इंद्रसेन सिंह ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। एवं, गांधी जी के सिद्धांतों के बारे लोगों को बताया वहां उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से गांधी जी की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर, पूर्व जिला परिषद सुशील महतो, विनोद साहू, अनिल कुमार, जोगेंद्र कोइरी, मोहम्मद चांद हुसैन, मोहम्मद हारुन रशीद, ज्योति लाल, राकेश सिंह समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मृत परिजन के आश्रितों के बीच चेक का वितरण किया गया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय मे सोमवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने आपदा प्रबंधन के तहत वज्रपात व रोड एक्सीडेंट द्वारा मृत्यु हुए परिजनों के बीच लाखो रुपये का चेक वितरण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि मृतक को वापस लाया तो नहीं जा सकता और ना ही उनकी कमी को पुरा किया जा सकता है। लेकिन सरकार द्वारा दिये जा रहे राशि की सहायता से परिवार की स्थिति को सुधारा जा सकता है। विधायक ने मृतक के परिजनों से कहा कि यह राशि आप लोगो के जीवन जीने के लिए आवश्यक व जरूरी है, आप इसका सदुपयोग करे। जिन मृतक के परिजनों को सहायता राशि दिया गया उनके नाम 1.अनमोल कुजूर - 4 लाख 2.मेने लकड़ा - 4 लाख 3.शनिचरवा उरांव - 1 लाख 4.देवेन्द्र तिर्की - 1 लाख 5.रोमला मिंज - 1लाख 6.बीना कुजूर - 1लाख 7.सावित्री कुमारी - 1लाख 8.सलीनी केरकेट्टा- 1लाख मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, अंचल अधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, विधायक प्रतिनिधि अबु माज बलराम गोप, अहमद अंसारी, फ्रांसिस्का केरकेट्टा, अबरार इमाम, अहमद अंसारी,अब्बास अंसारी, ताहिर अंसारी, सहित अन्य उपस्थित थे

## आबुआ वीर दिशुम अभियान 2023 पर शपथ ग्रहण कराया गया



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड बेड़ो के केशा पुरियो पंचायत में 2 अक्टूबर की विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो डॉ प्रवीण कुमार के शवपुरिया पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ में द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री माल्यार्पण किया गया। ग्राम सभा ग्राम प्रधान जयराम कच्छप की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया, तत्पश्चात पंचायत में चल रही सभी योजनाओं की जानकारी पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर के द्वारा दी गई! प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो द्वारा समस्त विभाग के योजनाओं की पूर्ण जानकारी दी गई पंचायत में चल रहे कार्यों की सराहना किया गया! साथ ही वनाधिकार अधिनियम के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई राज्य सरकार द्वारा आप हुआ ढिशुम अभियान 2023 के नाम से व्यक्तिगत एवं सामुदायिक प्रयोजन हेतु वन अधिकार पट्टा हेतु छूट गए लोगों का फिर से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले ग्राम स्तर पर बने वनअधिकार समितियां का पुनर्गठन किया जाएगा और उन समितियां के पास आवेदन दिया जा सकता है पुनः यह आवेदन ग्राम पंचायत से आंचल स्तर और अंचल स्तर से अनुमंडल स्तर पर जाएगा। इस संपूर्ण कार्रवाई को 15 नवंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। अतः शेष जो भी लाभुक आवेदन अब तक बना अधिकार पर तक नहीं दिए हैं वह अपने-अपने वनाधिकार समितियां के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। वन पट्टा अधिनियम के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई एवं वन क्षेत्र में सामूहिक योजनाएं खेल मैदान, कब्रिस्तान इत्यादि योजना ग्राम सभा के माध्यम से लिया जा सकता है! इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी को मां अधिकार संबंधी शपथ दिलाया गया।

## नारायण प्राइवेट आईटीआई में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**नीमडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नीमडीह प्रखंड अंतर्गत लुपुंगडीह स्थित नारायण प्राइवेट आईटीआई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। एवम उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने कहा की भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। इस अवसर मुख्य रूप से वकील निखिल कुमार,अरुण पांडे, शांति राम महतो, महादेव दास,पवन महतो, देबकृष्णा महतो,अजय मंडल , कृष्णा पद महतो,गौरव महतो, शिशु मति दास आदि मौजूद रहे।



## विनोद बिहारी कुजुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खरसावां पथ निरीक्षण भवन में सोमवार को झारखंड पार्टी युवा जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी कुजूर के नेतृत्व में राष्ट्रपति महात्मा गांधी की जयंती मनाया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजुर ने कहा कि जीवन में अगर किसी को आगे बढ़ाना है। तो उन्हें गांधी जी की जीवनी पढ़नी चाहिए। इस दौरान उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन करते हुए कहा कि देश के इन दो महापुरुषों की जीवनी से हमें यह सीख मिलती है कि त्याग व सादगी की भावना को आत्मसात करें। इस दौरान मुख्य रूप से मो.जसीम अंसारी युवा जिला महासचिव,शालीग्राम उरांव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अफसर आलम, कर्नल गद्दाफी,मो. प्रवेज,अदनान गनी शेरू,निशांत बोदरा,समीर खान,मो. सोहेल,सौकत अली आदि उपस्थित थे।



## युवा कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सूरज सामड के नेतृत्व में चांदनी चौक खरसावां में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मौके पर उपस्थित युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि हमें आज गांधी जी एवं शास्त्री जी के बताए रास्ते सत्य एवं अहिंसा पर चलने की जरूरत है। मौके पर आशीष बनर्जी,जीवन सिंह हेंब्रम, राजा दास,प्रकाश महतो,शिवा राऊत, वीरेंद्र नायक, मो मेराज,राजा राऊत, दिलीप महतो,सुमंत कुमार राऊत आदि युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे।



## सफाई कर्मियों के बीच नाश्ता वितरण

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को बर्मामाईंस ट्यूब कंपनी गेट के पास सफाई कर्मियों के बीच नाश्ता का वितरण किया गया। साथ ही गोलमुरी पुलिस चौकी के पास 30 से अधिक चार पाहिया वाहन चालकों के बीच कार डस्टबिन का वितरण किया गया। इस दौरान आम लोगों को यह संदेश दिया गया कि लोग अपना कचरा इधर-उधर ना फेंक कर डस्टबिन में ही डालें। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिघल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष उषा चौधरी एवं सदस्य बिंदिया नरेड़ी आदि का योगदान रहा।



## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने जुस्को स्कूल कदमा परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बैंक ऑफ़ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत एक तारीख एक घंटा एक साथ मनाते हुए जुस्को स्कूल कदमा में स्वच्छता अभियान आयोजित किया। इस अभियान में स्कूल परिसर एवं स्कूल से सटे सड़क को पूरी तरह से स्वच्छ कर दिया गया। इस स्वच्छता अभियान में बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा, अन्य कार्यपालकगण, क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य सह बैंक की शहरी शाखाओं के स्टाफ सदस्य एवं स्कूल की प्रधानाध्यापिका झुमझूमी नन्दी, छात्र-छात्राएं एवं स्कूल के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रह कर अपना श्रमदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख कहा की इसे एक दिन का कार्य नहीं मानकर अपने दैनिक आचरण में स्वच्छता का पालन करने एवं सभी को जागरूक करने हेतु विचार रखें।



## गांधी जयंती पर जिले के सभी प्रखंडों पर किया गया विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर सरायकेला खरसावां जिले के सभी प्रखंडों के लगभग 159 पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा सिखाए गए आदर्श को स्मरण किया गया। तत्पश्चात ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामीणों को वनाधिकार विषय पर शपथ दिलाया गया। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत, जिला परिषद, डीएमएफटी मद सहित अन्य मदों द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। ग्रामीण स्तर पर आधारभूत संरचनाएं यथा स्वास्थ्य संबंधित, शिक्षा संबंधित, आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित, पेयजल संबंधित के साथ- साथ टाइड और अनटाइड फण्ड द्वारा क्रियान्वित योजनाओं पर भी ग्राम- सभा में विचार विमर्श किया गया।



### मंत्री बन्ना गुप्ता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी को किया नमन, बोले

# बापू के आदर्श और विचार को समझने की जरूरत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गांधी जयंती के अवसर पर मानगो गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मंत्री बन्ना गुप्ता, उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी सभी ने उनकी जयंती पर नमन किया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी पूज्य बापू की 154वीं जयंती मना रहे हैं । बापू के सत्य, अहिंसा के बताये मार्ग आज भी हमारे लिए प्रासंगिक है। आजादी के आंदोलन में उनके त्याग, बलिदान हमें प्रेरणा देती है। उनके आदर्श और विचार को समझना होगा। उपायुक्त ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित आदर्श हमारे लिए प्रेरणापुंज है। जिला प्रशासन स्वच्छता के संबंध में तथा महिलाओं को उनके अधिकारों से जागरूक करने, योजनाओं का लाभ देने, स्वच्छ भारत मिशन को गांव-गांव तक पहुंचाते हुए खुले में शौच मुक्त की दिशा में कृत संकल्पित है । इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियो द्वारा मानगो नगर निगम की महिला सफाई कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही डे एनयूएलएम की 3 महिला समूहों के बीच ऋण वितरण एवं आदिम जनजाति सबर की महिलाओं के बीच साड़ी वितरित किया गया।



## अंसार खान के नेतृत्व में मनाया गया बापू व शास्त्री की जयंती



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में क्रॉस रोड नंबर 14 जवाहर नगर कांग्रेस पार्टी के आवासीय कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का धूमधाम से जयंती मनाया गया। जयंती समारोह में महिला कांग्रेस पार्टी की जिला महासचिव निगर सुलताना, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शेरु, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद सिद्दीक, मोहम्मद जुबेर मलिक, महताब अंसारी, नूर आलम, राजाराम पंडित, शशि कुमार आदि मौजूद थे।

# जयंती पर बिस्टुपुर खादी भवन में डीसी-एसएसपी ने किया बापू को नमन

### खादी व रेडीमेड उत्पादों में आकर्षक छूट का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिस्टुपुर लाइट सिग्नल के समीप आज झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग भवन में गांधी जयंती पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व एसएसपी किशोर कौशल सहित ज़िला प्रशासन व पुलिस विभाग के कई पदाधिकारियों ने बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस अवसर पर उपायुक्त ने लोगों को खादी के उत्पादों के उपयोग करने की अपील की. इससे बुनकरों को उनके मेहनत का उचित मूल्य मिल सकेगा. एसएसपी ने कहा कि बापू के मूल्यों एवं विचारों को प्रसारित करने में खादी की अहम भूमिका है. मौके पर जमशेदपुर खादी भवन के प्रबंधक विभूति कुमार राय ने बताया कि गांधी जयंती पर लोगों के लिए आकर्षक छूट दी जा रही है, जो आगामी 31 जनवरी, 2024 तक लागू रहेगी. इसमे खादी वस्त्रों में 20 प्रतिशत व रेडीमेड उत्पादों में 25 प्रतिशत की छूट का शुभारंभ किया गया. बापू को नमन करनेवालों में प्रशासनिक अधिकारियों में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, डीडीसी मनीष कुमार, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, डीपीआरओ रोहित कुमार आदि मौजूद थे. कार्यक्रम में विभूति के साथ राकेश कुमार गुप्ता, सुमन पिंगुआ, रितिका प्रियदर्शिनी, रूबी परवीन, संगीता, कंचन मिश्रा सहित कई कर्मी मौजूद थे.



# महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती पर रघुवर, विद्युत समेत भाजपा नेताओं उन्हें किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को पूरे श्रद्धाभाव से मनाया। सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में मानगो स्थित गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात, रघुवर दास, सांसद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बिस्टुपुर के खादी भंडार से खादी वस्त्रों का क्रय कर खादी अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा देवेंद्र सिंह, राजेश शुक्ला, नीरज सिंह, डॉ राजीव, विकास सिंह, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, राजीव सिंह, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, बिनोद राय, अमरेंद्र पासवान, प्रशांत पोद्दार, चंचल चक्रवर्ती, उमेश पांडेय, नित्यानंद सिन्हा, दशरथ चौबे, नितिन त्रिवेदी, अर्जुन शर्मा, शिवप्रकाश शर्मा, विजय तिवारी, सुशील पांडेय, मनोज गिरी, तन्मय झा, राहुल कुमार, ऋशू विश्वकर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।



### भारतीय अंतरिक्ष मिशन एवं ईश्वर चंद्र विद्यासागर के जीवन पर हुई चर्चा

# तर्कसंगत तथ्यों को आत्मसात करें विद्यार्थी : अरविंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जीवन में हमेशा प्रश्न करना चाहिए। तथ्यों को तर्क के आधार पर जांच परख करना चाहिए ।तर्कसंगत तथ्यों को ही आत्मसात करना चाहिए। अपनी सिलेबस की किताबों के अलावा मनीषियों से संबंधित किताबें और विज्ञान आधारित तर्कसंगत किताबों का भी अध्ययन करना चाहिए। उक्त बातें उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन ,पोटका के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने कही। वे गैलीलियो साइंस क्लब ,चौका की ओर से ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी के मार्गदर्शन पर भारतीय अंतरिक्ष मिशन और ईश्वर चंद्र विद्यासागर के जीवन पर आयोजित परिचर्चा में बोल रहे थे । परिचर्चा में ब्रेक थ्रू साइंस सोसायटी झारखंड चैप्टर के राज्य सचिव मंडल के सदस्य सुजय भट्टाचार्य,ब्रेक थ्रू साइंस सोसायटी के राज्य सचिव डॉक्टर कनाई बारिक, विशेश्वर महतो ,अनितेश महतो ,प्रभात महतो चेतन महतो आदि उपस्थित थे। मौके पर दो हाई स्कूल चौका, होली क्रॉस स्कूल,बेडादा, चौका मध्य विद्यालय, चौका, सरस्वती शिशु मंदिर, चांडिल और आसपास के कोचिंग सेंटर के विद्यार्थी शामिल हुए।



## सोनारी बिरसा बस्ती में आयुष्मान और ग्रीन कार्ड के लिए लगा शिविर

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था सारथी द्वारा आयुष्मान कार्ड और ग्रीन कार्ड बनाने के लिए सोनारी बिरसा बस्ती में एक शिविर आयोजित आयोजित किया गया। जिसमें 175 लोगों का आयुष्मान कार्ड और ग्रीन कार्ड बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बस्ती वासियों को जागरूक और उन्हें इन कार्डों को बनाने में सहायोग करना था। संस्था प्रमुख पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में शिविर का आयोजन हुआ। इसे सफल बनाने में संस्था सदस्य विजय अग्रवाल, शंभु सिहं, सुशांत दीपक, निखिल, मोनू, संगीता, आशीष, राजेश आदि का योगदान रहा।

# दूर्गा पूजा के आगाज के साथ खेतों व वादियों में बरबस ही मोह रहा कांशी का फूल

**अरूण कुमार मांझी@प्रभात मंत्र**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के खेतों व वादियों में बरबस ही काशी के लहलहाते फूल अब खिलने लगा है। काशी का फूल मां शारदीय दुर्गा पूजा का एहसास कराता है। आसमान में छाए सफेद व नीले बादलों के साथ धरती पर चारों ओर फैले सफेद काशी के फूल बरबस ही लोगों का मन मोह रहे हैं। ये काशी के फूल देखने से मानो आकाशी आसमान के नीचे सफेद बर्फ का चादर धरती पर बीछे है और अपने ओर लोगों को खींच रहा है।कांशी का फूल बर्षा ऋतु का विदाई व मां दुर्गा देवी की आगमन का एहसास करा रही है। ईचागढ़ व आस पास के क्षेत्रों के पहाड़ों, खेतों की मेढ़ों ,बंजर व परती भूमि में सफेद मखमली कालीन सा नजारा देखने को मिल रहा है।

वैसे तो झारखंडी सांस्कृतिक में जन्म से लेकर मरन तक कांशी फूल का विशेष महत्व है। आयुर्वेद में इसका कई रोगों के उपचार के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। कांशी फूल मन की कालीमा को हर लेती है। यह सफेद फूल शांति का प्रतीक माना जाता है। कांशी को भगवती दुर्गा का स्वागत पुष्प माना जाता है। शारदीय नवरात्र के पहले मां भवानी के स्वागत के लिए कांशी फूल धरातल पर हरे चादर में सफेद कालीन की तरह बीछ जाते हैं। धरती मानो हरियाली में सफेदी को लेकर इठला रही है। वहीं। समाजसेवी दिलीप कुमार दास ने बताया कि कांशी फूल धरातल पर सफेद चादर की भांति देखते ही मां दुर्गा देवी की पूजा का अहसास होता है। कवि गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर ने भी अपने सांपमोचन नृत्य नाटक रचना में कांशी फूल की महिमा का बखान किया है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में खेतों, नालों, नदियों में कांशी का फूल सहज ही देखने को मिल रहे हैं।



## राहुल पैलेस होटल ने चांडिल वसियों को दिया 200 कूड़ेदान

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन पर राहुल पैलेस होटल चांडिल के मालिक सह झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम द्वारा चांडिल बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जमा कचड़े का ढेर को जेसीबी मशीन से हटाया गया। और घर के कचड़े को जमा करने के लिए चांडिल बाजार वासियों के बीच 200 कूड़ेदान वितरण किया गया। इस दौरान सुखराम हेंब्रम ने कहा कि %स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल% का जो बीड़ा राहुल पैलेस चांडिल के सौजन्य से उठाया गया है आज की स्वच्छता अभियान उसी का एक कड़ी है। वही सुखराम हेंब्रम को चांडिल वासियों ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नंदिता चक्रवर्ती, ऐडवोकेट असित चक्रवर्ती, रजिया सुल्ताना, स्वपन साव, विश्वनाथ मंडल, विद्युत दा, नंदू गुप्ता, मदन प्रमाणिक, राजेश महतो, नारायन दे, रुपेश दा आदि उपस्थित थे।



## गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गम्हरिया इंग्लिश स्कूल की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान कर विद्यालय प्रांगण तथा आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। सफाई के बाद बच्चों द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। इस अभियान में विद्यालय की चेयरपर्सन रिंकू राय, प्रशासक रीमा बनर्जी, सचिव शिप्रा पाल, प्राचार्या किरण चोली, उप प्राचार्या शुक्ला मजूमदार समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और काफी संख्या में बच्चे शामिल थे।



## विभिन्न गांवो में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर वन अधिनयम को ले ग्राम सभा किया

**तिरूलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत पंचायत पारगामा में मुखिया लालू माझी की अध्यक्षा में ग्रामीणों को लेकर विभिन्न गांवों काड़का, किशुडीह,पारगामा आदि में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर ग्रामवासियों के द्वारा शपत लेते हुए वन अधिकार अधिनयम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का पुनर्गठन करते हुए वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु ग्राम सभा किया गया। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने शपत लेते हुए एकसाथ कहा कि हम सभी जल, जंगल और ज़मीन तथा इससे संबंधित संसाधन की रक्षा के लिए समर्पितता के साथ साथ संगठित प्रयास करेंगे।



## बोड़ाम में कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कांग्रेस पार्टी बोड़ाम प्रखंड कमेटी की ओर से सोमवार को प्रखंड कार्यालय बोड़ाम में जिला महासचिव किशनलाल महतो के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर दोनों महान सपूतों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान संबोधित करते हुए किशनलाल महतो ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री देश के महान सपूत थे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से अरुण गोप, बलराम महतो, हंसराज सिंह, नरेन महतो, सुभाष महतो, गणेश महतो, बुद्धेश्वर महतो, संतोष महतो, क्षेत्रमोहन महतो, रथु गोप, लखन महतो, ईश्वर महतो, अंबुज महतो व जादव महतो आदि मौजूद थे।



## गौड़ सेवा संघ का सामाजिक परिचर्चा सह छात्र सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: चक्रधरपुर में गौड़ सेवा संघ का 33वां स्थापना दिवस मनाया गया। केन्द्रीय पदाधिकारी एवं प. सिंहभूम के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री एवं संघ के संस्थापक देवीलाल प्रधान के तस्वीरों पर को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। परिचर्चा में समाज के लोगों को विभिन्न समस्याओं में सुलभ सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्प डेस्क नम्बर जारी किया। कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त किए समाज के लगभग 100 छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के आंगनबाड़ी सेविका सईया एवं प्रतिनिधि महिलाओं को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गौड़ सेवा संघ के पश्चिमी सिंहभूम जिला इकाई के अध्यक्ष भास्कर महाकुड, सचिव पंकज प्रधान, केंद्रीय कमेटी के सदस्य गण आदि उपस्थित थे।



## संपादकीय

# जुड़ेंगे नहीं, तो जीतेंगे कैसे

'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया'...यह नारा विपक्षी गठबंधन के आपसी रिश्तों और मजबूत गठबंधन को परिभाषित करना चाहिए, लेकिन सटीक नहीं बैठता। यह महज एक जुमला-सा लगता है, क्योंकि गठबंधन के घटकों की हकीकत में गंभीर विरोधाभास हैं। ताजातरीन घटनाक्रम पंजाब का है। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के 32 विधायक उनके संपर्क में हैं। कांग्रेस सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यदि हमारी सरकार बनी, तो 2 महीने में ही 'आप' की सरकार गिर जाएगी। यह राजनीतिक बयान हो सकता है, लेकिन गठबंधन का आभास तक नहीं होता। यह भाषा परम दुश्मन राजनीतिक दल की है। बवाल तब गंभीर हुआ, जब पंजाब के कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को नशीले पदार्थ और हथियारों की तस्करी के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया। यह 2015 का केस है। गिरफ्तार होते ही कांग्रेस ने कपड़े फाड़ने शुरू कर दिए और राज्यपाल से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। दिल्ली में कांग्रेस नेता उदित राज ने यहां तक बयान दे दिया कि चूंकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, लिहाजा कांग्रेस 'आप' के साथ गठबंधन नहीं करेगी। इस बयान का शीर्ष स्तर ने खंडन तक नहीं किया। तो फिर यह गठबंधन कैसा है? ऐसे राजनीतिक विवाद सूबे-सूबे जारी हैं, लिहाजा 'इंडिया' गठबंधन की एकजुटता और लामबंदी लगातार सवालिया रही है। 'राजधर्म' और 'राजनीतिक धर्म' के तर्क दिए जाते हैं कि पार्टी और सरकार की भूमिकाएं अलग-अलग हैं, लेकिन ये राजनीतिक तर्क नहीं, बयान भर हैं। 'आप' के संयोजक केजरीवाल ने यह स्पष्ट किया है कि 'आप' विपक्ष के गठबंधन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम गठबंधन धर्म निभाएंगे, लेकिन पंजाब में नशे को खत्म करने को भी हम प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा। केजरीवाल गोलमोल कर गठबंधन पर बात कर रहे हैं। पंजाब के अलावा राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस को खूब गरियाया है। उन राज्यों में 'आप' विधानसभा चुनाव लड़ने के भी मूड में है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने अपने लोकसभा नेता अधीर रंजन चौधरी को निरंकुश छोड़ रखा है। वह बयान दे रहे हैं कि ममता बनर्जी की सरकार को अब भगवान भी नहीं बचा सकते। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और वाममोर्चे के बीच भी तनातनी बनी रहती है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस और सपा ने आपसी विरोध के मोर्चे खोल रखे हैं। सपा वहां विधानसभा चुनाव भी लड़ेगी। चूंकि कुछ मतदाता वर्ग साझे हैं, लिहाजा कांग्रेस को चुनावी नुकसान हो सकता है। केरल में वाममोर्चे और कांग्रेसी मोर्चे की टकराव वाली सियासत ही 'सनातन' है। सवाल यह है कि क्या 'इंडिया' गठबंधन की नियति भी वही लग रही है, जो अभी तक के तमाम गठबंधनों की रही है? विपक्षी गठबंधन के सामने प्रधानमंत्री मोदी और सबसे संगठित पार्टी भाजपा को हराने की हिमालय-सी चुनौती है। 'इंडिया' के भीतर की अपनी चुनौतियां हैं, क्योंकि विपक्षी दलों की आपसी सहमति अभी तक नहीं बनी है। कुछ और दल 'इंडिया' से जुड़ना चाहते थे, लेकिन अब उनके भाव बदलते जा रहे हैं। बसपा, वाईएसआर कांग्रेस, बीजद आदि कुछ ऐसे दल हैं, जो विपक्षी गठबंधन को मजबूत कर सकते हैं, लेकिन उन्हें लेकर अभी तक अनिर्णय की स्थिति है। 'इंडिया' के घटक दल बार-बार जुड़ने की हुंकार भरते हैं, लेकिन उनके भीतरी विरोधाभास सतह पर आते रहते हैं। फिर विपक्ष का महागठबंधन रूप कैसे आकार लेगा और वह 2024 का बेहद मुश्किल चुनाव कैसे जीतेगा? जातीय जनगणना और सनातन धर्म ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर वैचारिक सहमतियां अभी तक नहीं बन पाई हैं। दरअसल अभी तक यह भी तय नहीं हुआ है कि 'इंडिया' का नेतृत्व कौन करेगा? क्या चुनावी मुद्दे हैं? सीटों का बंटवारा कब होगा? 2019 में तो कांग्रेस ने अलग ही चुनाव लड़ा था। अब सीटों का फॉर्मूला क्या होगा? और यह कब तक तय होगा? विपक्षी गठबंधन की अनौपचारिक बैठकें करने के प्रयोजन ही पर्याप्त नहीं हैं। गठबंधन की पूरी राजनीति अभी तक तय हो जानी चाहिए थी। बहरहाल देश सब कुछ देख रहा है और विश्लेषण भी कर रहा होगा, लिहाजा 'इंडिया' महज बयानबाजी तक सीमित नहीं रह सकता। एनडीए को अगर चुनौती पेश करनी है तो इंडिया गठबंधन को सशक्त रूप में सामने आना होगा।

> कांग्रेस सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यदि हमारी सरकार बनी, तो 2 महीने में ही 'आप' की सरकार गिर जाएगी। यह राजनीतिक बयान हो सकता है, लेकिन गठबंधन का आभास तक नहीं होता। यह भाषा परम दुश्मन राजनीतिक दल की है। बवाल तब गंभीर हुआ, जब पंजाब के कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को नशीले पदार्थ और हथियारों की तस्करी के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया। यह 2015 का केस है। गिरफ्तार होते ही कांग्रेस ने कपड़े फाड़ने शुरू कर दिए और राज्यपाल से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। दिल्ली में कांग्रेस नेता उदित राज ने यहां तक बयान दे दिया कि चूंकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, लिहाजा कांग्रेस 'आप' के साथ गठबंधन नहीं करेगी। इस बयान का शीर्ष स्तर ने खंडन तक नहीं किया। तो फिर यह गठबंधन कैसा है? ऐसे राजनीतिक विवाद सूबे-सूबे जारी हैं, लिहाजा 'इंडिया' गठबंधन की एकजुटता और लामबंदी लगातार सवालिया रही है। 'राजधर्म' और 'राजनीतिक धर्म' के तर्क दिए जाते हैं कि पार्टी और सरकार की भूमिकाएं अलग-अलग हैं, लेकिन ये राजनीतिक तर्क नहीं, बयान भर हैं। 'आप' के संयोजक केजरीवाल ने यह स्पष्ट किया है कि 'आप' विपक्ष के गठबंधन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## कुछ अलग

# आतंकवाद पर भारत की दो टूक

भारत अब अपने हितों को लेकर मुखर हो चुका है। वैश्विक मंच से भारत अपने विरोधियों को भी सटीक जवाब देता है और विश्व व्यवस्थाएं को कैसा होना चाहिए, इस विषय में भी संतुलित विचार रखता है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर मुखरता के साथ ही तार्किक ढंग से अपनी बात रखते हैं। विगत दिवस उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में जो भाषण दिया है, उसकी चर्चा दूर तक हो रही है। उन्होंने दुनिया को अपने हिसाब से चलाने वाली ताकतों को भी संदेश देने का काम किया है और कनाडा के भारत विरोधी रुख पर भी बिना नाम लिए आईना दिखाया। विदेश मंत्री ने संबोधन में कहीं भी निज्जर, खालिस्तान, कनाडा या जस्टिन ट्रूडो का जिक्र नहीं किया लेकिन कहा ये जा रहा है कि उन्होंने नाम लिए बिना ही कनाडा और उसके प्रधानमंत्री को संदेश दे दिया है। दरअसल, जयशंकर ने कहा कि राजनीतिक सुविधा के हिसाब से आतंकवाद, चरमपंथ और हिंसा पर कार्रवाई नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी सुविधा के अनुसार क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं हो सकता। भारत इसी बात को लंबे समय से कहता आ रहा है कि आतंकवाद पर दो राय नहीं हो सकती। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार वैश्विक मंचों से इस विचार को रखकर ज्यादातर बड़े देशों का मत बना दिया है कि आतंकवाद पर सबका दृष्टिकोण समान होना चाहिए। यदि अपनी सुविधा के हिसाब से आतंकवाद की परिभाषाएं रचने तो मानवता को आतंकवाद से मुक्ति नहीं दिला सकते। प्रधानमंत्री मोदी और भारत की बात को विदेशमंत्री जयशंकर ने बहुत प्रभावी ढंग से रखा है। इसके साथ ही भारतीय विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि जब वास्तविकता बयानबाजी से दूर हो जाती है, तो हम में उसे सामने लाने का साहस होना चाहिए। इस बयान पर ऐसा माना जा रहा है कि एस जयशंकर का इशारा कनाडा की ओर ही था। वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल ही में अपने देश की संसद में आरोप लगाया था कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल हो सकते हैं। ट्रूडो ने ये भी कहा था कि उनकी सरकार के पास इस हत्या के खुफिया सबूत हैं। भारत इन आरोपों को बेतुका बताते हुए खारिज कर चुका है। बहरहाल, जी-20 के सफल और प्रभावी आयोजन से भारत ने अपनी एक छवि बनाई है। इस छवि को और स्थापित करने का काम जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में किया। उन्होंने दुनिया को संदेश दिया है कि दुनिया इस समय उथल-पुथल का असाधारण दौर देख रही है। ऐसे हालात में असाधारण जिम्मेदारी की भावना के साथ भारत ने सफलतापूर्वक जी-20 की अध्यक्षता संभाली।

## हमारी चिंता यह है कि राजनीतिक कारणों से कनाडा खालिस्तानियों को लेकर वास्तव में बहुत उदार रहा है

# ट्रुडो के पिता भी आतंकियों के संरक्षक थे

**योगेंद्र योगी**

> भारत के कड़े रुख से कनाडा बैकफुट पर आ गया है। वहां के रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत के साथ रिश्ते बहुत अहम हैं। ब्लेयर ने कहा कि खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच जारी रहने तक उनका देश इंडो-पैसिफिक रणनीति जैसी साझेदारियों को आगे बढ़ाना जारी रखेगा। जाहिर है भारत को आंखें दिखाना आसान नहीं है।

कनाडा आतंकियों और अपराधियों की पनाहगाह को लेकर विश्व के सामने बेनकाब हो चुका है। आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा को पश्चिमी देशों से जिस सहानुभूति और सहयोग की उम्मीद थी, उसमें पूरी तरह नाकामी हाथ लगी है। यही वजह है कि कनाडा विश्व में अलग-थलग पड़ गया है। आश्चर्य की बात यह है कि निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर अपनी सम्प्रभुता में अतिक्रमण करने का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने आतंकवाद की वजह से तबाही के कगार पर पहुंचे पाकिस्तान से भी सबक नहीं सीखा कि किस तरह पाकिस्तान इसकी गिरफ्त में आकर बर्बाद हो चुका है। गौरतलब है कि ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को सिख अलगाववादी नेता निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित भूमिका के ट्रुडो के विस्फोटक आरोपों के बाद भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई है। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया। इस मामले में ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को देश से बाहर करने के बदले में भारत ने एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को बाहर कर दिया। भारत ने कनाडा से अपनी धरती से सक्रिय आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों पर सख्ती बरतने को कहा और कनाडाई लोगों के लिए वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया। भारत से द्विपक्षीय रिश्ते की लिहाज कनाडा ने कभी नहीं करी। इसके विपरीत भारत की सदाशयता का कनाडा ने नाजायज फायदा उठाया और भारत के भगोड़े अपराधियों की शरणस्थली बन गया। मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कनाडा खूंखार अपराधियों और आतंकियों का ठिकाना बन गया है। इससे भी ज्यादा आश्चर्य यह है कि कनाडा के हमदर्द अमरीका और अन्य पश्चिमी देशों ने कभी भी कनाडा सरकार को इसके



खतरनाक नतीजों को लेकर आगाह नहीं किया। कनाडा के मामले में पश्चिमी देशों की आतंक को दो मुंही कपटी नीति जाहिर हो गई है। कनाडा वर्षों से आतंकियों को पालने-पोसने का काम कर रहा है। यह काम मौजूदा प्रधानमंत्री ट्रुडो के पिता और प्रधानमंत्री रहे पियर ट्रुडो भी कर चुके हैं। पियर ट्रुडो 1968 से 1979 तक और फिर 1980 से 1984 तक कनाडा के प्रधानमंत्री रहे। खालिस्तानियों का प्रमुख नेता तलविंदर सिंह परमार कनाडा में रहता था। इंदिरा गांधी ने 1984 में अक्टूबर की शुरुआत में ट्रुडो से तलविंदर सिंह परमार के प्रत्यर्पण की मांग की थी, लेकिन पियर ट्रुडो की सरकार ने प्रत्यर्पण से इंकार कर दिया। उस दौरान इंदिरा गांधी की खालिस्तान के मुद्दे पर ट्रुडो से काफी नोकझोंक हुई थी। इसी तरह कनिष्क यात्री विमान को बम से उड़ाने के आरोपी इंद्रजीत सिंह रेयात साबित दोषी साबित हुआ। रेयात एक ब्रिटिश-कनाडाई नागरिक था। उसे साल 2017 में कनाडा की अदालत ने रिहा कर दिया था। भारत ने रेयात को प्रत्यर्पित करने की मांग की थी। कनाडा सरकार ने इस मांग को अनसुना कर दिया। हमलों का मास्टरमाइंड तलविंदर सिंह परमार था। साल 2003 में उसे इस नरसंहार के लिए दोषी ठहराया गया था। बमों को फ्लाइट में असेंबल करने के जुर्म में उसे पंद्रह साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। कनाडा किस तरह एक वैश्विक आतंकी देशों का अड्डा बन गया है, इसकी पीड़ा श्रीलंका ने भी झेली है। श्रीलंका ने कनाडा पर आतंकी संगठन तमिल टाइगर के आतंकियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। मौजूदा भारत के साथ बिगड़े संबंधों को लेकर श्रीलंका और बांग्लादेश ने कनाडा की तीखी भत्र्सना की है। बांग्लादेश ने कहा है कि कनाडा की तरफ से भारत पर लगाए गए सभी आरोप गलत हैं। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो का बिना किसी सबूत के किसी देश पर आपत्ति और अपमानजनक आरोप लगाना पुरानी आदत है। साबरी ने कहा कि इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो श्रीलंका के खिलाफ भ्रामक और आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं। कनाडा ने कहा था कि श्रीलंका में भयानक नरसंहार हुआ था, जोकि पीएम ट्रुडो का सरासर झूठा बयान था। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा कि सभी जानते हैं कि श्रीलंका में कोई नरसंहार नहीं हुआ। आतंकवाद और अपराधियों को प्रत्यक्ष संरक्षण देने के अलावा कनाडा की ट्रुडो सरकार की बीमार मानसिकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लाखों यहूदियों के नरसंहार में शामिल हुए एक नाजी का कनाडा की संसद में सम्मान किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की की संसद यात्रा के दौरान एक बुजुर्ग यूक्रेनी आप्रवासी को नायक के रूप में सम्मानित किया और खड़े होकर तालियां बजाईं। संसद में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के भाषण के दौरान 98 वर्षीय हुंका को बुलाकर द्वितीय विश्वयुद्ध का नायक बताया था। अब कनाडा सरकार इस मुद्दे पर बगलें झांक रही है। इस शर्मनाक स्थिति के चलते कनाडा की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमंस के स्पीकर एंथोनी रोटा ने इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ गया। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमरीका में संयुक्त राष्ट्र महासभा और बाद में प्रेस कांफ्रेंस में भारत का नजरिया साफ कर दिया। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर मामले में ठोस सुबूत मांगने के साथ कनाडा समेत उसके हितैषी देशों को लताड़ लगाते हुए जयशंकर ने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता और किसी देश के अंदरूनी मामलों में दखल न देने की नीति हर देश के लिए अलग नहीं हो सकती। इसलिए नियम बनाने वाले, नियमों का पालन करने वालों को दबाने की कोशिश न करें। भारतीय विदेश मंत्री ने न्यूयॉर्क में भरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया कि कनाडा में आतंकी पलते हैं। अगर ट्रुडो के पास भारत के खिलाफ सबूत होते तो वह उसे छिपाकर नहीं रखते। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को नए भारत की ताकत का एहसास कराते हुए कहा कि वे दिन बीत गए, जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि दूसरे भी उनकी बातें मान लें। विदेश मंत्री ने कहा आज के युग में अब सिर्फ कुछ देशों के एजेंडे से दुनिया नहीं चलने वाली है। अब समय बदल चुका है। हमारी चिंता यह है कि राजनीतिक कारणों से कनाडा खालिस्तानियों को लेकर वास्तव में बहुत उदार रहा है।

# भारत विरोधी मनोग्रंथी का शिकार कनाडा

> भारत के हमशाया मुल्क चीन व पाकिस्तान के हुक्मरानों को उनके जद्द-ए-अमजद से भारत के खिलाफ नफरत विरासत में मिली है। उसी प्रकार जस्टिन ट्रुडो को भी भारत के प्रति हिकारत भरा नजरिया अपने पूर्वज व कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री पियरे इलियट ट्रुडो से विरासत में मिला है। कनाडा की धरती से भारत को खंडित करने का जहालत भरा ख्वाब देखने वाले चंद अलगाववादियों से मोहब्बत का इजहार करके अपने सियासी वजूद को बचाने की जद्दोजहद में लगे जस्टिन ट्रुडो को भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास से मुखातिब होना चाहिए। शक्तिशाली राष्ट्र की पहचान राष्ट्र के लिए समर्पित उसकी ताकतवर सेना से होती है। आतंक की पनाहगाह बन चुके कनाडा ने भारत में आतंक के दौर की उस भयानक तस्वीर को याद करा दिया जब सन 1984 में पाकिस्तान प्रायोजित आतंक पंजाब में अपने चरम पर था।

'गुनाह को फैलाने का जरिया मत बनो। हो सकता है तुम गुनाह से तौबा कर लो लेकिन जिन ताकतों को तुमने गुनाह पर लगाया है वो आपकी आखिरत जरूर बिगाड़ देंगी'। यह प्रसंग कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो पर सटीक बैठता है। आलमी सतह पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा से पश्चिमी देशों सहित कई अन्य देश भी भारत विरोधी मनोग्रंथी का शिकार हो चुके हैं। भारत के हमशाया मुल्क चीन व पाकिस्तान के हुक्मरानों को उनके जद्द-ए-अमजद से भारत के खिलाफ नफरत विरासत में मिली है। उसी प्रकार जस्टिन ट्रुडो को भी भारत के प्रति हिकारत भरा नजरिया अपने पूर्वज व कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री पियरे इलियट ट्रुडो से विरासत में मिला है। कनाडा की धरती से भारत को खंडित करने का जहालत भरा ख्वाब देखने वाले चंद अलगाववादियों से मोहब्बत का इजहार करके अपने सियासी वजूद को बचाने की जद्दोजहद में लगे जस्टिन ट्रुडो को भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास से मुखातिब होना चाहिए। शक्तिशाली राष्ट्र की पहचान राष्ट्र के लिए समर्पित उसकी ताकतवर सेना से होती है। आतंक की पनाहगाह बन चुके कनाडा ने भारत में आतंक के दौर की उस भयानक तस्वीर को याद करा दिया जब सन 1984 में पाकिस्तान प्रायोजित आतंक पंजाब में अपने चरम पर था। उस समय अमृतसर स्थित दरबार साहब में शरण ले चुके मोर्चाबंद चरमपंथियों को बाहर निकालने के लिए भारतीय सेना ने आपरेशन ब्लू स्टार को अंजाम दिया था। सेना की 'ब्रिगेड ऑफ गार्ड्स' की 10वीं बटालियन में तैनात हिमाचल प्रदेश के शूरवीर कैप्टन 'जसबीर सिंह रैना' ने उस आपरेशन में छह जून 1984 को हरमंदिर परिसर में सर्वप्रथम अपनी कंपनी के साथ मोर्चा संभाला था। आक्रामक सैन्य कार्रवाई में कै. रैना आतंकियों की भीषण गोलीबारी की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो चुके थे, मगर घायल होने के बावजूद कै. रैना ने अपने सैनिकों का सफलतापूर्वक नेतृत्व करके उस सैन्य मिशन को अंजाम तक पहुंचाया था। सैन्य अभियान में उल्लेखनीय बहादुरी के लिए भारत सरकार ने कै. जसबीर सिंह रैना को शांतिकाल के आलातरीन पदक 'अशोक चक्र' से नवाजा था। भारतीय सेना की उच्च परंपराओं का पालन करते हुए उसी सैन्य कार्रवाई में छह जून 1984 को बलिदान हुए ले. राम प्रकाश रोपडिया '26 मद्रास', मेजर भुकांत मिश्रा व नायक 'निर्भय सिंह सिसोदिया' '15 कुमांऊ' तथा नायक 'भवानी दत्त जोशी' 'नौवी गढ़वाल राइफल्स' चारों शूरवीर सैनिकों को भी अदम्य साहस के लिए सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पदक 'अशोक चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया गया था। भारत की एकता-अखंडता को कायम रखने के लिए सेना के 83 जवानों ने उस आपरेशन में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। स्मरण रहे उस आपरेशन का नेतृत्व करने वाले पश्चिमी कमान के उप प्रमुख ले. ज. रणजीत सिंह दयाल, मे. ज. कुलदीप सिंह बराड़ व कै. जसबीर सिंह रैना का संबंध सिख समुदाय से ही था। भावार्थ यह कि राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर काम करने वाली भारतीय सेना राष्ट्र के स्वाभिमान से समझौता नहीं करती। ग्लोबल फायर पावर 2023 की 'मिलिट्री स्ट्रेंथ' रैंकिंग के अनुसार दुश्मन का तवाजुन बिगाड़ने की सलाहियत रखने वाली भारतीय सेना विश्व की चौथी सैन्य ताकत है। वहीं कनाडा 27वें पायदान पर काबिज है। अतः भारत का लहजा सबक सिखाने वाला है। राष्ट्र को खंडित करने वाली गतिविधियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होंगी। आतंकियों से हमदर्दी रखने वाले कनाडा से भारत के रिश्तों में उतार-चढ़ाव का दौर एक मुद्दत से चला आ रहा है। सन-1948 में कनाडा ने कश्मीर मसले पर दखलअंदाजी करके रायशुमारी के मशविरे का समर्थन किया था। मई 1974 में भारत के परमाणु परीक्षण पर भी कनाडा ने तल्ख मिजाज दिखाया था। सन- 1982 में भारत सरकार द्वारा कनाडा में पनाह ले चुके कुछ आतंकियों के प्रत्यर्पण की मांग पर कनाडा ने राष्ट्रमंडल का हवाला देकर भारत की अपील को ठुकरा दिया था। भारत द्वारा प्रत्यर्पण का अनुरोध ठुकराने वाला कनाडा खुद आतंक की जद में फंस गया जब 23 जून 1985 को एयर इंडिया के कनिष्क विमान को बम से उड़ा दिया गया, जिसमें सवार सभी 329 यात्री हलाक हो गए थे। मारे गए 268 लोगों का संबंध कनाडा से ही था। अब ट्रुडो भी अपने पिता के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। गत दस सितंबर को भारत में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में ट्रुडो भी तशरीफ लाए थे, मगर अपने वतन वापिस लौटते ही ट्रुडो के तेवर बदल गए। कनाडा में पनाह ले चुके एक सिख रहनुमां के कत्ल का इल्जाम बिना किसी पुख्ता प्रमाण के भारत पर लगा दिया। दोनों देशों में तल्खियां इस कदर बढ़ चुकी हैं कि दोनों मुल्कों ने एक-दूसरे के सफीर वापिस भेज दिए। भारत को कनाडा का वीजा तक बैन करना पड़ा। कनाडा में पढ़ाई कर रहे लाखों भारतीय छात्रों की पढ़ाई की महंगी फीस कनाडा की आर्थिकी का अहम हिस्सा है। कनाडा की निजी यूनिवर्सिटी का अर्थतंत्र पूरी तरह भारतीय छात्रों पर निर्भर करता है। वर्ष 2022 में यूक्रेन में पढ़ रहे हजारों छात्रों को वार जोन से निकालना पड़ा था। अतः छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर देश के हुक्मरानों को गौर फरमानी होगी कि भारतीय छात्र शिक्षा के लिए विदेश जाने को मजबूर क्यों हैं।



## देश दुनीया से

# यूपी में पर्यटन का कीर्तिमान

उत्तर प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से बहुत समृद्ध रहा है। इसमें आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, प्रावृतिक आदि सभी प्रकार के पर्यटन शामिल हैं। लेकिन पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र पर उचित ध्यान नहीं दिया। धरमिक पर्यटन तो उपेक्षित ही था। क्योंकि इसे साम्प्रदायिक विषय माना जाता था। पहली बार योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रकार के पर्यटन को प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जोड़ दिया। प्रदेश के समग्र विकास में पर्यटन को महत्व दिया गया। विगत छह वर्षो के दौरान पर्यटन व तीर्थाटन की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। अनेक स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से सुंदरीकरण किया गया है। काशी, मथुरा, अयोध्या के प्रति विश्व स्तर पर करोड़ों लोगों की आस्था है। पहले यहां के विकास की बात कोसाम्प्रदायिक माना जाता था। योगी आदित्यनाथ ने इस मान्यता को बदल दिया। आस्था अपनी जगह है, लेकिन इस नगर को विश्व स्तरीय तीर्थाटन व पर्यटन का वेंद्र बनाना विकास का ही एजेंडा है। योगी आदित्यनाथ ऐसे सभी नगरों को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास कर रहे है। उनकी यह कार्य योजना केवल आस्था के कारण नहीं है, बल्कि वह इसे पूरे प्रदेश के विकास से जोड़ कर चल रहे है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को पर्यटन स्थल के प्रति आध्यात्मिक एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रदेश सरकार कनेक्टिविटी तथा ग्रीन इन्वेस्टमेन्ट के साथ पर्यटन को आगे बढ़ा रही है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में अकेले सावन के महीने में लगभग दो करोड़ श्रद्धालु दर्शन के लिए आये। पहले इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं आते थे, लेकिन जब धाम बना तो वहां पर्यटन की सुविधाएं बढ़ीं। इस बार विश्व पर्यटन दिवस की थीम टूरिज्म एण्ड ग्रीन इन्वेस्टमेन्ट है। पर्यटन की सम्भावनाओं के साथ ग्रीन इन्वेस्टमेन्ट को महत्व दिया जा रहा है। पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक बस, सोलर लाइट, ई-रिक्शा आदि को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सहित भारत में दो प्रकार के टूरिज्म देखने को मिलते हैं। पहला, परम्परागत रूप से धरमिक पर्यटन और दूसरा, मनोरंजन की दृष्टि से पर्यटन। यह दो पक्ष भारत तथा उत्तर प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में बहुत महत्वपूर्ण हैं। आज पर्यटन की अनेक विधाएं जन्म ले चुकी हैं। इस दृष्टि से धरमिक पर्यटन में उत्तर प्रदेश जितना धनी है, दुनिया में अन्यत्र मिलना कठिन है। अयोध्या, मथुरा, वृंदावन में लोग बड़ी संख्या में जा रहे हैं, क्योंकि सुविधाएं बढ़ी हैं और इन स्थानों पर आसानी से पहुंच सकते हैं। पर्यटन के विकास के लिये कनेक्टिविटी अच्छी की जा रही है। एयरपोर्ट, फोरलेन, टूलेन की कनेक्टिविटी दी जा रही है। आज उत्तर प्रदेश में नौ एयरपोर्ट व्रियाशील हैं। बारह एयरपोर्ट की योजना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी पाठाव्रम के रूप में पर्यटन को जोड़ा गया है। विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने की आवश्यकता है। विरासत के प्रति सम्मान और गौरव की अनुभति सभी लोगों को करनी चाहिए। पांच सौ वर्षो बाद अयोध्या का जीर्णोद्धार प्रारंभ हुआ है। भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अयोध्या का विकास यहीं तक सीमित नहीं है। इसको विश्वस्तरीय पर्यटन वेंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हजारों करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का व्रियान्वयन चल रहा है। इसमें मूलभूत सुविधाओं का विकास, ढांचागत निर्माण कार्य, शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क कनेक्टिविटी आदि सभी क्षेत्र शामिल है। अयोध्या मास्टर प्लान में सभी विकास परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इसमें पुरातत्व महत्व के मंदिरों और परिसरों का जीर्णोद्धार व सौंदयाकरण शामिल है। बीस हजार करोड़ रुपए के इन प्रोजेक्ट में व्रूज पर्यटन परियोजना, राम की पैड़ी परियोजना, रामायण आध्यात्मिक वन, सरयू नदी आइकॉनिक ब्रिज, प्रतिष्ठित संरचना का विकास पर्यटन स्त्रकिट का विकास, ब्रांडिग अयोध्या, चौरासी कोसी परिमा के भीतर दो सौ आठ विरासत परिसरों का जीर्णोद्धार, सरयू उत्तर किनारे का विकास आदि शामिल हैं।

> काशी, मथुरा, अयोध्या के प्रति विश्व स्तर पर करोड़ों लोगों की आस्था है। पहले यहां के विकास की बात कोसाम्प्रदायिक माना जाता था। योगी आदित्यनाथ ने इस मान्यता को बदल दिया। आस्था अपनी जगह है, लेकिन इस नगर को विश्व स्तरीय तीर्थाटन व पर्यटन का वेंद्र बनाना विकास का ही एजेंडा है। योगी आदित्यनाथ ऐसे सभी नगरों को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास कर रहे है। उनकी यह कार्य योजना केवल आस्था के कारण नहीं है, बल्कि वह इसे पूरे प्रदेश के विकास से जोड़ कर चल रहे है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को पर्यटन स्थल के प्रति आध्यात्मिक एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रदेश सरकार कनेक्टिविटी तथा ग्रीन इन्वेस्टमेन्ट के साथ पर्यटन को आगे बढ़ा रही है।

## दृष्टिकोण

# पाक के भस्मासुर

पाक के भस्मासुर इन दिनों पाकिस्तान जहां एक तरफ भारत को निशाना बनाने के लिए अपने पालतू फिदायिनों को नियंत्रण रेखा पार कराने में लगा है वहीं उसके अशांत प्रांत बलूचिस्तान के अलगाववादी बीएलए यानि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने पाक आर्मी के नाक में दम कर रखा है। शुव्रवार को एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया और इस घटना में कम से कम 52 लोगों की मौत हो गईं और 50 लोग घायल हो गए। दरअसल पाकिस्तान की नींव घृणा के आधार पर तैयार की गईं है। इसलिए पूरा देश ही अस्तित्व में आने के वुछ दिनों बाद ही अशांत हो गया। बलूचिस्तान के लोग 1947 में पाकिस्तान का अंग बनने के लिए तैयार नहीं थे, वे तो भारत के साथ मिलना चाहते थे कितु हमारी सरकार ने इसे अव्यावहारिक बताकर उसे अपना हिस्सा बनाने से मना कर दिया। भारत से निराश होने के बाद उनके सारे विकल्प बंद हो गए, तब उन्होंने आजाद मुल्क के रूप में रहने की इच्छा व्यक्त की कितु मुहम्मद अली जिन्ना ने अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में बलूचिस्तान को पंसा कर अपने साथ रहने का फरमान जारी किया और जब बलूचिस्तान के शासक ने पाकिस्तान में विलय नहीं किया तो जिन्ना ने फौज भेजकर बलूचिस्तान को अपने देश में मिला लिया। बलूची तो पाकिस्तान से कभी भी संतुष्ट नहीं थे, वहां के कबीले हमेशा केन्द्र सरकार के खिलाफ विद्रोह करते रहते थे कितु सेना उन्हें शांत कराती रहती थी। कितु नीम पर करेला तब चढ़ा जब चीन ने ग्वादर बंदरगाह विकसित करने के लिए पाकिस्तान सरकार से समझौता किया साथ ही स्थिति और बिगड़ने का कारण सीपेक यानि चीन-पाक इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाने के लिए पाकिस्तानी सेना की मदद से चीन बलूच किसानों की उपजाऊ जमीन हड़पने लगा। चीनी वंपनियों ने बहुत सारी जमीन बलूचिस्तान की जनता की मर्जी के खिलाफ ली तभी इस बात की आशंका व्यक्त की गईं कि चीन वहां खनिज पदार्थों की खोज के लिए किसानों की जमीन छीन रहा है। पाकिस्तान की सेना चीनी वंपनियों के कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए बलूचिस्तान के लोगों पर अत्याचार करती हैं। बलूचिस्तान में विद्रोह का ज्वालामुखी तब पूटा जब तानाशाह जनरल मुशर्रफ ने बलूचिस्तान के शाही खानदान के वंशज बुगती को मरवाकर डींगे मारना शुरू कर दिया कि बड़ा चैलेंज करता था पाक फौज को अब ठंडा पड़ गया। बलूच जनता ने उसी वक्त हथियार उठा लिया। वहां पर घात लगाकर बीएलए के लड़ाके चीनी वंपनियों के एक्जीक्यूटिवस को तो निशाना बनाते ही हैं साथ ही देश की सेना को भी जमकर मार रहे हैं। बीएलए की पृष्ठभूमि का विश्लेषण करें तो स्पष्ट रूप से उनके अस्तित्व में आने से लेकर हथियार उठाने तक की परिस्थितियों के लिए खुद पाकिस्तान ही जिम्मेदार है कितु वह आज भी इस हकीकत को समझने के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान शिया बहुल बलूचिस्तान में अशांति के लिए कभी भारत को जिम्मेदार मानता है और कभी शिया बहुल ईंरान को कितु खुद की गलतियों को स्वीकार कर आत्मचिंतन मानने को तैयार नहीं है कि आज पाकिस्तान की धरती पर जिस हिंसा की शुरुआत बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में हुईं उसके लिए पाकिस्तान के अदूरदर्शी शासक ही जिम्मेदार हैं जिन्होंने चीन के हाथों अपनी जनता के सुख-चैन का सौदा कर लिया है। अब पाकिस्तान बीएलए से सुरक्षा देने के नाम पर चीन से पैसा लेता है और टीटीपी यानि तहरीके तालिबान पाकिस्तान से खैबर पख्तूनख्वा में शांति के लिए अफगानिस्तान के तालिबान से मदद मांगता है। भारत में मारकाट मचाने के लिए पाकिस्तान ने जिस बारुदी नीति का निर्माण किया था आज उसी का परिणाम है कि उसके देश के विभिन्न क्षेत्रों में हिंसक मानसिकता के शिकार खूनी खेल खेल रहे हैं।

# उपायुक्त ने मगध कोलियरी व बुकरु साइडिंग का किया निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार उपयुक्त हिमांशु मोहन ने सोमवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत मगध कोलियरी के आरा, चमातू ,बकरू साइडिंग, साइलो निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। उपयुक्त हिमांशु मोहन ने बुकरु साइडिंग के लैंड नम्बर चार बंद पड़े रहने का कारण जाना। इसपर बकरू रेलवे स्टेशन मास्टर ने कहा की इस सीडिंग का वैलिडिटी समाप्त हो गया है इस कारण दिसंबर माह से ही साइडिंग बंद है। उपायुक्त ने मगध कोलियरी पहुंचकर कोलियरी परिसर में किए जा रहे कार्य की स्थिति का जायजा लिया। बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने उपयुक्त से कहा कि सीसीएल प्रभावित एरिया का अधिकांश सड़के खराब है एवं सीसीएल द्वारा चौक चौराहा पर लाइट व सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था नहीं की है जिस कारण लोगो एवम पुलिसकर्मियों को बिधि व्यवस्था में परेशानी महसूस होती है। उपायुक्त ने कहा कि आप लिखित रूप से हमें दें सभी समस्या का निदान किया जाएगा। वही उपयुक्त हैं मगध कोलियरी में सीसीएल के पदाधिकारी से कोयला परिवहन, खनन, डिस्पैच की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। और सीसीएल अधिकारियों कई दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने चमातू ग्राम में हो रहे साइलो निर्माण स्थल पहुंचे व कार्य के प्रगति पर समीक्षा की। उन्होंने कार्य कर रहे संवेदक व सीसीएल के लोगों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द साइलो निर्माण कार्य को पूरा करें। इससे पूर्व उपयुक्त हिमांशु मोहन बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे जहां गांधी जयंती के अवसर पर शहीद स्मारक के बगल में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री ललिता बाखला, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, अमरवा डीह पिकेट प्रभारी कुबेर साब, समेत कई लोग मौजूद थे।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन, किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता सदर प्रखंड के पकरिया पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड स्थित उपेंद्र नाथ वर्मा कॉलेज पकरिया चतरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के शुभ अवसर पर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री भोक्ता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मंत्री को अंग वस्त्र, गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने स्मार्ट क्लास का विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर, फीता काटकर किया उद्घाटन। इसके उपरांत मंत्री ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दिया। इस समारोह में जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, मंत्री प्रतिनिधि, अजय राम, अतीक मंसूरी, जिला अध्यक्ष महिला शारदा देवी, दीपक साहू भोली साहू, मंदूर साहू, दिनेश दांगी, योगेंद्र यादव छात्र एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती पर सेवार्थ विद्यार्थी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर चंदवा में सेवार्थ विद्यार्थी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चंदवा,(झारखंड)-आज पूरा देश महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन मना रहा है तो वहीं झारखंड के लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड में सेवार्थ विद्यार्थी झारखंड की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे कई लोगों ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में सबसे पहले महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शस्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई इस कार्यक्रम में दिलचप्स बात ये रही की एक दम्पति ने साथ रक्तदान करने का निर्णय लिया रक्तदान करने वाले दम्पति प्रियंका कुमारी शिक्षिका राजकीय कृत मध्य विद्यालय सासंग और उनके पति रजनीश देव आईसीआईसीआई बैंक पटना में कार्यरत हैं वहीँ चंदवा से मुकेश कुमार साहू, शुभम कुमार, ब्रह्मदेव प्रजापति, अरविंद कुमार सहित कई लोगों ने रक्तदान किया.वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवार्थ विद्यार्थी झारखंड के प्रान्त सह प्रमुख कुमार नवनीत और मोहनीश कुमार विक्की का अमूल्य योगदान रहा और अंत में सभी रक्तवीरों को दिवाल घड़ी देकर सम्मानित किया गया।

## लगातार बारिश से कहीं खुशी तो कहीं गम

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र केचकी, पोखरी कलां बेतला समेत कई अन्य हिस्सों में लगातार मुसलाधार बारिस से किसानों के चेहरे पर तो खुशी देखी गई मगर कई गरीब का आशियाना भी छिण गया कहीं कहीं मिट्टी खपरैल का घर भी ध्वस्त हो गया तो कहीं मकान भवन का दीवार गिर पड़ा तो कई फसल का बर्बादी भी हुई इधर चिल का फ़सल का नुक़सान भी हुई तो किसानों के चेहरे पर मायूसी देखी गई।इधर औरंगा नदी संगम नदी के दोनों छौर में पानी बहते हुए देखे गए तो खेतो में लबा लब पानी बहते देखा गया तो साफ दिखाई दे रहा है क्यारी में आरी को तोडते हुए पानी भी पर्याप्त मात्रा में देखी जा रही है। पानी का जलस्तर नदी नाले कुआ तलाब में लबालब पानी देखी गई।

## गांधी जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस का आयोजन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया गया। महात्मा गांधी के जन्मदिन के अवसर पर पूज्य बापू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रचलित किया गया सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी कार्यक्रम प्राधिकारी नवल किशोर प्रसाद अमरेश कुमार पांडे इंतजार अहमद एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## उमेश प्रसाद बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरा हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने को लेकर केचकी पंचायत के सरईडीह शिव मंदिर परिसर में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया बैठक की अध्यक्षता जोखन प्रसाद ने की। इस बैठक में समाजसेवी उमेश प्रसाद को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं ब्रजेश सिंह को सचिव, अशीष प्रसाद गुप्ता को कोषाध्यक्ष, लव कुमार गुप्ता को उपकोषाध्यक्ष, प्रकाश सिंह को महामंत्री, नवल प्रसाद, ललन किशोर सिंह, प्रमोद सिंह, अरूण सिंह, अजय प्रसाद, निरंजन प्रसाद और संजीव कुमार गुप्ता को पुजा कमिटी का सदस्य बनाया गया है इन सभी कमिटी के लोगों को चंदा संग्रह करने हेतू अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रतापपुर शहीद यादव सहदेव अंगार को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता आज प्रतापपुर पहुंचें। इस दौरान मंत्री श्री भोक्ता ने प्रतापपुर प्रखंड के यादव नगर टंडवा गांव में आयोजित शहादत दिवस शहीद यादव बिक्रम सहदेव अंगार जी के 31 वी पुण्यतिथि पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके चित्र पर माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस मौके पर मंत्री भोक्ता ने कहा कि शहीद यादव बिक्रम सहदेव अंगार जी एक व्यक्ति विशेष नही, अपितु एक विचार थे। गरीबों शौषितो, पीड़ितो एवं वंचितों के जननायक प्रेरणा श्रोत थे। 02 अक्टूबर 1992 को असमाजिक लोगो द्वारा उनके साथ उनके अनुज भाई रामबालक यादव, बिनोद प्रजापति जी का निर्मम हत्या कर दिया गया। ताकि मजलूमों की आवाज दवाया जा सके। इनके विचारों एवं सिद्धांतो को जिंदा रखने के लिए आज के दिन उनके सच्ची श्रद्धांजलि के लिए शहादत दिवस मनाया जाता है। मौके पर मकदुमपुर बिहार विधायक सतीश दास, जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, नीलम देवी, शोभा देवी, प्रदेश अध्यक्ष युवा रंजन यादव, प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, भोला साहू, अजय राम, भोली साहू, अतीक मंसूरी, मिस्टर आलम, खेदू यादव, प्रतीक प्रकाश अंगार, मंजू देवी, मंदूर साहू, दिलीप यादव, रोहित यादव अन्य लोग मौजूद थे।

# कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों एवं राजनीतिक दल कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर दोनों महापुरुषों को नमन किया गया। झारखंड जिला कामगार यूनियन के बैनर तले जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित किया गया एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रदीप गंझु,राजकुमार उरांव कामेश्वर उरांव सोनू उरांव देवंती देवी बबीता देवी आशा देवी शांति देवी कविता देवी सीमा देवी सहित कई लोगों उपस्थित थे। वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद पूर्व मंडल अध्यक्ष मो0जुबैर अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वसीम, एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष गोविंद राम, मोहम्मद मोइन,सोनू खान, मोहम्मद तौफीक, नन्हे खान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं भाजपा मंडल कार्यालय में बूथ सत्यापन प्रभारी रघुपाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर यादव,मंडल मंत्री प्रदीप यादव, सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, विजय ठाकुर, अमित कुमार, हिमांशु मोहन पांडे, नरेंद्र रजक, संजय गुप्ता, पप्पू यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर बीडीओ व प्रखण्ड कर्मियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बीडीओ नीतू सिंह एवं प्रखण्ड कर्मियों ने प्रखण्ड कार्यालय में राष्ट्रपिता के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर सर्वधर्म प्रार्थना एंव सद्भावना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी धर्मो के लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को याद करते हुए कहा कि उन्हें आपस में भाईचारा और प्रेम की भावना रखते हुए उनके बताये अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए। साथ ही शहीदों के बलिदान को भी याद किया गया। बीडीओ नीतू सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नीतियों और सिद्धांतों को अपनाना और उन्हें अपने जीवन में लागू करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हालांकि प्रखण्ड के सभी पंचायतों में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और भारत के प्रथम प्रधान मंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए इनकी जयंती मनाई गई। मौके पर दर्जनों प्रखण्ड कर्मी एवं मुखिया सुधीर सिंह, मुखिया पति सुरेश कुमार कुशवाहा के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

# सिमरिया चौक पर लगा हाईमास्क लाइट बना हाथी का दांत

➲कभी बन्द तो कभी चालु, इसके नाम पर लाखों की होती है कारोबारी

➲यह हाई मास्क लाइट एनटीपीसी द्वारा लाखों की लागत से लगाया गया है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर लगा हाई मास्क लाइट इन दिनों दिखावे की वस्तु बनी हुई है। आलम यह है कि कई बार खराब होने के बाद लाखों का खेल होता है और हुआ यही है ।आपको बता दें कि मास्क लाईट में छह वाइपर लाईट लगा हुआ है किंतु मात्र दो वाइपर लाईट हीं जलता है। जिसका नतीजा है कि महज दो लाइट आँख मिचौनी के तरह काम करता है ना लाइट ना अंधेरा मास्क लाईट डाले है अपना घेरा। यही कहानी बनता दिख रहा है। जबकि यह हाई मास्क लाईट एनटीपीसी के सौजन्य से अँधेरे से उजाले के लिए लगाया गया है। परंतु यह केवल वारे न्यारे होता दिख रहा है। बता दें कि प्रभावित क्षेत्र में एनटीपीसी द्वारा स्कुल, पानी, सड़क आदि कई विकास के मुद्दे पर कार्य करना है किंतु कोल कम्पनी तो महज यहां लूटने छोड़ कोई कार्य करता दिख नहीं रहा है। कोल कम्पनी के आतंक का आलम यह है कि उनके कोयले ढुलाई के वाहन से सैकड़ों लोग काल के गाल में समा चुके है। वहीं धूल गर्दा के कारण कितने बीमार होकर मौत के मुँह में चले गए है किंतु विकास के नाम पर महज मास्क लाइट दिया गया है। यह छलावा नहीं तो क्या है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर शहीद स्मारक फांसी तालाब पहुंच कर उपायुक्त अबु इमरान ने राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए उनकी तस्वीर में पुष्प अर्पित किया। उपायुक्त के अलावे डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं शहीद स्मारक पर लगे शहीद जयमंगल पांडे और शहीद नादिर अली खां के चित्र पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर सर्व धर्म सद्भाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए आपस में भाईचारा एवं प्रेम की भावना रखते हुए उनके दिखाए अहिंसा के राह पर चलने की बात सभी धर्मों के लोगों द्वारा कही गई। साथ हीं चतरा के इतिहास में शहीदों द्वारा दिए गए बलिदान को भी याद किया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नीति एवं सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाकर उसे लागू करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की मनाई गई जयंती



**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कांग्रेस कार्यालय कांग्रेस में युवा कांग्रेसियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं माननीय पुर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मदिवस की अवसर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर जंयती मनाई गई जिसमें मनिका प्रखण्ड के कांग्रेस अध्यक्ष राजकिशोर सिंह युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव अध्यक्षता में जयंती समारोह आयोजित किया गया उक्त मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान कांग्रेस युवा उपाध्यक्ष विशाल पासवान बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव सुरेंद्र भारती प्रखण्ड युवा उपाध्यक्ष मोहन राम तिरलोकी उरांव जी, प्रखण्ड युवा कांग्रेस महासचिव ज्ञानचंद पासवान कोषाध्यक्ष गुडु सिंह सचिव सरजू यादव पवन कुमार कलतू पासवान कलम अंसारी सुनील यादव कांग्रेस युवा कांग्रेस एवं सैकड़ों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मुखिया के नेतृत्व में चलाया गया स्वछता अभियान



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राहम के देवी मंडप में दो अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर स्वाक्षांजलि कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया विश्वजीत उरांव, उपमुखिया मोहन उरांव, वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर पांडेय, विजय पांडेय, अरुण पांडेय, राजमणि सिंह, शिक्षक अनूप पांडेय, पूर्व सैनिक मिथिलेश पांडेय, युवा नेता उपेंद्र पांडेय, सीएससी संचालक बाल कृष्ण यादव, बिट्टू पांडेय, रितेश पांडेय, सरोज पांडेय, बैजनाथ पांडेय, गोविंद सिंह, मोती यादव आदि मौजूद रहे।

# आरएनएम कॉलेज में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं एवं महान स्वतंत्रता सेनानी सह द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह एवं नेतृत्व एनएसएस पीओ डॉक्टर फहीम अहमद ने किया। इस मौके पर दोनो महान विभूतियों की चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।तत्पस्चत प्राचार्य ने महानता के पीछे उनलोगो की स्वतंत्रता संग्राम में कुर्बानियों पर व्यापक प्रकाश डाला और कहा कि अहिंसा परमो धर्म का रास्ता अपना कर अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाए। एनएसएस के स्वयंसेवक प्रिया कुमारी ने महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी की खातिर अंतरराष्ट्रीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय और चतरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आगमन हम सब के लिए गौरव की बात है।उस ने आगे कहा कि गांधी ने सत्य और अहिंसा के रास्ता पर चलते हुए हिंदुस्तान को अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। आज भी उनके ही बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत पर बल दिया।उसने आगे कहा कि असाधारण व्यक्तित्व के धनी लाल बहादुर शास्त्री की कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता है। सारजन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज के परिवेश में गांधी की प्रासंगिकता समाज के लिए बहुत अहम है।अहिंसा और सत्य से ही मानव जीवन में कल्याण संभव है। उनलोगों के उपदेशों पर अपने जीवन में अनुकरण करने पर बल दिया। आगे कहां गया कि आज हमारा समाज इन्हीं दो शब्दों से दूर होता जा रहा है जो बड़ी चिंता का विषय है।इसलिए महान लोगों की जयंती इस बात की तरफ इशारा करती है कि हमें अपने महान पुरुषों की बताए हुए पग पर चलने से ही उन लोगों के आत्माओं को शांति मिलेगी और तभी सच्ची श्रद्धांजलि कही जा सकती है। इस मौके पर कॉलेज के कर्मियों में शशिकांत केसरी अनिल कुमार सिंह उपेंद्र सिंह विक्की सिंह एवं छात्र छात्राओं में सोनू प्रजापति, मनीष कुमार, अभिजीत, सागर, अनुज कुमार, राजा कुमार दुबे, शुभम कुमार, मोहम्मद मोहसिन, पम्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, अभिषेक कुमार के अतिरिक्त दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# 23 सूत्री मांगों को लेकर राजेंद्र दांगी व भीमसेन उड़िया बैठे धरना प्रदर्शन पर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर ग्रामीणों ने 23 सूत्री मांग को लेकर गांधी चौक पत्थलगड़ा से गांधी जी की प्रतिमा को माल्यार्पण करते हुए सुभाष चौक में सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। और फिर शुरुवात सुभाष चौक से ब्लॉक तक की रैली के साथ किया पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन पर बैठे। इस धरना पर कई दिनों से बैठके, विचार विमर्श चल रही थी। कि अगर हम ग्रामीणों का इन सभी मांगों को पूर्ण नहीं किया गया तो हम ग्रामीण 2 अक्टूबर को आमरण अनशन पर बैठेंगे और हम इन 23 सूत्री मांग को लेकर रहेंगे। इस धरना प्रधान प्रदर्शन से पहले 12 सितंबर को भी इसी स्थान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था जिसमें अक्रोशित जनता आवाहन करते हुए कहा था कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम 2 अक्टूबर को फिर से आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। इस आमरण अनशन को लेकर इससे पहले विधायक, सांसद ,जिला पदाधिकारी को मांग पत्र सोपा गया। अनशन में संजय दांगी, बीरबल दांगी, रामचंद्र दांगी, विकास यादव, देवनारायण दांगी, अनिल दांगी, कृष्णा दांगी, जैसे सैकड़ों आंदोलनकारी मौजूद थे।

## साहिया ने ग्रामीणों के साथ किया बैठक आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर में सहिया दीदी आरती देवी एवं सिमरन ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक में लोगो को आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी दिया।इसके साथ साथ आधार कार्ड का महत्व मातृत्व शिशु स्वास्थ्य कुष्ट रोग टीवी रोग परिवार नियोजन की जानकारी दिया।पंचायत समिति सदस्य राहमती प्रवीन नसरीन प्रवीन उपेंद्र भुइया तपेश्वर भुइया उर्मिला देवी रजनी देवी चिंता देवी पंचायत समिति सदस्य राहमती प्रवीन नसरीन प्रवीन उपेंद्र भुइया तपेश्वर भुइया उर्मिला देवी रजनी देवी चिंता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मूसलाधार बारिश में गरीब का घर हुआ ध्वस्त, घर में रखे गोदरेज के सहारे रुका हुआ है छत



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत के महुआ टांड टोला में ब्रह्मदेव भुईयां पिता स्व सुखलाल भुईयां का घर रविवार को मूसलाधार बारिश में ध्वस्त हो गया है। एवं घर में रखे गोदरेज के सहारे घर की छत रुका हुआ है। यह व्यक्ति अत्यंत गरीब है और दिहाड़ी मजदूरी कर अपना भरन पोसन करता है। इसने प्रखंड प्रशासन से आवास की मांग किया है तत्काल यह दूसरे के घर में रहने को मजबूर है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरक्षा कर्मियों ने साईट ऑफिस में की तालाबंदी, आश्वासन के बाद खुला ताला

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न गांव में ओएनजीसी कंपनी के अधीन प्रभा एनर्जी कंपनी मिथेन गैस निकालने का कार्य कर रही है। बड़कागांव प्रखंड में ओएनजीसी का 6 साइट है जिसमें चंदौल गांव में 3 साइट, तलश्वार गांव में एक साइट, कोयलंग गांव में एक साइट और डोकाटांड गांव में एक साइट है। 16 दिसंबर 2016 को प्रत्येक साइट के देख रेख के लिए 4-4 रैयतों को गार्ड के रूप में नियुक्त किया गया था। पिछले 7 वर्षों से कुल 24 रैयत कांट्रेक्टर के माध्यम से गार्ड के रूप में अपनी सेवा ओएनजीसी के 6 साइटों में दे रहे हैं। अचानक बिना किसी जानकारी के 1 अक्टूबर को होमगार्ड के जवानों को कोयलंग साइट कार्यालय लाया गया है। होमगार्ड के जवानों को देख कर पूर्व से सुरक्षा का कार्य कर रहे गार्ड आक्रोशित हो गए और कार्यालय के गेट पर ताला लगा कर विरोध करने लगे। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि जब तक होमगार्ड के जवान यहां से नहीं चले जाते हैं तब तक हम लोग किसी भी कीमत में गेट का दरवाजा नहीं खोलेंगे। इस मामले को लेकर प्रभा एनर्जी के सुरक्षा अधिकारी फैजल सिद्दीकी ने सुरक्षा कर्मियों को आश्वासन देते हुए 10 तारीख को बैठक का समय लिया है। श्री सिद्दीकी ने कहा के आपकी जो भी शिकायतें हैं आप लोग स्वेच्छा पूर्वक 10 तारीख को रख सकते हैं। सुरक्षा अधिकारी के आश्वाशन के बाद ताला खोल दिया गया। वहीं कांट्रेक्टर केदार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की इस मामले में हमें किसी तरह की कोई लिखित या मौखिक जानकारी नहीं दी गई है।

### बारिश में कच्चा घर गिरा, मिट्टी के मलबे में दबी महिला, बाल बाल बची

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत डपोक के डपोक गांव में कच्चा मकान गिर जाने से एक महिला दब गई। तुरंत उनके परिजनो ने हो हल्ला किया। मौके पर शीघ्र ही आस पास के लोग पीड़ित के घर पहुंचे और मिट्टी के ढेर में दबी महिला को निकाल कर स्थानीय चिकत्सक से उपचार करवाया गया। घटना के बाद पीड़ित महिला बताई कि लगातार तीन दिनों से हो रहे बारिश में मेरा कच्चा मिट्टी का घर अचानक गिर गया, जिसके मलवा में मैं दब गई। जिसके बाद मुझे कुछ होश नहीं है। इस घटना में और भी उनके 15 सदस्यीय परिवार बाल बाल बचे। उन परिवार में से एक महिला ने बताई कि वर्षो से पुराना कच्चा मिट्टी के घर में गुजर बसर कर रहें हैं। मेरी माली हालत ठीक नहीं हैं। आवास बनवाने की मांग एक वर्ष पूर्व ही स्थानीय पंचायत मुखिया को आवेदन दिया गया था।और ब्लॉक पदाधिकारी को भी अवगत करा चूंकी हूं। इसके साथ कई बार प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट कर थक चुकी हूं, पर मेरा फरियाद अभी तक नहीं सुनी गई। वहीं इस संदर्भ में मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास से बात होने पर बताया कि मसोमात तिलकी को पिछले साल अम्बेडकर आवास के लिए ग्राम सभा कर इसका रिकॉर्ड ब्लॉक आवास कोऑर्डिनेटर के पास भेजा गया था। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण उनका आवास अब तक स्वीकृत नहीं हुआ है। इस बाबत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमलेश कुमार से पूछे जाने पर बताया कि डापोक पंचायत में कोटा के हिसाब से आवास की आपूर्ति कर दी गई है। लेकिन उक्त मसोमत महिला आवास स्वीकृत नहीं हुआ यह हमें खेद है। पुनः आवेदन मिलने पर आवास बनवाने का अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। घटना क्रम में मौजूद ग्रामीण में महेंद्र रविदास, उपेंद्र पांडे, राधे श्याम पांडे, कुलदीप पांडे ने बताया कि मोसोमत तिलकी अत्यंत गरीब परिवार से हैं। मजदूरी से उनका 15 सदस्यीय परिवार का जीवकोपार्जन चलता है। समय रहते उन्हें आवास मिलना चाहिए था।

### धनवार पंचायत में जनप्रतिनिधियों ने मनाया राष्ट्रपिता गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखण्ड के धनवार पंचायत सचिवालय में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मुखिया समेत पंचायत प्रतिनिधियों ने महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा से अंग्रेजों को देश से खदेड़ दिया। उनके पदचिन्हों पर चलकर देश तरक्की कर सकता है। उन्होंने गांधीजी की स्वच्छता के मंत्र को आत्मसात करने की अपील की। लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान जय किसान के नारे के मौजूदा हालात में भी प्रासंगिक बताया। पंचायत भवन के आस-पास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के अलावा ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, प्रकाश साव, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजन, वार्ड सदस्य मकशुद मियां, मो हसमत, मो मंजूर, जगदीश प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, रुबीना खातुन, सुरेश पंडित, मनोज प्रसाद केशरी, बाबूलाल महतो, करमी देवी, रामदेव सिंह, अब्दुल कादिर, सीताराम प्रसाद, कैलाश प्रसाद, यशोदा देवी, विशेश्वर प्रसाद, नितिन कुमार, रवि कुमार, रंजना कुमारी, मालती देवी, शबनम प्रवीण, विनय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कटिया में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाया गया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कटिया बस्ती के पंचायत सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाया गया। साथ ही पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन एवं वन अधिकार समिति का भी गठन किया गया विशेष ग्राम सभा में लोगों द्वारा कुल 12 योजनाओं को लिया गया एवं वन अधिकार समिति के गठन में अध्यक्ष नंदकिशोर महतो सचिव गोविंद महतो साथी ही 13 सदस्यों का चयन किया गया जिसमें पांच महिला है इसके साथ ही कोतो सी एच ओ श्रीमती रीना टोप्पो के द्वारा आयुष्मान भवएवं आभा कार्ड के बारे में लोगों को बताया गया तथा मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा कहा गया कि आज का दिन पंचायत वासियों के लिए विशेष दिन होता है क्योंकि आज महात्मा गांधी जी का जयंती है।इस अवसर पर लोगों द्वारा छूटा हुआ योजनाओं को लिया जाता है। मौके पर पंचायत समिति अनीता जैन,उप मुखिया नंदकिशोर महतो, वार्ड सदस्य,नूनी देवी,संगीता कुमारी,भूमिका कुमारी,सोनी कुमारी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे

### बैहरी पंचायत सचिवालय में मनाई गई गांधी जयंती

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड स्थित बैहरी पंचायत सचिवालय में सोमवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को माल्यार्पण किया गया। मुखिया पवन कुमार यादव की अध्यक्षता में कई योजनाओं की उपयोगी जानकारी दी गई। मौके पर सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह बैहरी पंचायत मुखिया पवन कुमार यादव, पंचायत सेवक वीरेंद्र कुमार पंचायत सचिव खेमलाल कुमार , गोपाल शिवांगन शिव मंदिर सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामस्वरूप मिस्त्री, सचिव जानकी महतो, समाजसेवी सिटी गोप , समाजसेवी प्रभात महतो, समाजसेवी पप्पू कुमार साव, अमीन सह समाजसेवी विनोद साव , समाजसेवी मनोज ठाकुर, पूर्व पंचायत समिति सुभाष कुमार यादव, सहिया उर्मिला देवी, बिंदु देवी पार्वती देवी ,चमेली देवी ,नीलिमा देवी, महेश यादव , गोपाल कुमार, देवकी महतो ,अजय शर्मा, टेकलाल प्रसाद , दीलेश्वर प्रसाद, अशोक कुमार, समाजसेवी सागर शर्मा ,फरीदा खातून , देवकी महतो, डमरू साव, राजेंद्र पासवान एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण और गणमान्य लोग तथा काफी संख्या मे ग्रामीण शामिल हुए।

### गांधी जयंती पर खादी भंडार में आज से मिलेगी 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर झारखंड खादी एण्ड हैंडलूम भंडार पैगोडा चौक में मार्च 2024 तक विशेष छूट दी जाएगी।जयंती समारोह के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया और खादी कपड़ों की खरीदारी की।वहीं प्रतिष्ठान की संचालक सादाब रानी ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में 20त्न से लेकर 50 त्न तक की विशेष छूट मार्च 2024 तक दिया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से बृजेश कुमार,अधिवक्ता संतोष यादव एवं अन्य शामिल हुए।

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूरा विश्व 2 अक्तूबर यानी गांधी जयंती को ÷अंतराष्टीय अहिंसा दिवस÷ के रूप में मनाता है,यह हम भारतीयों के लिए गर्व की बात है। उक्त बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कही। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने समाहरणालय परिसर अवस्थित बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया।

इसी कड़ी में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने इंद्रपुरी चौक अवस्थित लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी स्मारक स्थल पर पहुंचकर उनके बलिदानों को याद किया तथा उनकी प्रतीमा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## बरही प्रेस क्लब ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में बरही प्रेस क्लब की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता एवं संचालन सचिव सोनू पंडित ने किया। बैठक के पूर्व बरही प्रेस क्लब के सदस्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व शेख भिखारी के चित्र पर उन्हें पुष्पअर्पित उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात बैठक में कोष संग्रह सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। साथ ही बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने बारी - बारी से अपने अपने विचारों को रखा। मौके पर सभी पत्रकारों ने सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## बारिश के कारण गिरा सुगनी के मिट्टी का घर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के पलान्डु गांव में मोसमात सुगनी के खपरैल मिट्टी का घर भारी बारिश के कारण गिर गया। जिसके कारण सुगनी को घर में रहने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुगनी के पति गाजी करमाली लगभग 3 साल पूर्व ही निधन हो चुका है। लेकिन अभी तक सुगनी को ना प्रधानमंत्री आवास मिला ना विधवा पेंशन का लाभ मिला है जिसके कारण सुगनी को जीवन यापन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुगनी का कहना है की हमें सरकार से कोई लाभ नहीं मिलता है इसलिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं तलसवार पंचायत के मुखिया से निवेदन है की मुझे विधवा पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास दिया जाए।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कदमों पर चलने की है जरूरत : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** गांधी स्मारक समिति के तत्वाधान में पतरातू पीटीपीएस स्थित गांधी स्मारक मैदान में राष्टपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद मौजूद रही। विधायक अम्बा प्रसाद ने महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि की और नमन किया इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।विधायक अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर देशभक्ति



गीत बापू के गीत की प्रस्तुति करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया एवं कहा कि हमें महात्मा गांधी के आदर्शों एवं उनके कदमों पर चलने की आवश्यकता है। विधायक ने असहाय गरीबों के बीच वस्त्र का वितरण किया एवं भोजन का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण साहू एवं दिलीप प्रसाद ने किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजित पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अंजन प्रसाद,योगेंद्र खरवार,अनिल सिंह,संजीव सिंह,के के शर्मा,गांधी स्मारक समिति के संयोजक अंजन प्रसाद,अध्यक्ष वासुदेव प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डीएन सिंह,सचिव दिलीप प्रसाद,उप सचिव विजयलक्ष्मी सिंह, अजीत कुमार,कोषाध्यक्ष लल्लन सिंह,उपकोषाध्यक्ष वेद प्रकाश, पुस्तकालय प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, पुस्तकालय सह प्रभारी दीपक उरांव, सलाहकार समिति के रामाक्षय सिंह, सुरेश पंडित,उपेंद्र प्रसाद यादव,प्रेम कुमार साहू,लक्ष्मण साहू,परमानंद केजरीवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## बादम पंचायत सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम पंचायत सचिवालय में महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। गाँधी और शास्त्री जयंती के मौके पर स्वक्षता अभियान चलाया गया। जिसमे पंचायत प्रतिनिधियों ने झाड़ू ले कर साफ सफाई की। इस दौरान मुखिया सुनीता देवी की अध्यक्षता में वन अधिनियम 2006 को लागू कराने के लिए ग्रामसभा की गई। ग्राम सभा में निर्णय लिया गया के वन अधिकार समिति बना कर स्थानीय प्रशासन और अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से पंचायत एवं राजस्व गांव में जंगल बचाने और वन आश्रित परिवारों को व्यक्तिगत दावा पत्र एवं सामुदायिक दावा पत्र दिया जाएगा। इस दौरान राष्टपिता महात्मा गाँधी के गाँव को मजबुत बनाने के सपने को पूरा करने का



ग्रामीणों ने सपथ लिया। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिती सदस्य शहाब अकबर, पंचायत समिती सदस्य रमणिका देवी, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि दिपक दास, वार्ड सदस्य शारीक अशरफ, विक्रम गुप्ता, कैसर अली, फिरोज अंसारी, जितेद राम, संतोष मेहता, सहिया साथी पुष्पा मेहता, गीता देवी, शबाना बेगम, तरन्नुम आरा, मीना देवी, राधिका मेहता, रिना देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बीएम मेमोरियल स्कूल में निर्देशक संदीप कुशवाह के नेतृत्व में राष्टपिता महात्मा गांधी के 154वीं जयंती एवं ÷जय जवान-जय किसान÷ का नारा देने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर बीएम मेमोरियल स्कूल के निर्देशक संदीप कुशवाह ने कहा कि शांति, अहिंसा और सद्भाव का मार्ग



दिखाने वाले राष्टपिता महात्मा गांधी जी को सर्वप्रथम कोटि -कोटि नमन करता हूं जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाया। आगे उन्होंने कहा कि गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बताए मार्गो पर चलने की आवश्यकता है।

## झारखंड प्रदेश गोस्वामी कल्याण परिषद की 30वी वर्षगांठ सूरजकुंड धाम में संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूरजकुंड धाम में झारखंड प्रदेश गोस्वामी कल्याण परिषद की 30वी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में नवनिर्मित अध्यक्ष उमेश गिरी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें मुख्य रूप से महामंत्री राजकुमार गिरी का अहम योगदान रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश गिरी ने कहा गोस्वामी समाज को एकजुट करने के लिए साथ- साथ गरीब और निसहाय को सहारा देने के लिए, अशिक्षित को शिक्षा देने के लिए यहां पर विशेष रूप से चर्चा की जा रही है। साथ ही साथ प्रखंड कमेटी का भी चयन किया जा रहा है। वहीं केंद्रीय सदस्य सुनीता गिरी ने कहा गोस्वामी समाज अभी झारखंड में काफी पीछे है।इन्हें काफी समस्याओं का करना पड़ रहा है। साथ ही साथ संगठन मजबूती पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। मौके पर दुर्गा दास गोस्वामी, बिंदेश्वर पांडा, दिलीप भारती, राजकुमार गिरी, मुरली गोस्वामी, अर्चना गोस्वामी के अलावे कई लोग उपस्थित थे।



## बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं जीटी रोड के किनारे पानी से भरे गड्ढे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के बरही-धनबाद मुख्यमार्ग जी.टी रोड स्थित सूर्यकुण्ड नदी पुल के आगे सूर्यकुण्ड फैमिली रेस्टुरेंट के पास सिक्सलेन जी.टी रोड सडक़ चौडीकरण निर्माण कार्य कर रही ऐजेंसी राजकेसरी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सडक़ निर्माण कार्य हेतु सडक़ किनारे गड्ढा खोदकर पिछले दो वर्षो से छोड दिया गया है.जिस गड्ढेनुमा सडक़ में लगभग छः फीट पानी जमा हो गया है.इसके बाद भी परतुं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया ओर निर्माण कार्य कर रही ऐजेंसी के द्वारा कछुआ के चाल से सडक़ निर्माण कार्य करने के चलते जी.टी रोड पर सफर कर रहे राहगीरों एवं वाहन चालकों को घोर समस्याओं की सामना करना पड रहा है.बताते चलें कि पिछले तीन दिनों के बारिश से जी.टी रोड पर घंटों जाम की समस्या सडक़ निर्माण कार्य कर रही ऐजेंसी राजकेसरी प्राइवेट लिमिटेड का पोल खुलते नजर आ रहा है.



## 15 वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2023 का गांधी जयंती के अवसर पर हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** तीरंदाज़ी का तीन दिवसीय 15 वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2023 का सफल समापन गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग तीरंदाजी संघ और जिला प्रशासन, हजारीबाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 500 प्रतिभागी के साथ 30 राष्टीय स्तर के तकनीकी पदाधिकारी की टीम हजारीबाग पहुंची। सूबे के सभी 24 जिले समेत कई क्लबों की टीम इसमें बतौर प्रतिभागी शामिल हुई। बिग 30 सितंबर को इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) में हजारीबाग के उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी मनोज रतन चौथे और प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया था। लगातर भारी बारिश के बीच तीन दिनों तक चले इस प्रतियोगिता का समापन गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को हुआ ।मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड तीरंदाजी संघ विशेष धन्यवाद का पात्र हैं जिन्होंने इस राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के मेज़बानी का हजारीबाग का अवसर प्रदान किया। हजारीबाग तीरंदाजी संघ और जिला प्रशासन, हजारीबाग भी धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने राज्यभर से हजारीबाग पहुंचे क़रीब 500 तीरंदाजों के विशाल समूह के रहने, खाने और खेल प्रदर्शन दिखाने का उत्कृष्ट प्रबंधन किया। हजारीबाग तीरंदाजी संघ के उत्कृष्ट प्रबंधन से हजारीबाग का मान-सम्मान पूरे झारखंड में ऊपर हुआ है और आशा रहेगा की भविष्य में भी ऐसे ही आयोजन हजारीबाग में करते रहेंगे ताकि हजारीबाग का सम्मान बढ़ता रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाया राष्ट्रपिता गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में बड़े धूमधाम से सत्य अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम बरही प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जहां सभी देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि आज 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। उन्होंने देश के लिए अपना विशेष योगदान दिया। महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई में अहिंसा के मार्ग पर चल कर हमें अंग्रेजी से




आजादी दिलाई।

लाल बहादुर शास्त्री को न सिर्फ एक सच्चे देशभक्त और महान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाना जाता है, बल्कि उनकी छवि एक दूरदर्शी, ईमानदार और निष्ठावान राजनेता के रूप में है, जिन्होंने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान देश को कई संकटों से उबारा व देश की उन्नति व विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी घर घर जाकर कांग्रेस के पैगाम को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## स्वतंत्रता के साथ स्वदेशी, स्वच्छता, स्वावलंबन व ग्राम स्वराज भी थें गांधी जी के राष्ट्र सूत्र : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कुम्हारटोली स्थित गांधी स्मारक पहुंचकर राष्टपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वे वहां स्थानीय समिति द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी शामिल हुए । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि राष्टपिता महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ ही स्वदेशी, स्वच्छता, स्वावलंबन व ग्राम स्वराज के विचारों को नई गति दी । उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को उनके बताएं मार्गो पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए ।

तत्पश्चात गांधी जयंती एवं दुर्गा पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय बड़ा बाज़ार खादी ग्रामोद्योग




शोरूम में खादी कपड़ों पर 20 से 25त्न छूट के ऑफर का विधिवत् उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की बुनकरों एवं श्रमिकों द्वारा बनाए गए खादी के वस्त्रों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए, जिससे रोजगार सृजन हो सके। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में देश में कौशल विकास की एक रचनात्मक मुहिम छिड़ी है, जिसमें खादी बोर्ड अहम योगदान निभा रहा है। खादी बोर्ड स्थानीय कला- संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ पहचान खोते कलाकार और विलुप्त होती कला को निखारने और बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने में सराहनीय भूमिका निभा रहा है ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## राकोमयू कार्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदुर यूनियन कार्यलय मे महात्मा गाँधी एंव पुर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। वहीं सर्वप्रथम दोनों चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा बापू जी पुरे देश में एकता, अखंडता, साम्प्रदायिकता सम्प्रभुता शांति व्यवस्था को एकजुट रखते थे। वहीं श्री यादव ने यह भी कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा से देश को आजाद कराए थे हमें उनके अधुरे सपनों को पुरा करना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलकर हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, चरका करमाली,डा. जीआर भगत, दीपक विश्वकर्मा, लालू महतो, कंचन मांझी, विश्वनाथ मांझी, गणेश राम,दिलीप कुमार,कजरू उरांव,अजय कुमार मिश्रा,दीपक कुमार यादव,सिगू मांझी,रवि पावरीया, बिनोद प्रजापति,कानू मरांडी,बिजय करमाली,धर्मदेव करमाली,सतीश कुमार, श्याम बेदिया इत्यादि लोग मौजूद थे।

## गांधी : जरूरी या मजबूरी विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वधर्म समन्वय परिषद द्वारा गाँधी जयंती के अवसर पर गाँधी स्मारक उच्च विद्यालय के बच्चों के बीच गाँधी : जरूरी या मजबूरी विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विषय के पक्ष और विपक्ष में विद्यालय के आठ चयनित वक्ताओं ने सक्रियतापूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागी विद्यार्थियों ने गाँधी जी के विचार, जीवन और योगदान पर विस्तृत तौर पर बातचीत की। चयनित विद्यालय के विद्यार्थी अंशु कुमारी, अद्विती प्रसाद, रणवीर सिन्हा, अक्षरा कुमारी, रिया कुमारी मेहता, मन्नू कुमार और दीपिका पटेल ने मुख्य प्रतिभागी के तौर पर भाग लिया।इस अवसर पर सर्वधर्म समन्वय परिषद के बलराम सिंह, कमल बगड़िया, आचार्य आदित्य त्रिपाठी, फादर कर्मा कच्छप, आभा मुख़्तलिफ़, पन्ना लाल राम, सुशील स्वतंत्र, दशई प्रसाद, बद्री विश्वकर्मा, सुमित्रा कुमारी ने उपस्थित विद्यर्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के संचालन शिक्षक विनेश्वर महतो ने किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मन्नू कुमार, कक्षा बारहवीं साईस, दूसरा स्थान अक्षरा कुमारी, कक्षा ग्यारहवीं साईस और तृतीय स्थान दीपिका पटेल, कक्षा दसवीं प्राप्त किया। सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को सर्वधर्म समन्वय परिषद की ओर से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## बापू का जीवन, बापू के विचार हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने महात्मा गांधी के जयंती मनाया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि एक प्रकाश, जिसने दुनिया को शांति और सौहार्द का रास्ता दिखाया. एक विचार, जिसने सत्य और अहिंसा को मानवता का सबसे ताकतवर हथियार बनाया. एक आदर्श, जिसने स्वतंत्रता, समानता और समन्वय के बीज बोये. महात्मा गांधी जी का दिखाया सत्य, अहिंसा और सौहार्द का मार्ग ही शांति और तरक्की ला सकता है। महात्मा गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो संपूर्ण मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है. हम सदैव उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करते रहें. उनके विचार हर युवा को उस बदलाव का वाहक बनने में सक्षम बनाएं जिसका उन्होंने सपना देखा था, जिससे सर्वत्र एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिले।

## आयुष्मान भवः लोगों को किया गया जागरूक

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ शहरी क्षेत्र के नगर पंचायत सेवटा में आयुष्मान भव~ कार्ड बनाने में लोगों जागरूक किया गया। इसी लेकर नगर पंचायत सेवटा में आयुष्मान भव~ के लिए लोगों जागरूक किया जा रहा हैं। इसके बाद चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला।इसी क्रम में लोगों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान सहिया सहित वार्ड पार्षद आठ के नरेश प्रसाद साहू ने भाग लिया गया। वार्ड पार्षद आठ के नरेश प्रसाद साहू ने कहा कि तन स्वस्थ तो धन स्वस्थ, तन मन को रक्षा करने के लिए सरकार के महात्वाकांक्षी योजना अब धरातल पर उतरती नज़र आ रही हैं। आज लोगों को जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सहिया राजकुमारी देवी,संगीता देवी,रीना देवी, लक्ष्मी देवी , बबीता देवी, पुनम देवी भुनेश्वर मुंडा राजेश मुंडा इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आईलेक्स में महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती मनाई गई

**बरही(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता)** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने कल और आज के भारत एवं गाँधी और शास्त्री के सपनों का भारत परिचर्चा में भाग लिया। इस परिचर्चा में आयुष, ख़ुशी, पायल, सूरज, सुधा, नीरज, प्रियंका, शौर्य, किरण, प्रिया, अंशू, संतोष, पवन, अमन, ऋषभ, राज, दीपक, सन्वी, दीप्ती सहित अन्य बच्चों का प्रयास भी काफ़ी सराहनीय रहा। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि गाँधी जी का सम्पूर्ण जीवन ही मार्गदर्शक रहा है। सादा जीवन उच्च विचार हीं सफलता प्राप्ति की ओर पहला कदम है। विद्यार्थी जीवन में गाँधी जी के आदर्शों को जीवन में उतारना ही चाहिए। शास्त्री जी का जीवन हमें यह सन्देश देता है कि सफलता प्राप्त करने के बाद भी हमें अपनी जड़ों से जुड़कर रहना चाहिए। वहीं गौरियाकरमा स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में नर्सरी एलकेजी, यूकेजी एवं कक्षा 6 तक के बच्चों ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लिया।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने महात्मा गांधी को याद किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखंड स्थित रजरप्पा प्रोजेक्ट कांग्रेस यूनियन कार्यालय में देश के महानजननायक महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान महात्मा गांधी जी को याद करते हुए नेताओं ने अपने अपने वक्तव्य में बापू के दिये आज़ादी में बलिदान के विषय में चर्चा की गई मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष अल्पसंख्यक ज़ोया परवीन, कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्रनाथ चौधरी, हाजी अख़्तर आज़ाद, चंद्रशेखर पटवा, समाजसेवी योगेंद्र उपाध्याय, मो अली, संतोष रजक सहित कई लोग उपास्थि हुए।

# गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन एसडीपीओ किशोर कुमार रजक सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने रामगढ़ शहर के गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके उपरांत उन्होंने मुक्तिधाम स्थित गांधी घाट पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। गांधी घाट में सभी अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मुक्तिधाम स्थित गांधी घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने गांधी जी के विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी आपको वहम हो और लगे कि आपने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल कर लिया है तो अपने आस-पास के सबसे दिन-हीन/कमजोर और अंतिम व्यक्ति को देखिए और विचार कीजिए कि आपने आज तक अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है उससे उस व्यक्ति के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है क्या उसके जीवन में कुछ परिवर्तन हुआ और जब आप यह सोचेंगे तो आपका वहम खुद ही कम होने लगेगा। इसका तात्पर्य यह है कि कोई भी व्यक्ति बड़ा इससे नहीं होता कि उसने कितना धन कमाया या सोशल मीडिया पर उसके कितने फॉलोअर्स हैं व्यक्ति बड़ा तब होता है जब वह समाज के उस दिन-हीन/कमजोर और अंतिम व्यक्ति के लिए कुछ कर सकने में सक्षम हो या कर पाए। तो आज हम लोग इसी संकल्प के साथ इस गांधी जयंती की शुरुआत करें और अपने जीवन के रूप रेखा में अवश्य ही गांधी जी के इस जंतर को शामिल करें और अपने साथ-साथ अपने समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए कार्य करें। वही कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि गांधी घाट के विद्युत सौदाहगृह को भी जल्द से जल्द क्रियान्वित करने हेतु कार्य किया जा रहे हैं तथा यथाशीघ्र इसे शुरू भी कर दिया जाएगा। साथ ही गांधी घाट को केवल छठ घाट ही नहीं बल्कि एक वृहद योजना के रूप में विकसित करने के लिए योजना तैयार की जा रही है एवं एक वृहद एवं भव्य तोरण द्वार का भी निर्माण जल्द से जल्द कराया जाएगा।महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मुक्तिधाम स्थित गांधी घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने तथा सत्य, अहिंसा, त्याग तथा स्वच्छता का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों का पालन करते हुए देश व समाज के कल्याण में अपना योगदान दें।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन का तीन अक्टूबर को जीएम कार्यलय के समक्ष विरोध प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के संयुक्त ट्रेड यूनियन का उरीमारी एटक कार्यलय में एक अति आवश्यक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बिन्धयाचल बेदिया व संचालन बासुदेव साव ने किया।वही इस बैठक मे संयुक्त ट्रेड यूनियन ने एक स्वर मे कहा कोयला प्रबंधन के द्वारा ग्यारहवे वेतन समझौता को रोके जाने तथा मजदुरो का वेतन बढोतरी पैसा को शाजिश कर हक मार रही है। जिसका संयुक्त सेन्ट्रल ट्रेड यूनियन विरोध करता है। वही तीन अक्टूबर को सीसीएल बरकासयाल क्षेत्रिय महाप्रबंधक कार्यलय के समक्ष यूनियन इन सभी सवालो को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगा। साथ ही उच्च पदाधिकारी के आदेशानुसार धारावाधिक आंदोलन चलाया जाएगा और साथ ही तीन अक्टूबर को सुबह दस बजे से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वही इस बैठक मे अशोक गुप्ता, अशोक शर्मा, शम्भू प्रसाद सिंह, देवेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, संजय मिश्रा, संजय वर्मा, दशरथ कुर्मी, चमण मुंडा, शंजय शर्मा, हरिनाथ महतो, उदय मालाकार, राजेश सिंह, जेपीएन सिन्हा, बिनोद मिश्रा, महादेव मांझी, संजय यादव, रामाकांत दुबे, ओम प्रकाश सिंह, सुधीर सिंह, दिनेश टुडू, जगरनाथ पासवान, आजाद भुईयां, लालू महतो, डा.जीआर भगत, पप्पू सिंह, बासदेव उरांव, बिनोद साव, संतोष पांडेय ,शिव चरण करमाली, राजेश बेदिया, आदि थे।

## सयाल उतरी पंचायत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एंव लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल उत्तरी पंचायत में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर सबकी योजना सबका विकास के तहत मुखिया आशा देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा की बैठक की गई। वही इस बैठक मे सर्वप्रथम चित्र पर मल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। वही इस अवसर पर मुखिया आशा देवी ने कहा कि दोनों महापुरुषों के नीतियों के अनुसार हमें देश को आगे बढ़ाने में हम सभी अपना अहम भूमिका निभाना है महात्मा गांधी के स्वराज के सपने को पूर्णता सफल बनाना है एवं स्वच्छता ही सेवा को अपना मूल मंत्र बनाकर ग्राम पंचायत सहित देश के स्वच्छता अभियान को सफल बनाना है जल जंगल और जमीन और उनके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की जरूरत है। वही पंचायत मे सामूहिक शपथ मुखिया द्वारा ग्रामीणों को दिलाया गया और



योजनाओं का चयन कर सर्वसम्मति से पारित किया गया जिसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान जैसे मामले की आधारशिला रखी गयी। इस दौरान मौके पर पूर्व मुखिया एवं झामुमो नेता सत्येंद्र यादव वार्ड सदस्य गीता देवी, कांति कुमारी सीता देवी, जानकी कुमारी, पिंकी देवी, बबीता देवी, रीमा वर्मा, रागिनी सिन्हा, अजमेरी परवीन, सुधा सिन्हा, माया देवी, प्रभा देवी, उषा देवी, भवानी देवी, रेखा देवी, रेशमा तरुण्म,अनीता सिंह,पूजा देवी, आदि थे ।

## अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में महात्मा गांधी जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे की उपस्थिति में महात्मा गांधी जयंती मनाई गई ।जिसमें सर्वप्रथम महा प्रबंधक जी के द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन तथा दीप प्रज्वलित किया गया साथी उपस्थित अन्य अधिकारियों द्वारा भी माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन उनको अर्पित की गई तथा महा प्रबंधक जी के द्वारा गांधी जी के मूल्य एवं आदर्शों का पालन करना सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना इत्यादि उनके संदेशों को उपस्थित लोगों को बताया एवं सभी को गांधी जी से संबंधित पुस्तक उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए गए तथा गांधी जी के दिखाए गए मार्गों पर चलने का अनुरोध किया गया एवं उक्त कार्यक्रम में सतीश कुमार सिंह क्षेत्रीय गुणवत्ता अधिकारी रमेश कुमार क्षेत्रीय सुरक्षा एवं बचाव अधिकारी एसएन




तिवारी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमल अधिकारी कार्मिक एवं प्रशासनिक मोहम्मद फैयाज उल हक अरगड्डा क्षेत्र मनीष कुमार अम्बाष्टा प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासनिक रजत कुमार जायसवाल एमटीसीडी निखिल श्रीवास्तव उप प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासनिक तथा कर्मचारी सुभाष राजभर अजय पांडे धर्मेंद्र राजभर दुर्गेश कुमार सिंह रोहन कुमार उपस्थित थे।

## भाजपा युवा नेता राजीव जयसवाल ने किया नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिकनी के धनखट्टी टोला में सोमवार को भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जयसवाल के प्रयास से 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा, जिसका विधिवत् उद्घाटन राजीव जायसवाल ने गांव के ही बुजुर्ग टेकलाल चौधरी और धर्मनाथ महतो से फीता काटकर कराया 7ज्ञात हो की विगत कई दिनो से गांव का ट्रांसफार्मर खराब जिस वजह से ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही थी. इसकी सूचना ग्रामीणों ने बीजेपी नेता को तत्पश्चात उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाया. नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामवासियों में काफी खुशी देखी गई है।

## पूर्व सांसद ने चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत हेसापोड़ा सहित चितरपुर प्रखंड के कई क्षेत्रों का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हजारीबाग के पूर्व सांसद डॉ. यदुनाथ पांडेय ने चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत रविवार को हेसापोड़ा सहित चितरपुर प्रखंड के कई क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों तूफानी दौरा करते हुए ग्रामीणों से मुलाकात की और की समस्याएं सुनकर अपनी ओर से यथाशीघ्र समाधान करने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर उनकी उपलब्धियां से भी क्षेत्र के लोगों को अवगत कराया। हेसापोड़ा पहुंचने पर रजरप्पा मंदिर के पुजारी अशेष पंडा, शुभाशीष पंडा, मंथन पंडा, शीतल पंडा, चंदन पंडा, तापस पंडा, देवाशीष पंडा, नितेश पंडा, राजा पंडा, कमल चटर्जी, शिवकुमार गोस्वामी सहित अन्य लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय चितरपुर से होते हुए सुकरीगढ़ा पहुंचे।

## झारखंड अगेंस्ट करप्शन रामगढ़ के द्वारा गांधी जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गांधी जयंती के उपलक्ष पर रामगढ़ झारखंड अगेंस्ट करप्शन के जिला अध्यक्ष राजकुमार राय के नेतृत्व में रामगढ़ गांधी चौक में गांधी जयंती के उपलक्ष में गांधीजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। और उनके महत्वपूर्ण कार्य को याद किया । साथ ही साथ 1917 के चंपारण में किसान आंदोलन को याद करते हुए गांधी जी के पद चिन्ह पर चलने का संकल्प लिया गया । इस माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड अगेंस्ट करप्शन के अध्यक्ष राजकुमार राय , उपाध्यक्ष गुलाम रब्बानी, गोविंद करमाली?, मदन रविदास , रितेश गुप्ता , मोहन मांझी , आरती देवी , उषा देवी , शिव शंकर , ओम प्रकाश , रामचंद्र राम इत्यादि लोग शामिल थे।

## भारी बारिश से किसान का खपरैलनुमा मकान हुआ ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला निवासी अनुलाल महतो 58 वर्ष पिता स्वर्ग सीताराम महतो का पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही वारिस के कारण तीन कमरा वाला का खपरैलनुमा मकान गिर गया और पूरी तरह से ध्वस्त हो गया खपरा और ईट का मकान था जो दीवाल का मलवा गिरने से गांव के सड़क में आवागमन ठप हो गया ग्रामीण दूसरे रास्ता बदलकर ग्रामीण अन्यत्र जगह जाने पर मजबूर है बताया गया कि लगातार हुई तीन दिन की हुई मूसलाधार बारिश से इस क्षेत्र के कई मकान गिर गए हैं बरसात के मौसम में मकान गिरने से परिजनों को रहने में काफी कठिनाई हो गई है तथा परिवार के सदस्यों को काफी मुसीबत से रात गुजारना पड़ रहा है ।

# रैयत विस्थापितों के साथ हो रहे शोषण का करेंगे विरोध : राजीव जायसवाल

### 13 को प्लांट गेट के समक्ष होगा विशाल धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड अंतर्गत कामता में स्थित बीएमल प्लांट के खिलाफ स्थानीय रैयत विस्थापित ओर आस पास के ग्रामीण अब आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में आ गए है. विगत एक वर्षो से रैयत विस्थापित अपने हक ओर अधिकार के लिए जद्दोजहद कर रहे है, लेकिन प्लांट प्रबंधन इनकी मांगो को लगातार अनदेखी कर रहा है. स्थानीय ग्रामीण बताते हैं विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय बीडीओ सीओ ओर कई जनप्रतिनिधियों के उपस्थित में कई दौर की बैठक प्लांट प्रबंधन के साथ हो चुकी है बैठक में ग्रामीणों ने अपने मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा है ओर हर बार की तरह उन्हें सिर्फ प्रबंधन के ओर से झूठा



आश्वाशन ही मिला है, यहां तक की विभिन्न मांगों को लेकर रैयत विस्थापित ओर ग्रामीणों ने ग्राम बचाओ संघर्ष समिती के बैनर तले भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना भी दिया था लेकिन हर बार की तरह झूठा आश्वाशन ही मिला.प्लांट प्रबंधन के अड़ियल रवैया का आप इसी से अंदाजा लगा सकते है. वही अब ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है. जिसके फलस्वरूप आज कामता में ग्राम बचाओ संघर्ष समिती के तत्वाधान में रैयत विस्थापितों की एक आगे की रणनीति को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जय किशून साव एवं संचालन रंजन साव ने किया. बैठक में मुख्य रूप से बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जयसवाल उपस्थित हुए. बैठक में आगामी 13 अक्टूबर को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीएमएल प्लांट के खिलाफ एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया है, अगर इसके बावजुद भी उनकी मांगे को पूरा नहीं किया जाता है तो ओर भी वृहद आंदोलन किया जाएगा।

# गांधी जयंती गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत सचिवालयों में मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत सचिवालयों में धुमधाम से गाँधी जयंती मनाई गई। इसी क्रम में रकुआ पंचायत एवं हेसापोड़ा पंचायत के पंचायत सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वन अधिकार अधिनियम 2006 की शपथ दिलाई गई।रकुआ पंचायत में मौके पर मुखिया पिंकी देवी, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार रजक, उप मुखिया जलेश्वर कुमार मुरमू, पंसस प्रतिनिधि बिक्रम भोगता, पंचायत सेवक राजेन्द्र कुमार सिन्हा, खगेश बेदिया, वार्ड सदस्य बालेश्वर हेंब्रम, सुनील कुमार महतो, सुबाशो देवी, सबिता देवी, मणिमाला सोरेन, सुनीता देवी, गीता देवी, रीता देवी, जय नाथ गांझू, सहिया साथी पूनम देवी, नुनीबला देवी, रेखा देवी, झमनी देवी, बीना देवी, सुकमती देवी, गीता देवी,



आशा देवी उपस्थित थे। इधर हेसापोड़ा पंचायत में वन अधिकार अधिनियम 2006 के शपथ ग्रहण में पंचायत की मुखिया गीतांजलि कुमारी तिर्की, पूर्व मुखिया विशाल करमाली, वार्ड सदस्य गीता देवी, भुनेश्वर महतो, लखीराम बेदिया, मनसो हेम्ब्रम, सहिया दीदी चंचला देवी, सुमित्रा देवी, गुड़िया भारती, ममता देवी, शांति देवी, हीरा मोती देवी, एवं आरती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा गांधी जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा रामगढ़ के गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी जी के आदमकद प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर उनकी जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष तरुण साव ने किया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा के झारखंड प्रदेश मंत्री सह भारतीय जनता युवा मोर्चा के रामगढ़ जिला प्रभारी पूजा सिंह उपस्थित हुई। युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा बहुत ही गर्मजोशी के साथ प्रदेश मंत्री का अंगवस्त्र पहनकर स्वागत किया गया। उसके बाद ÷सेवा पखवाड़ा÷ के तहत रामगढ़ नगर के दामोदर नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक धरोहर राजागढ़ (गढ़ बाबा) परिसर में युवा मोर्चा के द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई की गई स्वच्छता कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री पूजा सिंह शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज हम सभी देशवासियों को संकल्प लेना होगा कि हमें अपने आसपास साफ सफाई रखनी है साफ सफाई रखने से बहुत प्रकार की बीमारी स्वत~ ही खत्म हो जाती है ।

# बदलाव संकल्प सभा की तैयारी जोरों पर

### चौपारण में 30 सालों के इतिहास में पहली बार उमड़ेगा भारी जनसैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** चौपारण में 08 अक्टूबर को बदलाव संकल्प सभा का आयोजन होगा। ब्लॉक मैदान में सुबह 10 बजे से सभा शुरू होगी। यह सभा बरही विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी सभा होगी। इसमें 50 हज़ार की संख्या में लोग जुटेंगे। छात्र, नौजवान, बड़े, बुजुर्ग बड़ी भारी संख्या में शामिल होंगे। यह सभा स्थानीय नेतृत्व कौशल को कैसे निखारा जैसे इसी बिंदु पर केंद्रित होगी। साथ ही झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति, झारखंड की नौकरी में स्थानीयता को प्राथमिकता आदि मसलों पर वक्ता अपनी राय रखेंगे। भारी संख्या में हों शामिल ~ जयराम महतो जयराम महतो ने कहा कि चौपारण की सभा ऐतिहासिक होगी। आप सभी भारी संख्या में जुटें। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती से लेकर महाराष्ट्र की धरती तक प्रवासी मजदूरों, गरीबों, किसानों का अपार साथ मिला है। यह आंदोलन जन - जन का आंदोलन है। हर एक झारखंडी मिलकर चौपारण सभा को सफल बनाएं।

**संघर्ष की बुनियाद पर लिखेंगे बदलाव की इबारत :** संजय मेहता संजय मेहता ने कहा कि यह बदलाव की इबारत लिखने की बेला है। हम सब मिलकर नींव को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि बदलाव की इबारत लिखने के लिए यह सभा की जा रही है। बरही विधानसभा समेत हज़ारीबाग लोकसभा में माटी का नेतृत्व तैयार करेंगे। आज अगर झारखंडी जनमानस नहीं जागा तो आनेवाले वक्त में हमारे नौकरी, नेतृत्व, जमीनों को पूरी तरह लूट लिया जाएगा। ये लोग होंगे शामिल मोतीलाल महतो, फरजान खान, देवेंद्र महतो, दिनेश साहू, उदय मेहता, सृजन हायबरु, राकेश मेहता, विकास महतो, राजदेश रतन, मिथिलेश दांगी, प्रेम नायक, महेंद्र प्रसाद, संजय महतो, डॉ. राजेश मेहता, सुधीर कुमार राम, राज मेहता, राजेन्द्र राणा, अजय राणा समेत सैकड़ों लोग शामिल होंगे।

## विभिन्न पंचायतों में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के अरारी, चोंगाखार, मंझीलाडीह, पेशम समेत सभी पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सहिया, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, शिक्षकों, आमजनों समेत सभी लोगों ने श्रमदान एवं सफाई कार्यक्रम में भाग लिया। इस बीच अरारी पंचायत में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा के द्वारा साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए 15 वीं वित योजना के अंतर्गत 230 फीट लंबी नाली निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम भी किया गया। दूसरी ओर चोंगाखार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा ग्राम गुरहा में स्वच्छता अभियान चलाया गया मौके पर अरारी पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा, उप मुखिया जितेंद्र यादव, वार्ड सदस्य टुनटुन कुमार, जलसहिया मालती देवी, जलसहिया प्रियंका देवी, पूर्व उपमुखिया मुन्नी देवी, पूर्व वार्ड सदस्य दामोदर साव, बहादुर वर्मा, राजेंद्र साव, अजीत साव, रामदेव वर्मा समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा में गांधी जयंती का आयोजन



**रेम्बा/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महात्मा गांधी के 154वीं जयंती के उपलक्ष्य में नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा में गांधी जी के विचारों को जन-जन पहुंचाने, स्वच्छता को बढ़ावा देने एवं राष्ट्र प्रेम की भावना को जन जागृत करने हेतु प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । यह जागरुकता कार्यक्रम विधालय परिसर से शुरू होते हुए ग्राम केंदुवाटांड़ एवं रेंबा होते हुए विधालय परिसर रेम्बा-मल्हो रोड में संपन्न हुई । बच्चो ने गांधी का रूप धारण कर, ग्रामीणों के बीच जाकर फेरी एवं पोस्टर के माध्यम से गांधी जी के विचारों एवं स्वच्छ भारत अभियान से अवगत कराया। विधालय के निदेशक श्री दीनदयाल प्रसाद, संरक्षक श्री मितनारायण प्रसाद ,शिक्षक गण एवं बच्चो के द्वारा बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया उसके उपरांत बच्चों के बीच विधालय प्रबंधन द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्रा मुन्ना कुमार ,सत्यंम भारती, आयुष कुमार,अक्षत गुप्ता, रूपेश, सागर वर्मा, निकिता कुमारी, मान्या कुमारी, रघुवीर पांडा ने भाग लिया। जिसमे प्रथम आयुष कुमार , द्वितीय मुन्ना कुमार तृतीय पुरूस्कार श्री अक्षत कुमार ने प्राप्त किया।

## रारी पंचायत भवन में मनाया गया गांधी व शास्त्री जयंती

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 2 अक्टूबर गांधी जी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर पंचायत भवन अरारी में नेताद्वय के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस बीच मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में पूरे विश्व में शांति और अमन के लिए गांधी जी के विचारों पर चलने की आवश्यकता है। इस बीच प्रखंड प्रशासन के द्वारा निर्देशित विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव उप मुखिया जितेंद्र यादव वार्ड सदस्य टुनटुन कुमार जागेश्वर साव राजकुमार साव वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अर्जुन यादव रामाशीष यादव जगदीश बैठा ग्राम रोजगार सेवक राजदेव विश्वकर्मा पंचायत के सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका जलसहिया स्वास्थ्य सहिया जन वितरण प्रणाली के दुकानदार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रवासी मजदूर ने सूरत में फांसी लगाकर जीवन लीला कर ली समाप्त

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत द्वारपहरी पोस्ट के डुमरियाटांड निवासी अर्जुन मंडल ने बीते रात सूरत में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक करीब 20 साल से सूरत में रहकर चाय की लारी चलाने का काम करता था और अपने परिवार बच्चे सहित सूरत के डिंडोली नवा गांव में रहता था। बीते रविवार रात करीब 10 बजे शौच के बहाने शौचालय मे खिड़की से रस्सी बाँध कर आत्महत्या कर ली काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर जब परिजनों ने देखा तो उसे लटका हुआ पाया। वही सूचना मिलते पर डिंडोली पुलिस पहुच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए समीमेर मेडिकल कोलेज भेज दिया।

# राज्य में हर जगह अराजकता का माहौल : बाबूलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह में मूसलाधार बारिश में भी रविवार को अजीडीह के फुटबाल मैदान में भाजपा की संकल्प यात्रा के जनसभा भाजपा समर्थकों की भीड़ उमड़ी. गांडेय के गांधी नगर में भी जनसभा का आयोजन हुआ. जनसभा को सम्बोधित करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जमकर हेमंत सरकार पर शब्दों के बाण चलाए और कहा की सरकार अब गरीबों की अनाज को बेच दे रही है. महामारी के वक्त पीएम मोदी ने देश के जरूरतमंदों को इसलिए अनाज उपलब्ध कराया की पेट की भूख उनके लिए आफ़त न बन जाए और अब भी अनाज दिया जा रहा है. लेकिन हेमंत सरकार पहले राज्य के थानों के जरिए बालू, कोयला और अवैध खनन की वसूली करती थी, और अब गरीबों के अनाज को बेच रही है. पूर्व



मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा की जब हेमंत सरकार को घोटाले में फंसने का डर सताने लगा, तो ईडी के भय से हेमंत सरकार हाई कोर्ट चली गई लेकिन हर हाल में राज्य की लुटेरी हेमंत सरकार को ईडी पकड़ेगी और होटवार जेल में जैसे दो आईएएस है उसी तरह उन्हें भी जाना होगा, क्योंकि संथाल आदिवासियों के लूटी गई जमीन का फाइल उनके पास भी है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा की अब तो एक नई बात सामने आ चुका है हर फाइल का रेट तय होता है बालू चोरी का है तो उसका रेट एक लाख है, कोयला चोरी और उसके तस्करो का रेट एक करोड़ के करीब पहुंच गया है। ऐसे में हेमंत सरकार का होटवार जेल जाना तय है. जनसभा को भाजपा के प्रदेश सदस्य सुरेश साहू ने संबोधित करते हुए कहा की हेमंत सरकार के एक छोटे मियां अब गिरिडीह में भी तालिबानी शासन रहे है. पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के जरिए जमीन के साथ बालू और कोयला की वसूली में लगे हुए है. सुरेश साहू ने सदर विधायक को तालिबानी शासक बताते हुए कहा की अब हेमंत सरकार के इसी छोटे मियां के संकेत में गिरिडीह जिला में सारे काम होते है.जनसभा को पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद, संकल्प यात्रा जन सभा के संयोजक गणेश मिश्रा, पूर्व सांसद रविंद्र पांडे, रविंद्र राय, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, चुनुकांत, दिनेश यादव, विनय सिंह समेत कई नेताओं ने संबोधित किया. जबकि जनसभा से पहले हजारों बाइक के साथ भाजपा समर्थको का जुलुस पूर्व मुख्यमंत्री को शहर भ्रमण कराते हुए अजीडीह मैदान पहुंचा. इस दौरान शहर भर में पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले पर पुष्प वर्षा किया गया। जनसभा में भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला महामंत्री संदीप डंगाईच, सुभाष चंद्र सिन्हा, मेयर सुनील पासवान, भाजपा महिला मोर्चा की संगीता सेठ, विनिता कुमारी, शालिनी वैशखियार, हरमिंदर सिंह बग्गा, श्याम प्रसाद, मुकेश जालान, सिकंदर हेंब्रम, , डॉली भाजपा युवा मोर्चा के रंजीत राय, रंजीत राय, ¬ राय समेत हजारों की संख्या में समर्थको का हुजूम उमड़ा था।

*ग्राम सभा शपथ पत्र*

*आज महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर हम सभी ग्रामवासी यह शपथ लेते हैं, कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति का गठन/ पुनर्गठन करेंगे तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वन अधिकार पट्टा दिए जाने हेतु उनके दावा पर नियम के अनुसार अनुशंसा करेंगे। हम सभी जल, जंगल और जमीन और इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करेंगे*

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया गिरिडीह। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों के सभी पंचायत/ग्राम स्तर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण करके उनके द्वारा सिखाए गए आदर्श को याद किया गया। तत्पश्चात ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामीणों को वनाधिकार विषयक पर शपथ दिलाया गया। इसके अलावा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन/सम्मान समारोह के अवसर पर शपथ ग्रहण व वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लेते हुए विशेष ग्राम का आयोजन किया गया।

## टीएमसी नेता मुख्तार ने दी राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने सिटी सेंटर पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर श्री अहमद ने कहा की इन दोनों महापुरुषों ने जो हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया है, हमें उस पर अमल करने की आवश्यक्ता है। मैं इन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हुं।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर अधिकारियों ने किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वीं जयंती के अवसर महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाष ने पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में आयोजित कार्यक्रम में बापू के चित्र पर मल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया गया । इसके साथ ही मुख्यालय के अन्य अधिकारियों द्वारा भी बापू के चित्र पर मल्यापर्ण करते हुए बापू को नमन किया गया । इसके उपरांत स्वच्छ पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देष्य से आज पाटलीपुत्र रेल परिसर में महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश सहित अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने आज पाटलिपुत्र रेल परिसर के सभागार में आयोजित बैठक में स्वच्छता



पखवाड़ा के तहत् पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में आयोजित विविध गतिविधियों की समीक्षा की । इसी क्रम में महाप्रबंधक महोदय ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न स्वच्छता प्रतियोगिता के विजय प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया । इस अवसर पर महाप्रबंधक ने आह्वान किया कि स्वच्छता बनाए रखना हमारी दिनचर्या में शामिल होना चाहिए । महाप्रबंधक ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान किए गए कार्य पूरे वर्ष चलाए जाने के लिए निर्देशित किया, जिससे कि रेलवे में स्वच्छता स्तर को न केवल बनाये रखा जाए, बल्कि इस दिषा में और बेहतर मापदण्ड स्थापित किया जा सके। उन्होंने लोगों को सिंगल यूज वाले प्लास्टिक को उपयोग न करने हेतु जागरूक करने पर बल दिया। विदित हो कि रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पूर्व मध्य रेलवे में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 27.09.2023 को स्वच्छ कार्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यालय के सभी विभागों को नामित अधिकारियों के द्वारा सर्वेक्षण कर रैंकिंग की गई। स्वच्छ कार्यालय प्रतियोगिता में प्रशासन विभाग को प्रथम, यांत्रिक विभाग को द्वितीय तथा कार्मिक विभाग को तृतीय स्थान हासिल हुआ। इसी तरह दिनांक 28.09.2023 को स्वच्छता थीम चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## नया बाजार में जलसा ए सीरत उन नबी व इस्लाह मोआशरा कॉन्फ्रेन्स का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नया बाजार ईदगाह मस्जिद के प्रांगण में जलसा ए सीरत उन नबी व इस्लाह मोआशरा कॉन्फ्रेन्स का प्रोग्राम रखा गया जिसमें शहर के कई उलेमा इकराम तशरीफ़ लाए। इस जलसे की सदारत मुफ्ती शाहिद कासमी ने किया। जिसमें खास तौर पर तकरीर मौलाना मोहम्मद अकरम कासमी ने किया। उन्होंने हुजूर पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जिंदगी के ऊपर रौशनी डालते हुए कहा की हमें अपने नबी के बताए हुए रास्ते पर चलने मे ही हमारी भलाई है। जलसे में मुफ्ती अब्दुल हई ने भी अपने तकरीर में कहा कि हुजूर पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने हमें जो तालीम दी है कि किस तरह हम अपनी जिंदगी गुजारे और इंसानियत का पैगाम दें, उस पर अमल करने की ज़रूरत है। उन्हों कहा कि आज के दौर में अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा तालीम दे ताके वह आगे जाकर डॉक्टर, इंजीनियर और दुनिया मे आला से आला मर्तबा हासिल कर सके। प्रोग्राम का नकाबत हाफिज जफर कर रहे थे। इस जलसे में धनबाद के कई उलेमा इकराम तशरीफ़ लाएं जिनमे ईदगाह मस्जिद के इमाम खतीब मौलाना अमीरुद्दीन कासमी, मौलाना सलीम कासमी, मुफ्ती शाहकार, ईदगाह मस्जिद के सदर जावेद इकबाल खान, मौलाना सुफियान, मौलाना आफताब, हाजी अशरफ, मौलाना शफीउद्दीन, नाएब अली, कारी मजहर, शहनवाज आलम, अजहर हुसैन, रफी अहमद और नवजवान कमिटी नया बाजार के तमाम मेंबरान और काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मैं हूं धनबाद समूह ने चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मैं हूं धनबाद समूह के द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर धनबाद के बरटांड़ में गांधी चौक से सीएमआरआई गेट तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा लोगों को कूड़ेदान की अहमियत बताई गई। धनबाद हमारा है स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हमारी है, इन नारों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मैं हूं धनबाद समूह की अध्यक्ष पूजा रत्नाकर ने धनबाद की जनता से आग्रह किया है की जिस दुकान में है कूड़ेदान आप वहीं से ले सामान। भ्रमण के पश्चात सभी सदस्यों ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री



की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मैं हूं धनबाद समूह के मीडिया प्रभारी सह अपना हॉस्पिटल के निदेशक मोहम्मद सलाउद्दीन ने ऑटो ड्राइवर सहित कई लोगों को कूड़ेदान देते हुए यह आग्रह किया की वो खुद भी सफाई रखें तथा दुसरों को भी सफाई के लिए प्रेरित करें। उन्होने कहा कि हम महात्मा गांधीजी के पद चिन्हों पर चलें और अपने धनबाद को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राणा आचार्य, सचिन सिंघानिया, अभिषेक, अनिल, संगीता, पवन कुमार, आसिफ इकबाल, रौशन, मो हलीम समेत अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## दामोदर नदी में जल स्तर बढ़ने से झरिया क्षेत्र में जलापूर्ति हुई प्रभावित

### भारी बारिश के कारण फुटबॉल 10 फिट अन्दर चला गया और आर एल बोर्ड भी डूब गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झामाडा जल संयंत्र केन्द्र जामाडोबा स्थित दामोदर नदी में लगातार हो रही भारी बारिश से 454 आर एल से बढ़ कर 470 आर एल के पार हो गया है। भारी बारिश के कारण फुटबॉल 10 फिट अन्दर चला गया है और आर एल बोर्ड भी पानी में डूब गया है। जब तक पानी का जल स्तर कम नहीं होगा, पानी की सफाई नहीं हो पाएगी। काम कर रहे लोगो का कहना है की पानी का बहाव काफी तेज़ है जिसके कारण साफ करने में काफी परेशानी हो रही



है। हम लोग सोमवार की सुबह से लगे हुए हैं। सुबह से ही झरिया 1, झरिया 2 बंद होने के कारण लगभग 10 लाख लोगो को पानी नहीं मिला है। अगर जल स्तर कम नहीं हुआ तो मंगलवार को भी पानी नहीं मिलने की संभवना है। नदी में पंपों के डूबने कि संभावना को देखते हुए झामाडा कर्मियों द्वारा लगातार नदी से मोटर को ऊपर शिफ्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। झामाडा के कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया है कि दामोदर नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। बाहर से गोताखोर बुलाया गया है। जल्द ही इंटेक वॉल्व की सफाई कर झरिया-पुटकी क्षेत्र में जलापूर्ति बहाल किया जाएगा।

## किसान-मजदूरों को अपना अधिकार समझना होगा : राजेश

### कई लोगों ने माले की सदस्यता लेकर किया पार्टी ब्रांच का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** लखीमपुर खीरी घटना की याद में मनाया जाएगा काला दिवस* भाजपा हटाओ- देश बचाओ, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत आज बेंगाबाद प्रखंड के मोतीलेदा पंचायत अंतर्गत फुलटोली तथा लगठाही नीचे टोला में भाकपा माले ने अभियान चलाते हुए लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान देश और राज्य स्तर की राजनीतिक परिस्थितियों के साथ-साथ स्थानीय जन समस्याओं पर भी चर्चा की



गई। कार्यक्रम की अगुवाई शंभू तुरी, बालेश्वर तुरी, कामेश्वर वर्मा तथा पंकज रजक ने करते हुए कहा कि, बढ़ी हुई महंगाई तथा बेरोजगारी से आम जनता तथा खासकर गरीब परेशान हैं। झारखंड के लोगों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। कहा कि, इस गांव में स्थित तीनों-के-तीनों ट्रांसफार्मर एक माह से भी ज्यादा समय से खराब हैं। इधर, कार्यक्रम में मौजूद माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, देश की जनता ने मोदी के शासन में ताबड़तोड़ महंगाई,बेरोजगारीऔर कुल मिलाकर किसान-मजदूरों की तबाही झेली है। देश की जनता से अंधाधुंध टैक्स वसूल कर मोदी सरकार कंपनियों की सेवा में लगी है। इस सरकार को हटाए बिना देश की जनता का भला नहीं हो सकता। इसलिए किसान-मजदूरोंको एकजुट होकर केंद्र की जन विरोधी सरकार को हटाने तथा अपने हक-अधिकारों को हासिल करने के दिशा में आगे बढ़ना होगा।

## कांग्रेस का गिरिडीह लोकसभा चुनाव पर बैठक 4 अक्टूबर को : ब्रजेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस पार्टी का गिरिडीह लोकसभा चुनाव के लिए 4 अक्टूबर को बैठक होने जा रही है। उक्त बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह लोकसभा के प्रभारी शहजादा अनवर और संयोजक ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा गिरिडीह लोकसभा के 31 सदस्य जिनका नाम प्रदेश से स्वीकृत हुआ है और जिला के चारों मोर्चा संगठन के अध्यक्ष गण तथा गिरिडीह लोकसभा के अंतर्गत पड़ने वाले सभी पीसीसी डेडिकेट



उपस्थित रहेंगे। साथ-साथ प्रखंड और नगर अध्यक्ष भी बैठक में शिरकत करेंगे। इस बैठक के माध्यम से गिरिडीह लोकसभा के 6 विधानसभा में संगठन सशक्तिकरण का काम शुरु होगा और हर जगह मंडल वार्ड और पंचायत कमेटी की जांच भी की जाएगी। साथ-साथ जहां नहीं बना हुआ है 10 दिनों के अंदर मंडल कमेटी पंचायत और बूथ कमेटी का गठन हर हाल में किया जाएगा। हर बूथ में कम से कम 10 सदस्य रहना आवश्यक है और तभी हम चुनाव जीतेंगे। कांग्रेस का संगठन मजबूत होगा तो हम गठबंधन को भी पूर्ण रूप से मदद करने में सक्षम होंगे। हमारे दल में भी कौन-कौन से प्रमुख लोग हैं उनको भी चिन्हित करने का काम किया जाएगा।

## जिले के सभी 256 पंचायतों में ग्राम सभा कर ली जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने की शपथ



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिले के सभी 256 पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन कर जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने की शपथ ली गई। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी ग्रामवासियों ने वन अधिकार अधिनियम, 2005 के द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन करने, वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने के लिए उनके दावा पर नियम के अनुसार अनुशंसा करने, जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की शपथ ली।

## बरोरा क्षेत्र में बेधड़क चल रहा है कोयले का अवैध उत्खनन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बरौरा थाना क्षेत्र में अवैध कोयला का कारोबार चरम सीमा पर है कोयला तस्कर बीसीसीएल के बंद पड़े परियोजना में मुहान खोलकर बेधड़क काला हीरा का धंधा चला रहे हैं। कोयला तस्करों ने रैयत के जमीन पर भी अवैध माइंस खोल रखा है। बरमसिया में मुराईडीह के बंद पड़े खदान के चारों तरफ सैकड़ो अवैध माइंस खोलकर कोयला का तस्करी किया जा रहा है। चिटाही बस्ती के रहने वाले रतन नापित ने पत्रकार को बताया कि कोयला के अवैध कारोबारी मेरी रैयत जमीन पर भी अवैध माइंस खोल रखा है. जिसकी शिकायत हमने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से की है बावजूद कोई करवाई नही हुई है। बताया जाता हैं की हर दिन नए माइंस खोले जा रहे हैं और रोजाना 20 से 25



ट्रक कोयले को ट्रक के माध्यम से बाहर के मंडी में भेजा जा रहा। जान जोखी में डालकर सैकड़ो मजदूर कोयला निकालने का काम कर रहे हैं. कोयला तस्कर बाहर से मजदूरों को बुलाकर अवैध माइंस से कोयला निकालने का काम कर रहे हैं.जिस तेज गति से पिलर को काटा जा रहा है कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। दुर्घटना घटाने के बाद प्रशासन एक दूसरे को दोष देने के सिवाय और कुछ नही कर सकती है।

# प्रतियोगिता के आयोजन से निखरेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा, सिमडेगा बनेगा हॉकी के बाद फुटबॉल की नर्सरी : जोसिमा खाखा

➲ आदिवासी छात्र संघ जिला कमेटी के तत्वावधान में वीर शहीद तेलंगा खड़िया बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन, बालिका वर्ग के उद्घाटन में सिमडेगा कॉलेज की टीम विजयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आदिवासी छात्र संघ जिला कमेटी के तत्वावधान में वीर शहीद तेलंगा खड़िया बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बालिका वर्ग में खुशबू क्लब कॉलेज सिमडेगा बनाम गोलडन नाइट के बीच खेला गया। जहाँ गोल्डन नाइट की टीम 2-0 से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश की। अपने सम्बोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि वीर शहीद तेलंगा खड़िया के नाम पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने तेलंगा खड़िया को नमन करते हुए उनके वीरता को याद किया। साथ ही उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की अपील की। जोसिमा खाखा ने कहा कि ऐसे ही आयोजन से सिमडेगा जिला हॉकी की नर्सरी बना है। अगर फुटबॉल प्रतियोगिता का ऐसे ही आयोजन होते रहेगा तो आने वाले दिनों में निश्चित तौर पर फुटबॉल की भी नर्सरी बनेगा। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेल के क्षेत्र में भी रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। आप एक होनहार और प्रतिभावान खिलाड़ी हैं तो आपको फुटबॉल खेल के क्षेत्र में रोजगार निश्चित तौर पर मिलेगा। विधायक भूषण बाड़ा फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। वे लगातार विधानसभा में भी फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए मांग कर चुके हैं। मौके पर प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, अनिता एक्का, विवेक लकड़ा आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आदिवासी छात्र संघ के रोशन डुंगडुंग, अमन निएल सोरेंग, नीरज बड़ाईक, अनमोल तिर्की, आनंद सोरेंग, जोनशन खलखो, प्रदीप टोप्पो, शंकर मांझी, आयोजन कमेटी के इग्नासीयूस बा, अनुग्रहित कंदुलनज़ एरेन समद, बबिता कुमारीज़ मसकलन जोजो, गुलाबी कुमारी, विवेक लकड़ा, संदीप मिंज सहित समिति के सभी सदस्य अहम भूमिका निभा रहे हैं। बताया गया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच आठ अक्टूबर को खेला जाएगा।

# गांधी जयंती के अवसर पर हुआ ग्राम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर ठेठईटांगर पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजित किया गया । जिसमें सबसे पहले महात्मा गांधी जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन करते हुए कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इसके बाद वन अधिनियम कानून 2006 के अंतर्गत शपथ लिया गया। प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा आज महात्मा गांधी जी की जयंती है, सभी उन्हें याद कर रहे हैं ,उनके तस्वीर, मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर रहे हैं, लेकिन हमें इसका ख्याल रखना है कि उनके सिद्धांत उनके आदर्शों पर हम चले । वे समाज के लिए देश के लिए अपना सारा कुछ निछावर कर दिए छुआछूत का जो भेदभाव था उसे समाप्त करने में हमेशा लग रहे देश को आजादी दिलाने में उनका बहुत बड़ा योगदान था जिसे हमें नहीं भूलना है। साथ ही साथ हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए हैं। पिछला समय में भी हम सभी सफाई किए लेकिन क्या विशेष अवसर पर ही करेंगे हमें हर समय हर दिन सफाई पर विशेष ध्यान देना है साथ ही नशा पान से दूर रहने की बातें कहीं पंचायत सचिव जी ने योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, आज का दिन जो भी योजनाएं दी जा रही है इसे धरातल पर उतारने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी में गांधी जी व शास्त्री जी की मनाई गई जयंती



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंसी में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती के द्वारा दीप प्रज्वलन तथा महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी को पुष्प अर्पण कर के किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वच्छता अभियान तथा शास्त्री जी की उपदेशों से बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता रखी गई। जिसकी थीम थी स्वच्छता अभियान तथा जय जवान जय किसान। इस मौके पर ऋतु मैम, शशि सर, चिनीवास सर, सुनीता मैम, शबनम, रोशन, संगीता, काजल, अफसाना, तारामनी, प्रीत, पुजा, प्राची, खुशबू तथा अनुषा सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

# अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गांधी और शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दोनो महान विभूतियों के समक्ष दीपप्रज्वलन किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी जी सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन, स्वच्छता, महिला शिक्षा और हरिजन उद्धार आदि शिक्षाओ के लिए पूरे विश्व में अनुकरणीय हैं, वही शास्त्री जी का व्यक्तित्व दूरदर्शिता, परिश्रम और सादगी की मिशाल है ऐसी विभूतियों से हमे सीख लेनी चाहिए। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर के साथ साथ आस पड़ोस में स्वच्छता कार्य किया गया और इसे नियमित रूप से अपनाए जाने का आग्रह किया गया, इस अवसर पर प्राचार्य उपस्थित डॉ प्रतिमा, त्रिपाठी, रेणुका, ऋतु, ममता, पवन, आफताब, जंगबहादुर, कुंदन, अर्चना, प्रियंक, शशि, चीनिबास, तबस्सुम आदि ने अपनी भागीदारी दी।

# हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकरटाँड़ :** सिमडेगा जिले के पाकरटाँड़ प्रखंड के में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ । जहां पर फाइनल मैच करांगागुडी और एसटी बॉयस के बीच फाइनल मैच खेला गया।खेल की शुरुआत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एनोस एक्का ,झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग के द्वारा खेल की शुरुआत की। मौके पर करांगागुडी की टीम 0-1 विजेता बनी जिसे मुख्य अतिथि के द्वारा शानदार खस्सी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एनोस एक्का ने कहा इस क्षेत्र में लगातार खेल का आयोजन हो रहा है और जहां पर स्थानीय स्तर पर छिपे हुए प्रतिभा को बाहर लाने का काम किया जा रहा है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है क्योंकि अनुशासन में रहकर आगे खेलते हुए आगे चलकर जिला एवं पूरे देश का नाम रोशन कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने कहा इस क्षेत्र में खिलाड़ियों को खेलने के लिए मैदान तक नहीं है उबड़ खाबड़ मैदान में खिलाड़ी खेल रहे हैं। सरकार और विधायक को इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वर्तमान विधायक भूषण बाड़ा का यह गांव है इस गांव में अब तक एक भी खेल मैदान ना होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे साफ पता चलता है कि यहां के जनप्रतिनिधि और विधायक सिर्फ वोट मांगने ग्रामीण तक जाते हैं और जीत जाने के बाद ग्रामीणों की समस्या तक समाधान नहीं करते। आप झारखंड पार्टी का सहयोग करें आने वाले समय में अगर झारखंड पार्टी की सरकार आप बनाते हैं तो निश्चित रूप से हम लोग इस उबड़ खाबड़ मैदान को एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान बनाने का काम करेंगे साथी खेल के लिए हम हर सम्भव मदद करेंगे।

# सेवा भारती ने गांधी जयंती पर सफाई कर्मी को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित, चलाया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गांधी जयंती के अवसर पर सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें की शहर के मध्य स्थित चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर आसपास के क्षेत्र को बृहद रूप से सफाई किया गया। इस स्वच्छता अभियान पर महिलाएं भी अपने भागीदारी निभाई। इस दरमियान सफाई कर्मी दशरथ उरांव, हरि उरांव को अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। और साथ-साथ बुद्धिमान उरांव, अजीत उरांव, विश्वजीत उरांव, बैजनाथ उरांव, बिरजू साहू, अनीता उरांव, सरिता देवी, सफाई कर्मी को भी सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि हम सभी को आसपास के जगह पर भी सफाई रखनी अति आवश्यक है, घरों के कूड़े इधर-उधर ना फेंक कर कूड़ेदान में ही डालें,हम आपके सहयोग से ही स्वच्छ भारत का निर्माण कर सकते हैं? और कहा कि गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत का संकल्प हीं बापू जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वच्छता के लिए हम लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है, सफाई कर्मी हर मौसम पर सुबह-सुबह ही हमारे क्षेत्र पर पहुंचकर सफाई करना और वहां के कूड़ा को उठाकर ले जाना उनकी जितनी प्रशंसा की जय काम है। लोग जहां-तहां गंदगी ना फैलाते हुए निश्चित चिन्हित जगहों पर ही कूड़ा को फेंकें। आज इस अभियान में दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, सुबोध महतो, शशि भूषण सिंह, गोपाल सिंह, सुरेश महतो, रुपेश चौधरी, अतुल सराफ, तीर्थ महतो, अनिल वर्मा, सुधीर ठाकुर, अंजलि सर्राफ, शिमला देवी, अनीता पोद्दार, रश्मि देवी, ममता बंका, राखी अग्रवालकुमा, विजय कुमार आदि थें।

# कच्चे मकान की दीवार गिरने से महिला हुई गंभीर रूप से जख्मी

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र में लगतार हो रही बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के जोगना में कच्चा मकान का दीवार गिरने से महिला गम्भीर रूप से हुई जख्मी हो गई। जख्मी महिला को इलाज के लिये परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की तीन दिनों से लगतार हो रही बारिश के कारण जोगना ग्राम निवासी लियाकत अंसारी का कच्चा मकान का दीवार गिर गया जिसमें लियाकत अंसारी की पत्नी रहिमन बानो को हाथ पैर एवं कमर में गम्भीर चोटें आई है। घटना के उपरांत परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया जहाँ स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर कर दिया गया। परिवारिक सूत्रों के हवाले से बताया जाता है कि रहिमन बानो अपने घर में रसोई के समीप सब्जी काट रही थी। उसी समय अचानक दीवार गिर गया जिससे महिला को गम्भीर चोटें आई है वही घटना की सूचना आपदा प्रबंधक पदाधिकारी विभाकर कुमार को देते मदद का गुहार लगाया गया। इस संदर्भ में आपदा प्रबंधक पदाधिकारी ने घायल महिला को इलाज करवाने तथा पीड़ित परिवार से लिखित आवेदन का मांग किया गया है।

# भाजपा नगर मंडल ने महात्मा गांधी की जयंती पर किया माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल लोहरदगा के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए माल्यर्पण किया। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया गया। जिसके अंतर्गत बीमारों की सेवा, सफाई अभियान आदि अनेक कार्य किए गए। अंत मे 2 अक्टूबर सेवा पखवाड़ा का समापन हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी जी का मिशन चातुर्दिक विकास के साथ साथ सफाई भी आवश्यक है।सफाई से स्वस्थ्य समाज का निर्माण होता है। इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपनो के साथ समाज को भी जागरूक करना होगा। इसी आह्वान के साथ गाँधी जी पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में राजेश महतो, अशोक काँस्यकार, प्रदीप खत्री, दीपक साहू, ज्ञानेश गुप्ता, पवन प्रजापति, शंकर प्रजापति, महेश, मालाकार, मुरलीधर अग्रवाल, अनुप वर्मा, विकास आदि उपस्थित हुए।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत अन्तर्गत डोका ग्राम में 2 अक्टूबर गाँधी जयन्ति पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्राम प्रधान नारायण उराँव की अगुवाई में ग्रामीणो द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के अन्तर्गत ग्रामीणो के द्वारा गाँव मुहल्ला में सभी जगहों पर घूम घूम कर साफ सफाई किया गया। वही जगदीश लकड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वाहन पर स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान प्रारम्भ किया गया है। तथा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का जन्म दिवस को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। गाँधी जी का सपना था स्वच्छ भारत का जिसे साकार करना हम सभी का कर्तव्य है। साथ ही कहा कि कोरोना के साथ साथ मलेरिया, जुकाम, डेंगू, चेचक, हैजा जैसे विभिन्न तरह के बीमारियों से बचने के लिये स्वच्छता आवश्यक है। और सफाई से गाँव, घर, मुहल्ला भी साफ और सुन्दर रहे। मौके पर सुरेश उराँव, नारायण भगत, सुरेन्द्र भगत, रामजीत उराँव, लक्ष्मण उराँव, गोपाल, ईश्वर साहु सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# कल्याण अस्पताल में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर चलाया स्वच्छता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** महात्मा गांधी जी के 154 वीं जयंती के अवसर पर विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल बसारडीह लोहरदगा में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो घंटे स्वच्छता अभियान के तहत अस्पताल के चिकित्सक, एएनएम, जीएनएम, प्रबंधक, हाउसकीपर, वार्ड अटेंडेंट, स्वीपर, पारा मेडिकल कर्मियों के द्वारा अस्पताल परिसर में श्रमदान कर मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल कर्मियों को संबोधित करते हुए अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ भगवान मांझी ने कहा कि भारत को दिशा देने में महात्मा गांधी जी का अतुलनीय योगदान है जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा स्वच्छ भारत से ही समृद्ध भारत संभव है। डॉक्टर दिलीप खेस ने कहा कि स्वच्छता ही महात्मा गांधी जी का मूल मंत्र था स्वच्छता सभी स्तरों पर होनी चाहिए चाहे वह शरीर का हो, घर का हो या कार्य स्थल का हो। स्वच्छ शरीर में ही आरोग्य शरीर का वास होता है। कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक ने कहा कि जिस प्रकार वर्तमान समय में देश के नेतृत्वकर्ता एवं प्रधान सेवक श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत की परिकल्पना की है उसे हम सभी को मिलकर साकार करना है और हम जहां भी रहे स्वच्छता के लिए आग्रही रहे और प्रतिदिन स्वच्छता के लिए श्रमदान अवश्य करें।

# ठेठईटांगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटाँगर थाना में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन। शांति समिति की बैठक के साथ-साथ सोमवार को आगामी दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक में सभी सम्प्रदाय के लोगो के साथ-साथ जन प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी कोई पर्व त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारा के साथ मनाए। जब भी दो पहिया वाहन में घर से निकले तो हेलमेट पहनकर ज़रूर निकले और सबसे अहम बात कि थाना प्रभारी से किसी भी तरह की शिकायत हो तो वह थाना में आकर खुल कर अपनी समस्या बता सकते हैं। शांति समिति की बैठक में बहुत सारे बातों पर चर्चा हुई। बैठक में सभी को यह भी बताया गया की कभी भी किसी को अगर किसी प्रकार की गतिविधियाँ जो किसी भी धर्म संप्रदाय को नुक़सान पहुँचाने या किसी तरह के भड़काऊ बाते या किसी तरह की सोसल मीडिया पोस्ट हो उन सभी को ध्यान में रखकर चलना है। शांति समिति के इस बैठक में ठेठईटाँगर शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं

# स्वैच्छिक रक्तदान दिवस अवसर पर कार्यशाला सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रक्तदान महादान, रक्तवीरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल लोहरदगा के सभागार में कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि लोहरदगा में अनेक ऐसी संस्थाएं हैं जो निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन करती है और लोहरदगा में रक्त की कमी नहीं होने देती है। लोहरदगा जैसे छोटे जिले में रक्तदान को लेकर इतनी जागरुकता प्रसंशनीय है। उन्होंने अपने प्रथम रक्तदान के दिन की याद को साझा करते हुए बतलाया कि रक्तदान के पश्चात तत्काल मुझे यात्रा करनी थी मैंने यात्रा भी किया,किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई फिर मैं लगातार रक्तदान करता था। उन्होंने कहा कि लोहरदगा के ब्लड बैंक में शीघ्र ही सेपरेशन मशीन लगाया जाएगा जिससे कई लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर सनल सानू बरवार ने संबोधित करते हुए बतलाया कि शहरी क्षेत्र में काफी जागरूकता आई है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कार्य करने की आवश्यकता है। ब्लड की आवश्यकता होने पर रक्तदान से ही इसकी प्रतिपूर्ति की जा सकती है इसका कोई विकल्प नहीं है। अतः इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना होगा। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि लोहरदगा जिला में रक्तदान कर सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा दिया जाता है, किसी को भी रक्त की आवश्यकता होती है तब जाति धर्म से बाहर होकर तत्काल रक्तवीर रक्तदान करते हैं। कोरोना जैसी महामारी के समय इसकी मिसाल देखने को मिला। उन्होंने सोसाइटी के कार्यकारणी सदस्य देशराज गोयल की प्रशंसा करते हुए बतलाया कि 78वीं बार रक्तदान कर लोहरदगा में कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं कई संस्थानों में मुख्य भूमिका निभाने वाले और रक्तदान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले देशराज गोयल ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि रक्तदान मेरा जुनून है। रक्तदान से किसी की जान बचती है तो मुझे खुशी मिलती है। सभी संस्थाओं से मेरा आग्रह है कि साल में दो बार भी रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगे तो प्रत्येक दस दिनों में शिविर का आयोजन होगा।

# महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी थे और सादगी उनकी पहचान : नेसार अहमद

## कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में किया गया। सर्वप्रथम दोनों महापुरुषों के चित्र पर उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने वक्तव्य के माध्यम से महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन दर्शन एवं आदर्शों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए सुखैर भगत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। बिहार के नील सत्याग्रह, दांडी नमक सत्याग्रह, खेड़ा का किसान आंदोलन एवं असहयोग आंदोलन के द्वारा उन्होंने आजादी के नीव रखी,इन प्रयासों के दौरान में कई बार उन्हें जेल यात्रा भी करनी पड़ी,वे सर्व धर्म समन्वय,मद निषेध, चरखा चलाना, कई दिनों तक उपवास करना, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार आदि पर बल दिया और महत्वपूर्ण कदम उठाए। प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शाहदेव ने कहा गांधी जी अपने अहिंसा आत्मक आंदोलन के माध्यम से देश को आजादी दिलाने का काम किया, अकेले उन्होंने बहुत सारी लड़ाइयां लड़ी आंदोलन में सहभागी हुए इसके साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों रंगभेद नीति छुआछूत आदि का अंत किया, वर्तमान में देश में गोडसे रूपी धार्मिक कट्टरवाद हावी है जिसे हमें गांधीवादी विचारधारा से समाप्त करने की आवश्यकता है। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि भारतीय राजनीतिक मंच पर 1919 से 1948 तक महात्मा गांधी जी इस प्रकार छाए रहे कि इस युग को भारतीय इतिहास का गांधी युग कहा जाता है। 1914 में गांधी जी भारत लौट आए और अपनी सेवाओं की मान्यता के फलस्वरूप अब महात्मा कहलाने लगे। आने वाले कुछ समय तक भारतीय स्थिति का अध्ययन करते रहे । 1917 में उन्होंने बिहार के चंपारण जिले में नील के बगीचों के यूरोपीय मालिकों के विरुद्ध भारतीय मजदूरों को एकत्रित किया। 1919 की जलियांवाला बाग में हुई दुर्घटना और रोलट ऐक्ट के पारित होने पर गांधी जी बहुत खिन्न हुए और उन्होंने भारतीय राजनीति में सक्रिय भाग लेना आरंभ कर दिया। उन्होंने अंग्रेजों को %शैतानी लोग %कहा और अपनी असहयोग की नीति अपनाई। खिलाफत और असहयोग आंदोलन (1919-22) लखनऊ समझौते के परिणाम स्वरुप हिंदू- मुस्लिम एकता को बल मिला। कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि अपने सादगी भरे जीवन एवं सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने देश का संगठित किया और अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया एक शिक्षित बैरिस्टर होने के बावजूद उन्होंने अपना जीवन अर्धनग्न अवस्था में व्यतीत किया, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर उन्होंने बल दिया और विदेशी कपड़ों कि होली जलाई। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल ने कहा कि गांधी जी अपना राजनीतिक यात्रा के दौरान तत्कालीन बिहार कई बार आए और लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरित किया,उन्होंने विशेष कर टाना भगतों को संगठित किया करिश्माई नेतृत्व के कारण समाज के सभी लोग उनके पीछे जुड़े फल स्वरुप देश आजाद हुआ, मौके पर प्रदीप विश्वकर्मा, हाजी सिकंदर अंसारी, शहादत हुसैन, सलीम अंसारी, शाहिद अहमद वेलू, सद्रुल अंसारी, युनूस अंसारी, जुगल भगत, दीपक महतो, दिनेश गुप्ता, दीपक ठाकुर, मोजम्मिल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, प्रकाश उरांव, संभू प्रजापति, रंजीत लकड़ा, तौसीफ आलम, गुलाम जिलानी, सैफ अहमद, मुनव्वर आलम, आफताब आलम, सुभम शहदेव, अंसारी, इमरोज़ अंसारी, मोहमद फारुख, सविता कुमारी, सेराज अंसारी, मोइज खान इत्यादि उपस्थित थे।

**चलते चलते एक नजर**

## अल्पसंख्यक कांग्रेस ने महात्मा गांधी की जयंती पर किया भोजन का वितरण

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची महानगर अल्पसंख्यक कांग्रेस के द्वारा महात्मा गांधी के जयंती के मौके पर गरीब बच्चों के बीच भोजन वितरण किया। अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष हुसैन खान ने बच्चों के बीच सौकड़ो खाना का डब्बा बांट कर बच्चों को महात्मा गांधी के जीवनी भी बताया और कहा कि महात्मा गांधी पुरे जीवन देश के लिए त्याग दिए। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि झूठ पर करुणा की राजनीति नफरत की राजनीति पर हो हावी हो। कांग्रेस ने झूठ पर सच्चाई की जीत की दिशा में काम करने का भी संकल्प लिया और यह सुनिश्चित किया कि करुणा की राजनीति नफरत प्रतिशोध और पूर्वाग्रह की राजनीति पर हावी हो।

## मारवाड़ी सहायक समिति के चुनाव में विजयी पदाधिकारियों को दी गई बधाई

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मारवाड़ी सहायक समिति , रांची के 2023-25 के चुनाव में मनोज चौधरी सहित विजयी पदाधिकारीयो व कार्यकारी सदस्यों को विप्र फाउंडेशन ,झारखंड जोन- 6 के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा , महासचिव प्रमोद सारस्वत, उपाध्यक्ष निरंजन लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय दाधीच व जयप्रकाश शर्मा ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है। सारस्वत ने कहा कि समाज के हितों की रक्षा करने का दायित्व आप सभी लोगो का बड़ा है।हमें विश्वास है कि आप सभी मिल जुलकर पूर्व की भांति समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अपना भरपूर योगदान देंगे।

## राज्यपाल ने किया महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को नमन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनके जयंती पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि जय जवान जय किसान के प्रणेता, सादगी और सदाचार के प्रतीक, भारत रत्न से अलंकृत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें शत-शत् नमन किया है। उन्होंने कहा कि सादा जीवन-उच्च विचार को चरितार्थ करता उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि दुनिया को सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का पाठ पढ़ाकर प्रेरित करके विश्व को शान्ति का मार्ग दिखाने वाले महान नेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। साथ ही समस्त देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# पूर्ववर्ती छात्र परिषद ने गणेश लाल अग्रवाल को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र परिषद ने गणेशलाल अग्रवाल की जयंती पर महाविद्यालय परिसर में गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विदित हो कि 2 अक्टूबर को स्व. गणेशलाल अग्रवाल जी का जन्म पलामू में हुआ था। उन्होंने पलामू में शिक्षा व्यवस्था को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गणेशलाल अग्रवाल ने डालटनगंज के बारालोटा में भूमि दान कर 1954 में महाविद्यालय की स्थापना की थी। जो एकीकृत बिहार में सबसे बड़े महाविद्यालयों में गणेशलाल अग्रवाल महाविद्यालय का नाम रहा है। जिसके छात्र आज पूरे भारतवर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवा दे रहें है। आज जरूरत है पलामू में उच्च शिक्षा में हो रहे बढ़ोतरी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ शैक्षणिक वातावरण निर्माण में सहयोग करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार और विश्विद्यालय प्रशासन से आग्रह है कि जीएलए महाविद्यालय को ऑटोनोमस बनाया जाए। महाविद्यालय के पूरे परिसर को चहारदीवारी कर संरक्षित करने की आवश्यकता है। आज समाजिक कार्यों में लोगों की भागीदारी तो बढ़ी है लेकिन सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सहयोग की भूमिका व इसके निर्माण में लोकभावना की मनोविज्ञान को बढ़ाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जीएलए कॉलेज के पूर्वर्ती छात्र संघ के सचिव राहुल भट्ट ने कहा कि गणेशलाल अग्रवाल की बड़ी और भव्य प्रतिमा बननी चाहिए। यहाँ प्रकाश की उचित व्यवस्था और सुंदरीकरण की आवश्यकता है। वक्ताओं में भाजयुमों युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्योति पाण्डेय, महामंत्री श्वेतांक गर्ग,रोहित पाठक, दीपक पाण्डेय, राजू ओझा, पंकज कुमार, नवनीत तिवारी, विशाल कुमार, निखिल, आंनद कुमार, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## वंदे भारत ट्रेन को पलटाने की साजिश पटरियों पर बिछाए गए थे पत्थर और सरिए

**एजेंसी**

**भीलवाड़ा :** उदयपुर से जयपुर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को सोमवार सुबह पटरी से उतारने की साजिश रची गई। षड़यंत्र के तहत ट्रैक पर पत्थर और लोहे के सरिए बिछाए गए थे, लेकिन लोको पायलट की सजगता से बड़ी दुर्घटना टल गई।

भीलवाड़ा से करीब चालीस किलोमीटर दूर चित्तौड़ जिले में सोनियाणा व गंगरार रेलवे स्टेशन के बीच अज्ञात बदमाशों ने पत्थर और लोहे की कील लगा कर ट्रेन को पलटाने का प्रयास किया। जानकारी मिलने पर तत्काल रेलवे सुरक्षा बल भीलवाड़ा की टीम मौके पर पहुंची। एक सप्ताह में ही यह दूसरा प्रयास है। इससे पहले ट्रेन का उद्घाटन होने के अगले ही दिन पथराव किया गया था। अब ट्रेन को पटरी से नीचे उतारने की साजिश रची गई। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर से सुबह सात बजकर पचास मिनट पर रवाना होकर चित्तौड़गढ़ पहुंची थी। यहां से करीब साढे नौ बजे भीलवाड़ा के लिए निकली थी। इस बीच रास्ते में सोनियाणा व गंगरार रेलवे स्टेशन के बीच लोको पायलट को पटरियों में कुछ गड़बड़ी की आशंका हुई। लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन से उतरकर देखा तो करीब पचास फीट की पटरी पर पत्थर, कीले और सरिए पड़े दिखे। उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इस पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम मौके पर पहुंची।

पिछली बार पथराव की घटना मेवाड़ विश्वविद्यालय के सामने ही हुई थी। आज का घटनास्थल भी मेवाड़ यूनिवर्सिटी से ज्यादा दूर नहीं है।

## आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 60 से ज्यादा जगहों पर एनआईए ने की छापेमारी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को नक्सली मामले में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 60 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की. एएनआई ने राज्य पुलिस के साथ अलग-अलग टीम बनाकर तलाशी अभियान चलाया.

ये रेड तेलंगाना के हैदराबाद, आंध्र प्रदेश के गुंटूर, नेल्लोर और तिरुपति जिलों में की गई. जिन जगहों पर तलाशी ली गई उनमें नागरिक अधिकार समर्थकों के कई नेताओं के घर शामिल हैं. इन सभी नेताओं पर नक्सली समर्थकों के साथ होने का संदेह है.इससे पहले पिछले महीने की शुरुआत में यानी 9 सितंबर को भी एनआईए ने तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में रेड मारी थी और तलाशी अभियान चलाया था. एजेंसी ने ये रेड अगस्त 2023 के मामले में मारी थी जिसमें विस्फोटक सामग्री, ड्रोन और लेथ मशीनों की बरामदगी हुई थी. आरोप था कि प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ये सामग्री सुरक्षा बलों के खिलाफ इस्तेमाल करने वाली थी. जून के महीने में कोठागुडेम के चेरला मंडल में तीन आरोपियों के पास से विस्फोटक सामग्री, ड्रोन और लेथ मशीन जब्त करने के बाद एनआईए ने 12 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था. इसके अलावा, एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के ढांगरी इलाके में आतंकी हमले के सिलसिले में पुंछ में 4 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया था. इस छापेमारी में एजेंसी ने आपत्तिजनक डेटा, कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज बरामद किए थे.

## प्रशासन करे कड़ी कार्रवाई : प्रथम महापौर

*** कुछ लोगों को शहर की खुबसूरती नहीं आ रहा है पसंद**

*** प्लांटेशन, डिवाइडर, दूधिया रोशनी सहित कई सामानों को अराजक तत्व पहुंचा रहे हैं क्षति**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में जनता को एक खूबसूरत मरीन ड्राइव,गांधी उद्यान, महात्मा गांधी मार्ग,चौक चौराहे उपहार स्वरूप दिया। जिसका देखरेख मैं स्वयं अपने निजी खर्च से तीन माली,तीन इलेक्ट्रीशियन, दो सुपरवाइजर, एक पानी टैंकर ड्राइवर के साथ रखकर मेंटेन कर रही हूं। ताकि निगम का यह धरोहर शहर की शान को बनाए रखे। जिसे लोग पसंद भी कर रहे हैं।

लेकिन इधर नित्य दिन कुछ लोगों द्वारा जिन्हें यह सब रास नहीं आ रही है, उन लोगों द्वारा यह सारी चीज क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। जिसे मैं प्रतिदिन कभी मरीन ड्राइव का जाली बनवा रही हूं, कभी मैं डिवाइडर के ऊपर लगे लाइट बनवा रही हूं, तो कभी मैं बेंच ठीक करवा रही हूं। कभी प्लांटेशन लोग उखाड़ कर ले जा रहे हैं। जिसे मैं पुनः लगवा रही हूं द्य मैं यहां की जनता से अपील करती हूं कि यह संपत्ति आपकी है। इसे शुव्यवस्थित रखने में मदद करें। साथ ही साथ प्रशासन से भी अनुरोध करूंगी कि मैंने सभी जगह सीसीटीवी लगा रखी है। जांच कर ऐसे उपद्रवी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रथम महापौर ने यह भी कहा कि शहर में आरक्षी अधीक्षक से बात करूंगी कि सारे सार्वजनिक स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। तभी हमारा यह शहर का धरोहर सुरक्षित एवं सुवस्थित रहेगा।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री जी के जीवनी से हम सब को प्रेरणा लेने की जरूरत : कुमार आदर्श




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री कुमार आदर्श, श्री उत्कर्ष देव, श्रीमती पूजा देव, शिक्षक श्री रौशन राज, श्री मनीष कुमार, शिक्षिका श्रीमती तबस्सुम खान, श्रीमती प्रीति ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के सामने दीप प्रज्वलित कर तस्वीर पर माल्यार्पण किया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रा जूही कुमारी व सृष्टि कुमारी के सुमधुर स्वर में रघुपति राघव राजा राम की धुन से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया । कार्यक्रम में शिक्षक श्री मनीष कुमार, छात्र आशु और अंकुश तथा छात्रा गीतांजलि और कोमल के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया ।

प्राचार्य कुमार आदर्श ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी हमेशा कहा करते थे कि विश्व के सभी धर्म, भले ही और चीजों में अंतर रखते हों, लेकिन सभी इस बात पर एकमत हैं कि दुनिया में कुछ नहीं बस सत्य जीवित रहता है । मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन इसलिए हमें सदैव सत्यता पर अडीग रहने की आवश्यकता है । आज इस अवसर पर पूरे देश में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ÷स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा÷ मनाया जा रहा है । उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक अभियान नहीं बल्कि जीवन शैली होनी चाहिए । श्री कुमार आदर्श ने लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी का मानना था कि लोगों को सच्चा लोकतंत्र या स्वराज कभी भी असत्य और हिंसा से प्राप्त नहीं हो सकता है, कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियादी संरचना मजबूत बनें। आज के परिवेश में हम सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए ।

इस पूरे कार्यक्रम का संचालन वर्ग दशम के छात्र शांतनु कुमार ने किया। इस मौके पर विद्यालय के संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडे, अर्जुन अग्रवाल, दीपक कुमार, शुभम कुमार, गौरव तिवारी, विकास उपाध्याय, गौरव पांडे, रंजनी पाठक, समेत कई लोग उपस्थित थे.

## डालसा ने जेल अदालत में तीन मामलों का किया निष्पादन

**रांची :** रांची के जिला विधिक सेवा प्राधिकार ( डालसा ) ने सोमवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में जेल अदालत -सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर को सम्बोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने कानून की जानकारी दी। जागरूकता शिविर में उपस्थित कारा अधीक्षक हामिद अख्तर ने कहा कि किसी भी बंदी को कोई परेशानी है, तो वे उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिवक्ता और कारा में कोई परेशानी हो तो उनका शीघ्र समाधान किया जायेगा। आज की जेल अदालत में छोटे अपराध के कुल सात मामलों को रखा गया, जिसमें तीन मामलों का निष्पादन किया गया। शिविर को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन, न्यायिक दण्डाधिकारी अक्षत श्रीवास्तव, अशोक कुमार, नूतम एक्का, रूचि दयाल ने भी सम्बोधित किया।

**स्वच्छता पखवाड़ा पर मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज में हुआ कई कार्यक्रमों का आयोजन**

## युवा वर्ग को गांधी जी के आदर्शों पर चलने की जरूरत : डॉ. श्वेता कुमारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज, लिलवाकरम पोखराहा खुर्द के प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के साथ-साथ भाषण प्रतियोगिता कविता,निबंध प्रतियोगिता तथा सामूहिक वाद विवाद का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों संकाय के विद्यार्थियों विज्ञान, वाणिज्य एवम आर्ट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में आयुष अमन, रक्षिता रंजन एवं आस्था मिश्रा के भाषणों की सराहना की गई। 44 झारखंड बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने भी अपने कॉलेज के सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कॉलेज के प्राचार्या डॉक्टर श्वेता कुमारी ने गांधी जी के विचारों को सरलतापूर्वक विद्यार्थियों को समझाया तथा उन्होंने यह भी बताया कि गांधी जी के तीन नियम - बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो पर यदि आज की युवा पीढ़ी चले तो किसी तरह का वाद विवाद,समस्या, लड़ाई झगड़ा होगी ही नहीं।

साथ ही साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत बताया कि कचरा मुक्त भारत बनाने के लिए हमें अपने आसपास से ही शुरुआत करनी चाहिए।स्वच्छता पखवाड़े के कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों कॉलेज के उप प्राचार्या कुमारी पूनम चतुर्वेदी, स्वस्ति सत्यपाल नंदकिशोर कुमार ,जीवनंदन कुमार, वंदना कुमारी, पूजा अग्रवाल, नीतू मिश्रा, सिमरन कौर ,उदय कुमार ,मुकेश कुमार गुप्ता ,चंद्रमणि पांडे इत्यादि लोग शामिल होकर मेडिकल कॉलेज से लिलवाकराम बस्ती तक साफ सफाई किया।

# पर्यावरण धर्म है कटते वनों को बचाना : कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहर के बाईपास रोड स्थित केपीजे कॉम्प्लेक्स के पीछे पर्यावरण भवन परिसर में अपने जन्मदिन पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने परिजनों के साथ पौधरोपण करते हुए जन्मदिन मनाया। इसके पहले उन्होंने अपने जन्मदिन पर रांची के धुर्वा स्थित जेएन कॉलेज परिसर में भी पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया था। पर्यावरणविद ने अपने जन्मदिन पर जेएन कॉलेज एवं आवासीय परिसर में हाईग्रीन छायादार 70 पौधे और अपने बेडरूम में सिंगापुर के फिडल लिफ का पौधा लगाकर लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ 8 मूल मंत्र की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वे पृथ्वी , प्रकृति व मानव जीवन को बचाने के उद्देश्य से ही इस धर्म को अभियान के रूप में चलाकर नेपाल, भूटान , सिंगापुर, मलेशिया समेत देश के 22 राज्यों के 128 जिलों में अपनी निजी खर्चो पर लोगों को पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाते हुए अबतक आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाते आ रहे हैं.पर्यावरणविद ने बताया कि उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए उनकी पोतियां आराध्या,अशिविका, आद्रिका व अनुष्का ने स्वयं पेपर कटिंग कर कई डिजाइन बनाकर बेडरूम को आकर्षक ढंग से सजाकर केक काटकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने बताया कि उनकी सभी पोतियों ने पेंटिंग के माध्यम से उनके जीवनी से जुड़ी कई यादगार क्षण को उकेर कर जन्मदिन को और प्रभावी व यादगार बना दिया. जन्मदिन के मौके पर संस्था के प्रधान सचिव व डाली बाजर पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो, अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल के अलावे सगे सम्बन्धी शामिल होकर उन्हें दीर्घायु होने की मंगल कामनाएं की। वहीं सिंगापुर , मलेशिया, नेपाल और भूटान समेत देश के कई राज्यों के शुभचिंतकों ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजी है।

## बिहार जातिगत जनगणना रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने पर भाजपा हमलावर

**नई दिल्ली :** बिहार में जातिगत जनगणना रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय का दावा कर रहे हैं जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रिपोर्ट कार्ड में खामियां बताकर हमलावर हो गई है। भाजपा नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान सामाजिक न्याय की दिशा में कितना कार्य हुआ और दोनों के सुशासन का ब्यौरा मांग रही है। वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मीडिया में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बिहार की गरीब जनता में भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नहीं है। नीतीश कुमार के 15 साल और लालू यादव के 18 साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड देना चाहिए था कि उन्होंने अपने कार्यकाल में गरीबों का कितना उद्धार किया, कितने लोगों को नौकरी दी।

# डीसी मेघा भारद्वाज सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता व शास्त्री जी को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जयंती के अवसर पर कोडरमा बाजार गाँधी चौक स्थित महात्मा गाँधी के प्रतिमा पर उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, नजारत उप समाहर्ता सना उस्मानी, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, प्रणन सचिव अभिषेक आनंद द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

इसके साथ ही समाहरणालय परिसर में लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर भी उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।इधर सदर अस्पताल कोडरमा के सिविल सर्जन सभागार में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर गांधी जी की चित्र पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार,जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमण कुमार द्वारा माल्यार्पण किया गया।

साथ ही अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार, उपाधीक्षक डा मनोज कुमार,जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेश कुमार, डा कुलदीप कुमार, डा रविकांत कुमार ,रूपेश कुमार,सुमित कुमार ने भी पुष्प अर्पित किया।सभा को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने गांधी जी द्वारा किए गए समाज कल्याण के कार्यों की चर्चा की साथ ही जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डा रमण कुमार ने कहा की 2 अक्टूबर को गांधी जी के जन्म दिवस को कुष्ठ निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी ने कुष्ठ मरीजों के लिए व्यापक रूप से कार्य किए थे ताकी समाज में कुष्ठ से प्रभावित व्यक्तियों से कोई भेदभाव नहीं हो। डा रमण द्वारा कुष्ठ व्यक्तियों से भेदभाव नहीं करने की शपथ दिलायी गई। इस मौके पर अस्पताल के कर्मी भी मौजूद थे।